VPL
वर्ष 10 अंक 218
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, शनिवार
17 मई 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 उच्चतम न्यायालय ने अदालत प्रबंधकों के संबंध में नियम बनाने का दिया ...
06 बुद्ध के परिव्राजक बनने का सत्य! : सुरेश गर्ग
11 मैं रोहित को सिडनी टेस्ट से बाहर नहीं रहने देता : रवि शास्त्री










# हमारी कार्रवाई तो बस एक 'ट्रेलर' थी, जरूरत पड़ने पर पूरी 'पिक्चर' दिखाएंगे: राजनाथ ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कहा



**भुज** (गुजरात), (भाषा) भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से पाकिस्तान को दी जाने वाली एक अरब डॉलर की सहायता पर शुक्रवार को पुनर्विचार करने का आग्रह किया और कहा कि इस्लामाबाद इस सहायता का इस्तेमाल आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए कर सकता है।

गुजरात के भुज वायुसेना स्टेशन पर वायु योद्धाओं को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में 'ब्रह्मोस' सुपरसोनिक मिसाइल के इस्तेमाल की पुष्टि की और कहा कि इस हथियार ने पाकिस्तान को ''रात के अंधेरे में दिन का उजाला'' दिखा दिया है।

पाकिस्तान को स्पष्ट और कड़ा संदेश देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन अभी समाप्त नहीं हुआ है, क्योंकि मौजूदा 'संघर्षविराम' का मतलब है कि भारत ने पाकिस्तान को उसके बर्ताव के आधार पर ''परिवीक्षा'' पर रखा है। उन्होंने कहा, ''यदि उसका बर्ताव सुधरता है, तब तो ठीक और यदि कोई गड़बड़ी करता है, तो उसे कड़ा दंड दिया जाएगा।'' सिंह ने कहा, ''हमारी कार्रवाई तो बस एक ट्रेलर थी, अगर जरूरत पड़ी तो हम पूरी पिक्चर भी दिखाएंगे। आतंकवाद पर हमला करना और उसे खत्म करना नये भारत का 'न्यू नॉर्मल' है।''

'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने सात मई की सुबह पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ढांचे नष्ट कर दिए थे।

इसके बाद पाकिस्तान की ओर से भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का प्रयास किया गया जिसके बाद भारत की तरफ से की गयी जवाबी कार्रवाई में उसके कई सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचा। चार दिन तक चले टकराव के बाद 10 मई को दोनों पक्षों के बीच संघर्ष रोकने पर सहमति बनी थी।

अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि पाकिस्तान पिछले सप्ताह भारत द्वारा नष्ट किए गए आतंकी ढांचे को फिर से खड़ा करने की कोशिश में लग गया है और इस्लामाबाद ''पाकिस्तान के आम नागरिकों से एकत्र की गई राशि को आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आका और संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी मसूद अजहर को लगभग 14 करोड़ रुपये देने में खर्च करेगा।''

वायु सेना का यह अड्डा उन सैन्य बुनियादी ढांचे में से एक है जिसे पाकिस्तान ने चार दिन तक जारी सैन्य संघर्ष के दौरान निशाना बनाया था। सिंह ने कहा कि भारत नहीं चाहता कि वह जो धन आईएमएफ को देता है उसका इस्तेमाल प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान या किसी अन्य देश में आतंकवादी बुनियादी ढांचा तैयार करने में किया जाए। उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि आज के समय में पाकिस्तान को किसी भी तरह की वित्तीय सहायता आतंकवाद के वित्तपोषण से कम नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''भारत चाहता है कि आईएमएफ पाकिस्तान को दी गई एक अरब डॉलर की सहायता पर पुनर्विचार करे और भविष्य में किसी भी प्रकार की सहायता देने से परहेज करे।'' सिंह ने कहा, ''पाकिस्तान सरकार ने मुरीदके और बहावलपुर में स्थित लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की है।''

पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को मात्र 23 मिनट में नष्ट करने वाले वायु सैनिकों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, ''जब दुश्मन के इलाके में मिसाइल गिराई गईं, तो दुनिया ने भारत की वीरता और पराक्रम की गूंज सुनी।''

सिंह ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत के सशस्त्र बल न केवल दुश्मन पर हावी रहे बल्कि उन्हें नेस्तनाबूद करने में भी सफलता पाई। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के लड़ाकू विमान सीमा पार किए बिना पाकिस्तान के हर कोने पर हमला करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, ''दुनिया ने देखा है कि कैसे भारतीय वायुसेना ने आतंकी शिविरों और बाद में पाकिस्तान के एयरबेस को नष्ट कर दिया। भारतीय वायुसेना ने यह साबित कर दिया है कि भारत की युद्ध नीति और तकनीक बदल गई है।'' उन्होंने कहा, ''उन्होंने 'न्यू इंडिया' का संदेश दिया कि हम सिर्फ विदेशों से आयातित हथियारों और प्लेटफार्म पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि भारत में निर्मित उपकरण हमारी सैन्य शक्ति का हिस्सा बन गए हैं। भारत में निर्मित हथियार अभेद्य भी हैं।''

सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने स्वयं 'ब्रह्मोस' मिसाइल की ताकत को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि भारत में निर्मित इस मिसाइल ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखा दिया। उन्होंने कहा कि आकाश मिसाइल प्रणाली समेत भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने इसमें जबरदस्त भूमिका निभाई है।

बृहस्पतिवार को श्रीनगर में भारतीय सेना के बहादुर जवानों और शुक्रवार को भुज में वायु सैनिकों के साथ अपनी बातचीत के दौरान सिंह ने कहा कि वह पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा, ''मैंने दोनों मोर्चों पर सैनिकों में जबरदस्त उत्साह और देशभक्ति देखी है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारे बलों ने जो किया, उससे पूरा देश गौरवान्वित है।''

# 'ऑपरेशन सिंदूर' प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प, सशस्त्र बलों की अचूक मारक क्षमता का प्रतिबिंब : शाह



**नयी दिल्ली,** (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प, विभिन्न एजेंसियों द्वारा सटीक खुफिया जानकारी जुटाने और भारतीय सशस्त्र बलों की अचूक मारक क्षमता का प्रतिबिंब है।

शाह ने विभिन्न एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने के उद्देश्य से दिल्ली में एक नये केंद्र का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। खुफिया ब्यूरो के तहत इस बहु एजेंसी केंद्र की स्थापना की गई, जिसका उद्देश्य कानून प्रवर्तन में शामिल विभिन्न हितधारकों के बीच समय पर जानकारी साझा करना है।

शाह ने कहा कि भारत को अपनी तीनों सेनाओं - भारतीय थल सेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना - सीमा सुरक्षा बल और सभी सुरक्षा एजेंसियों पर गर्व है। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेंगट्टालु पहाड़ी क्षेत्र में हाल ही में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों द्वारा बड़े पैमाने पर चलाए गए नक्सल-रोधी अभियान का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि नक्सली ठिकानों पर चलाए गए अभियान ने विभिन्न सुरक्षा बलों के बीच उत्कृष्ट समन्वय को प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का समन्वय 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भी देखने को मिला, जो दर्शाता है कि अभियान को अंजाम देने में खुफिया एजेंसियों और तीनों सशस्त्र बलों में बेहतर तालमेल है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में सात मई को तड़के पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए। भारत और पाकिस्तान ने 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई। हालांकि, भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसने केवल अपने अभियान को रोका है और उसकी भविष्य की कार्रवाई पाकिस्तान के आचरण पर निर्भर करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की नई नीति और न्याय के लिए देश की अटूट प्रतिज्ञा है। शाह ने कहा कि नया 'मल्टी एजेंसी सेंटर' (एमएसी) सभी एजेंसियों के प्रयासों में तालमेल बिठाएगा और मौजूदा राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए एक निर्बाध तथा एकीकृत मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि नया नेटवर्क आतंकवाद, उग्रवाद, संगठित अपराध तथा साइबर हमलों जैसे गंभीर खतरों से निपटने के लिए देश के प्रयासों को मजबूत करेगा।

# पंजाब में आईएसआई संचालित तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, 85 किलोग्राम हेरोइन बरामद



**चंडीगढ़,** (भाषा) पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उसने पाकिस्तान स्थित और आईएसआई नियंत्रित नार्को-तस्करी 'मॉड्यूल' का भंडाफोड़ किया है और भारत में इससे संबंधित गतिविधियां चलाने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर 85 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गयी है।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने इसे ''वर्ष 2025 की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती'' करार दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय तस्कर की पहचान अमृतसर के भिट्टेवाड़ गांव निवासी अमरजोत सिंह उर्फ जोता संधू के रूप में हुई है।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट के माध्यम से बताया, ''तरनतारन पुलिस ने आईएसआई नियंत्रित व पाकिस्तान आधारित मादक पदार्थ तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है, जिसे ब्रिटेन में रहने वाले तस्कर लल्ली द्वारा संचालित किया जा रहा था। उसके भारत स्थित सहयोगी अमरजोत सिंह उर्फ जोता संधू को गिरफ्तार किया गया है, जो अमृतसर ग्रामीण के भिट्टेवाड़ गांव का निवासी है। उसके पास से 85 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। यह 2025 की सबसे बड़ी बरामदगी है।''

इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) पाकिस्तान की सैन्य खुफिया एजेंसी है।

उन्होंने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है।

डीजीपी यादव ने कहा, ''हम विभिन्न सुरागों पर सक्रियता से काम कर रहे हैं तथा आने वाले दिनों में और लोगों के गिरफ्तार होने तथा बरामदगी की उम्मीद है।''

उन्होंने यह भी दोहराया कि पंजाब पुलिस नशे के खिलाफ अपनी लड़ाई में पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस तरह की बड़ी बरामदगी राज्य को नशा मुक्त बनाने के हमारे संकल्प को मजबूत करती है।

इस बीच, यादव ने एक बयान जारी कर कहा कि अमरजोत सिंह अपने घर का इस्तेमाल नेटवर्क के लिए प्रमुख ठिकाने के रूप में कर रहा था और वह ब्रिटेन स्थित अपने आका लल्ली के इशारे पर काम कर रहा था और सीमा पार के तस्करों से मादक पदार्थों की खेप प्राप्त कर रहा था। उन्होंने कहा कि तस्करी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा था।

उन्होंने कहा कि जांच में यह भी पता चला है कि अमरजोत सिंह ने विभिन्न सीमा चौकियों से हेरोइन की खेप एकत्र की और उन्हें पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय तस्करों के बीच वितरित किया।

तरनतारन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अभिमन्यु राणा ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने अभियान चलाया और तरनतारन के चभल रोड से अमरजोत सिंह को गिरफ्तार किया तथा उसके स्कूटर से पांच किलोग्राम हेरोइन बरामद की।

एसएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि उसने रख सराय अमानत खां में तथा अपने घर में एक वाशिंग मशीन में 40-40 किलोग्राम हेरोइन की दो खेप छिपा रखी है । उन्होंने बताया कि दोनों स्थानों पर टीमें भेजी गईं और उन्होंने प्रतिबंधित पदार्थ जब्त कर लिया, जिससे कुल बरामदगी 85 किलोग्राम हो गई।

इस संबंध में तरनतारन शहर पुलिस स्टेशन में कानून के विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# पीओके वापस लेने के लिए पहले से सब तय करना होगा: पूर्व डीजीएमओ अनिल भट्ट

नयी दिल्ली, (भाषा) डोकलाम संकट के समय सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) का दायित्व संभाल चुके एक पूर्व सैन्य अधिकारी ने कहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के कारण आधुनिक युद्ध कौशल में ड्रोन का महत्व स्पष्ट रूप से सामने आया है जो अंतरिक्ष और साइबरस्पेस के साथ मिलकर भविष्य के सैन्य संघर्षों में नए प्रतिमान जोड़ेगा।

सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल अनिल कुमार भट्ट ने बृहस्पतिवार को 'पीटीआई वीडियो' को दिए साक्षात्कार के दौरान सोशल मीडिया पर उन कई युद्ध समर्थकों के सुझावों पर नाराजगी भी व्यक्त की, जो चार दिन में संघर्ष समाप्त होने से नाखुश थे और कह रहे थे कि यह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस पाने का एक अवसर था। उन्होंने कहा कि युद्ध अंतिम विकल्प होना चाहिए और युद्ध नहीं छेड़ा जाना चाहिए क्योंकि भारत ने अपने रणनीतिक लक्ष्यों को हासिल कर लिया है।

जून 2020 में सेवानिवृत्ति के बाद देश में निजी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विकास के संबंध में मार्गदर्शन कर रहे भट्ट ने कहा, ''युद्ध अथवा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लिया जाने (का काम), सब पहले से तय करना होगा। इस बार ऐसी योजना नहीं बनाई गई थी। हां, अगर मामला उस स्तर तक पहुंचता तो भारतीय सेना उसके लिए तैयार थी।''

डीजीएमओ के रूप में भट्ट सैन्य पदानुक्रम में सबसे वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों में से एक थे, जिनका काम यह सुनिश्चित करना था कि सशस्त्र बल हर समय अभियान के लिए तैयार रहें। डीजीएमओ सेना प्रमुख को सीधे रिपोर्ट करते हैं और तात्कालिक व दीर्घकालिक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीति बनाने में शामिल होते हैं, साथ ही वायुसेना और नौसेना के साथ-साथ नागरिक व अर्धसैनिक सुरक्षा बलों के साथ समन्वय भी करते हैं। संकट और तनाव बढ़ने के समय में, दूसरे देश के डीजीएमओ से संवाद करने की जिम्मेदारी डीजीएमओ की होती है।

वर्तमान में डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई हैं।

भट्ट 2017 में डीजीएमओ थे, जब भारत का वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के सिक्किम सेक्टर के पास डोकलाम में चीन के साथ 73 दिन तक सैन्य गतिरोध चला था।

सेना में 38 साल तक सेवाएं देने वाले भट्ट ने कहा, ''इसलिए मैं अपने सभी देशवासियों से यही कहूंगा कि युद्ध एक गंभीर मामला है। बहुत-बहुत गंभीर मामला। और कोई राष्ट्र तब युद्ध के लिए तैयार होता है, जब सभी संभावित विकल्प खत्म हो जाते हैं। हमारे पास (वर्तमान संकट के दौरान) युद्ध से पहले इस्तेमाल किए जाने वाले कई विकल्प थे और हमने समझदारी दिखाई।'' भट्ट ने कहा कि थलसेना, वायुसेना और नौसेना के बीच समन्वय बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि आजकल युद्ध केवल एक क्षेत्र में नहीं बल्कि कई मोर्चों पर लड़े जा रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि हालिया संघर्ष में



ड्रोन कितने महत्वपूर्ण थे, तो उन्होंने कहा कि ड्रोन ने युद्ध में पूरी तरह से एक नया प्रतिमान स्थापित किया है और दुनियाभर की सेनाओं ने इस पर तब ध्यान केंद्रित करना शुरू किया जब ड्रोनों ने अच्छी तरह से सशस्त्र आर्मीनिया के खिलाफ लगभग हारी हुई लड़ाई जीतने में आजरबैजान की भरपूर मदद की।

ये ड्रोन तुर्की में बने थे। तुर्की ने पाकिस्तान को भी ड्रोन की आपूर्ति की थी। पाकिस्तान ने संघर्ष के दौरान निगरानी और कभी-कभी घातक हमलों के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र में एक साथ कई ड्रोन भेजे। भट्ट ने इस बात से सहमति जताई कि दो लाख रुपये की लागत वाले अपेक्षाकृत सस्ते ड्रोन 2017 से 2020 के बीच आजरबैजान और आर्मेनिया के बीच हुए दो युद्ध में 20-30 करोड़ रुपये के बख्तरबंद टैंकों को नष्ट करने में सक्षम थे। इससे यह स्पष्ट हो गया कि भविष्य के युद्ध में ड्रोन बहुत काम की चीज है।

भट्ट ने कहा कि इसके अलावा दो और नए तत्व भी हैं।

उन्होंने कहा, ''पहले हम कहते थे कि युद्ध जमीनी, समुद्री और हवाई क्षेत्र में लड़े जाते हैं। लेकिन अब दो नए क्षेत्र अंतरिक्ष और साइबर स्पेस उभर रहे हैं, जो बहुत ही प्रभावी और महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं।'' भट्ट फिलहाल अंतरिक्ष क्षेत्र के उद्योग निकाय भारतीय अंतरिक्ष संघ के महानिदेशक हैं।

भट्ट ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र भविष्य के युद्ध के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि उपग्रह मिसाइलों और विमानों को उनके निर्धारित लक्ष्यों तक पहुंचाने के अलावा खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी और टोह लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा, ''लेकिन भविष्य में प्रत्येक देश को अंतरिक्ष में अपनी परिसंपत्तियों की सुरक्षा करनी होगी तथा यह भी जानना होगा कि अंतरिक्ष में शत्रुओं की परिसंपत्तियां क्या हैं।'' भट्ट ने कहा कि कई देशों ने उपग्रह रोधी हथियारों का प्रदर्शन किया है और वे आत्मघाती उपग्रह भी विकसित कर रहे हैं जो दुश्मन के उपग्रह के पास जाकर उसे नष्ट कर देंगे। भट्ट ने कहा, ''वे कामिकेज उपग्रहों की बात कर रहे हैं... चीन ऐसी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहा है।''

उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में यात्री भेजने वाले देश पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे उपग्रहों की मरम्मत करने तथा उनमें ईंधन भरने की क्षमता भी विकसित कर रहे हैं।

भट्ट ने कहा, ''वास्तव में उपग्रह इसलिए नष्ट नहीं होता क्योंकि उसके घटक खत्म हो जाते हैं। वह मुख्य रूप से इसलिए नष्ट होता है क्योंकि उसका ऊर्जा स्रोत नष्ट हो जाता है। इसलिए, अब उपग्रह में पुनः ईंधन भरने की तकनीकें खोजी जा रही हैं।''

उन्होंने कहा कि भारत के पास निगरानी के लिए नौ या दस सैन्य उपग्रह हैं तथा अंतरिक्ष आधारित निगरानी के लिए 52 उपग्रहों का समूह स्थापित करने की योजना है।

भट्ट ने कहा, ''ये 52 उपग्रह निश्चित रूप से हमारी क्षमता में वृद्धि करेंगे। आज, हमारी इस कमी को मैक्सार, प्लैनेटएम जैसी कंपनियों ने पूरा कर दिया है। लेकिन हम निश्चित रूप से अपने स्वयं के उपग्रह चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले को रणनीतिक हलकों में देश में प्रासंगिक बने रहने के लिए पाकिस्तानी सेना के प्रयास के तौर पर देखा गया। उन्होंने कहा कि इससे पहले पाकिस्तानी सेना को देश में कई झटके झेलने पड़े थे, जिनमें 2023 में पाकिस्तानी कोर कमांडर के आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों का हमला भी शामिल है।

# जस्टिस गंवई का भारत के मुख्य न्यायाधीश बनना समावेशिता की दिशा में भारतीय न्याय प्रणाली की ऐतिहासिक विजयःप्रो.गौरी शंकर

## वंचित समाज से सीजेआई की कुर्सी तक पहुंचना जस्टिस गंवई की संवैधानिक जीत

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार)।विगत 14 मई दिन बुधवार को भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रपति भवन में जस्टिस भूषण रामकृष्ण गंवई को देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।जस्टिस गंवई भारत के दूसरे दलित एवं प्रथम बौद्ध सीजेआई हैं।जस्टिस गंवई की नियुक्ति पर अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ जमुई ने खुशी व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।वही एससी/एसटी कर्मचारी संघ के जिला सचिव एवं वरिष्ठ शिक्षक नंदकिशोर पासवान ने जस्टिस गंवई को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वंचित समाज से सर्वोच्च न्याय की सीजेआई की कुर्सी तक पहुंचना जस्टिस गंवई की संवैधानिक विजय ही नहीं,बल्कि भारतीय संविधान की समानता,अवसर और न्याय की भावना की सजीव अभिव्यक्ति है।यह व्यक्तिगत उपलब्धि ही नहीं,अपितु उस सामाजिक परिवर्तन की जीत है,जिसकी नींव बाबा साहब डॉ.अंबेडकर ने रखी थी।उन्होंने कहा कि जस्टिस गंवई की मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति वंचित,उपेक्षित,दलित युवाओं और बौद्ध अनुयायियों के लिए एक प्रेरणा है कि संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग कर, परिश्रम के बल पर कोई भी सर्वोच्च पद प्राप्त कर सकता है।यह नियुक्ति लोकतंत्र और न्यायपालिका की समावेशी शक्ति को मजबूती से रेखांकित करती है।गवर्नमेंट महिला डिग्री कॉलेज जमुई के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.(प्रो.) गौरी शंकर पासवान ने नव नियुक्त माननीय जस्टिस गंवई को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि जस्टिस गंवई का मुख्य न्यायाधीश बनना समावेशिता की दिशा में भारत की न्याय प्रणाली की ऐतिहासिक विजय है,जो हर वर्ग के युवाओं को संविधान,न्याय और समानता में दृढ़ विश्वास रखने की प्रेरणा देगा।उन्होंने कहा कि जस्टिस गंवई की पहचान



नंदकिशोर पासवान,वरीय शिक्षक







प्रोफेसर गौरी शंकर

एक अनुसूचित जाति में आविर्भाव लेने वाले व्यक्ति की रही है,जिन्होंने अपने संघर्ष और प्रतिभा के बल पर सर्वोच्च पद तक का सफर तय किया है।बौद्ध धर्म को मानने वाले जस्टिस गंवई का सीजेआई का पदभार ग्रहण करना देश के वंचित समुदाय बौद्ध धर्म के लोगों के लिए गौरव की बात है।जस्टिस गंवई का सीजेआई बनना यह दर्शाता है कि सामाजिक न्याय की अवधारणा अब केवल नारा नहीं, बल्कि नीति बन चुकी है।जस्टिस गंवई का सीजेआई बनना आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणाप्रद है।राजनीति विज्ञान के लिए एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.देवेंद्र कुमार गोयल ने कहा कि जस्टिस भूषण रामकृष्ण गंवई का भारत का 52 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेना संवैधानिक मर्यादाओं की जीत और सामाजिक समरसता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।यह नियुक्ति सिद्ध करती है कि संविधान द्वारा प्रदत समान अवसर का सपना साकार हो रहा है।एससी के एक सामान्य परिवार से निकलकर सर्वोच्च न्यायिक पद तक पहुंचे, यह देश के लोगों के लिए गर्व का अवसर है।जस्टिस गंवई की सीजेआई पद पर नियुक्ति यह दर्शाता है कि शिक्षा परिश्रम और संविधान में आस्था से कोई भी शिखर को छू सकता है।यह उदाहरण केवल दलित समाज के लिए ही नहीं,संपूर्ण युवा वर्ग को संदेश देता है कि सामाजिक न्याय का मार्ग कठिन अवश्य है किंतु असंभव नहीं है।स्थानीय व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता राम चंद्र रविदास ने कहा कि जस्टिस गंवई जैसे विद्वान,कानूनविद और संवेदनशील न्यायाधीश का सर्वोच्च पद पर पहुंचना न्यायपालिका में सामाजिक न्याय की स्थापना का ठोस संकेत है।यह नियुक्ति न्याय,संघर्ष और समानता का जीवंत प्रमाण है।यह नियुक्ति समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी भरोसा देता है कि न्याय अब उसके दरवाजे तक पहुंचने वाला है।संघ के उपाध्यक्ष फागू दास ने कहा कि जस्टिस गंवई की सीजेआई की सर्वोच्च पद पर आसीन होना सामाजिक प्रतिनिधित्व और लोकतांत्रिक संस्थाओं की परिपक्वता की परिचायक है।मौके पर उपस्थित गणमान्य महानुभाव प्रो. सरदार राम नागेश्वर तुरी,नितेश्वर आजाद,सुधीर कुमार पासवान,सुधीर कुमार,बृजनंदन मोहन कुमार आदि कई प्रबुद्ध लोगों ने कहा कि जस्टिस गंवई सामाजिक न्याय के प्रधान संवैधानिक प्रहरी हैं।अब सभी को इनसे त्वरित न्याय की उम्मीदें लगी है।

# आंध्र : 'ऑपरेशन सिंदूर' के जश्न में मुख्यमंत्री नायडू के नेतृत्व में निकाली गयी तिरंगा रैली



विजयवाड़ा (भाषा) 'ऑपरेशन सिंदूर' का जश्न मनाने के लिए शुक्रवार शाम यहां तिरंगा रैली निकाली गयी। इस रैली में पांच हजार से अधिक लोग शामिल हुए।रैली का नेतृत्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने किया, उनके साथ उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और अन्य नेता भी मौजूद थे।

तिरंगा रैली शाम करीब छह बजे इंदिरा गांधी नगर निगम (आईजीएमसी) स्टेडियम से शुरू हुई और बेंज सर्किल तक गई। रैली के दौरान देशभक्ति के जोशीले नारे गूंज रहे थे, जब सैकड़ों छात्र और नागरिक 500 मीटर लंबा राष्ट्रीय ध्वज लेकर चल रहे थे।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के एक नेता ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''तिरंगा रैलियां हमारी एकता और सैनिकों के प्रति नागरिकों की कृतज्ञता को दर्शाती हैं।''

विजयवाड़ा की प्रमुख सड़कों पर देशभक्ति का माहौल बनाते हुए प्रतिभागियों ने झंडे लहराए। चंद्रबाबू नायडू, पवन कल्याण और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी अन्य नेताओं के साथ आईजीएमसी स्टेडियम से बेंज सर्किल तक रैली में शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार सरकार ने गया शहर का नाम बदलकर 'गयाजी' किया

पटना (भाषा) बिहार सरकार ने शुक्रवार को गया शहर का नाम बदलकर 'गयाजी' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव (कैबिनेट सचिवालय) एस. सिद्धार्थ ने बताया कि यह निर्णय शहर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के कारण लिया गया है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने बिहार राज्य जीविका कोष ऋण सहकारी समिति लिमिटेड के गठन को भी मंजूरी दे दी है, जिससे 'जीविका बैंक' की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा, जहां से 'जीविका दीदियां' ऋण ले सकेंगी। कैबिनेट ने कैंसर की रोकथाम और उपचार के लिए बिहार कैंसर केयर एंड रिसर्च सोसाइटी की स्थापना के स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की जयंती पांच जनवरी पर हर साल राजकीय समारोह आयोजित करने का भी निर्णय लिया है।

### सिविल सेवकों के चयन में विविधतापूर्ण, समावेशी प्रवृत्ति : केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह



मसूरी (उत्तराखंड) (भाषा) केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कहा कि यूपीएससी द्वारा सिविल सेवकों के चयन में विविधतापूर्ण और समावेशी प्रवृत्ति देखी जा रही है, जिसमें दूरदराज, ग्रामीण पृष्ठभूमि और सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी शीर्ष रैंक हासिल कर रहे हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सिंह ने कहा कि पारंपरिक रूप से कम प्रतिनिधित्व वाले हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों के अभ्यर्थी अब शीर्ष रैंक पर पहुंच रहे हैं। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में सिविल सेवकों और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कार्मिक राज्य मंत्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में शासन की "परिवर्तनकारी यात्रा" पर प्रकाश डाला। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि हाल में लिखे गए अपने लेख "भारत में सिविल सेवाओं का बदलता स्वरूप" का हवाला देते हुए सिंह ने यूपीएससी चयन में एक विविध, समावेशी प्रवृत्ति का जिक्र किया, जिसमें दूरदराज, ग्रामीण पृष्ठभूमि और सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी शीर्ष रैंक हासिल कर रहे हैं।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसका श्रेय प्रौद्योगिकी को जाता है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा और भारतीय पुलिस सेवा आदि के अधिकारियों के चयन के लिए हर वर्ष सिविल सेवा परीक्षा आयोजित की जाती है।

# कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ बोलने वाले भाजपा मंत्री विजय शाह को जेल भेजने की मांग, लालगंज में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

## मंत्री की यह टिप्पणी महिला सम्मान के खिलाफ, संवेदनशील राज्य की गरिमा पहुंचाई ठेस, कार्यवाही न हुई तो तेज होगा आंदोलन : सरिता गुप्ता

**नेशनल एक्सप्रेस**

लालगंज/रायबरेलीः रायबरेली के लालगंज तहसील परिसर में आज भारतीय सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर भाजपा मंत्री विजय शाह की विवादित टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देकर मंत्री की टिप्पणी की तीखी निंदा की और उप-जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मध्य प्रदेश के भाजपा मंत्री सोफिया कुरेशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।सरेनी विधानसभा प्रभारी संतोष त्रिवेदी और लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में एकत्र कार्यकर्ताओं ने लालगंज के उपजिला अधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। इसमें भाजपा नेता के खिलाफ कड़ी कार्रवाही की मांग की गई है।

नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने कहा कि कि मंत्री की यह टिप्पणी न सिर्फ महिला सम्मान के खिलाफ है, बल्कि उत्तर प्रदेश जैसे संवेदनशील राज्य की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती है। कांग्रेस ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है और मंत्री विजय शाह के खिलाफ सख्त





कार्रवाई की अपील की है।सरिता गुप्ता ने चेतावनी दी कि अगर विजय शाह को बर्खास्त नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज होगा।

उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया ने देश की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगाई है। उन्होंने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। कांग्रेस के प्रांतीय नेता दीपेन्द्र गुप्ता ने कहा, सेना की महिला अधिकारी के बारे में इस तरह की अभद्र टिप्पणी भाजपा की मानसिकता को दर्शाती है। यह देश की बेटियों का अपमान है और कांग्रेस इसे कभी सहन नहीं करेगी।

उन्होंने बताया कि उक्त टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और मीडिया में भी

- सेना की महिला अधिकारी के बारे में इस तरह की अभद्र टिप्पणी भाजपा की मानसिकता को दर्शाती है : दीपेन्द्र गुप्ता

यह मामला प्रमुखता से उठाया जा रहा है। सभासद व कांग्रेस नेता अतुल शर्मा ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी जैसी जांबाज अधिकारी पर की गई टिप्पणी उत्तर प्रदेश के लिए शर्मनाक है।

इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष सरिता गुप्ता, सरेनी विधानसभा प्रभारी संतोष त्रिवेदी, संतोष सिंह, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कामता प्रसाद, सभासद अतुल शर्मा और दीपेंद्र गुप्ता समेत कई महिलाएं और विभिन्न संगठनों के लोग शामिल रहे।

# तृणमूल ने संगठन में किया बदलाव, दिग्गजों और नई पीढ़ी के नेताओं के बीच बनाया संतुलन

कोलकाता (भाषा) तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को अपने बहुप्रतीक्षित संगठनात्मक फेरबदल की घोषणा की, जिसमें 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले भरोसेमंद पुराने नेताओं और उभरती हुई अगली पीढ़ी के नेताओं के बीच संतुलन बनाने के एक सुनियोजित प्रयास में प्रदेश में जिला स्तर के नेतृत्व में फेरबदल किया गया। एक साल से अधिक समय से लंबित इस फेरबदल का उद्देश्य अधिक अनुशासन लागू करना, गुटबाजी पर अंकुश लगाना और अगले साल होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों की तैयारी करना है, क्योंकि तृणमूल की नजर लगातार चौथी बार सत्ता में आने पर है।

सबसे महत्वपूर्ण कदम बीरभूम में उठाया गया, जहां तृणमूल ने विवादास्पद नेता अनुब्रत मंडल को जिला अध्यक्ष



पद से हटा दिया, जिस पद पर वे वर्षों से निर्विरोध काबिज थे।

एक महत्वपूर्ण संरचनात्मक बदलाव के तहत पार्टी ने जिले में इस पद को पूरी तरह से समाप्त कर दिया तथा इसके स्थान पर संगठन की देखरेख के लिए पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी द्वारा चुनी गई नौ सदस्यीय कोर समिति को चुना।

मवेशी तस्करी के मामले में जमानत पर बाहर चल रहे मंडल को नई कोर कमेटी में शामिल किया गया है, लेकिन उनसे एकतरफा नियंत्रण छीन लिया गया है। पार्टी ने 35 संगठनात्मक जिलों में से 18 में बदलाव किए हैं और कुछ में जिला प्रभारी (चेयरपर्सन) और अध्यक्ष के पदों की घोषणा अभी बाकी है।

तृणमूल के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, "यह फेरबदल जितना नियंत्रण स्थापित करने के लिए है, उतना ही पार्टी को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए भी है। हम एक निर्णायक चुनाव की ओर बढ़ रहे हैं और नेतृत्व निष्ठा, अनुशासन और प्रदर्शन का मिश्रण चाहता है।"

अनेक वरिष्ठ नेताओं को हालांकि औपचारिक या परामर्शक भूमिकाओं में ही रखा गया है, लेकिन युवा, जमीनी स्तर से जुड़े नेताओं की बढ़ती उपस्थिति स्पष्ट है।

# कर्नाटकः लक्षद्वीप जा रहा माल वाहक जहाज समुद्र में डूबा, चालक दल के छह सदस्य बचाये गये

मंगलुरु (भाषा) कर्नाटक के मंगलुरु से लक्षद्वीप जा रहा मालवाहक जहाज 'एमएसवी सलामत' बुधवार तड़के यहां से लगभग 70 समुद्री मील दूर तेज लहरों में डूब गया हालांकि जहाज के चालक दल के सभी छह सदस्यों को भारतीय तटरक्षक बल ने सफलतापूर्वक बचा लिया। एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी।

विज्ञप्ति के मुताबिक, बुधवार दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर तटरक्षक बल को एक गुजरते हुए जहाज 'एमटी एपिक सुसुई' से एक संकटकालीन अलर्ट मिला, जिसमें सूरतकल तट से लगभग 52 समुद्री मील दूर एक छोटी नाव में छह लोगों के फंसे होने की सूचना दी गई थी।

विज्ञप्ति में बताया गया कि क्षेत्र में नियमित गश्त पर तैनात तटरक्षक जहाज विक्रम को राहत एवं बचाव कार्य के लिए तुरंत घटनास्थल की ओर भेज दिया गया। विज्ञप्ति के मुताबिक, तटरक्षक दल ने मौके पर पहुंच कर तेजी से कार्रवाई कर चालक दल के सभी छह लोगों को छोटी नाव से सुरक्षित निकाल लिया।

विज्ञप्ति में बताया कि 'एमएसवी सलामत' 12 मई को मंगलुरु बंदरगाह से लक्षद्वीप के कदमत द्वीप के लिए रवाना हुआ था लेकिन 14 मई को सुबह साढ़े पांच बजे उसमें पानी भरना शुरू हो गया और अंततः वह डूब गया। तटरक्षक बल ने बताया कि डूबे जहाज के चालक दल के बचाये गये सदस्यों की पहचान इस्माइल शरीफ, अलेमुन अहमद भाई घावड़ा, काकल सुलेमान इस्माइल, अकबर अब्दुल सुरानी, कसम इस्माइल मेपानी और अज़मल के रूप में हुई है।

### वायुसेना अधिकारी की जाति पर टिप्पणी

# विहिप ने रामगोपाल यादव के खिलाफ शिकायत की

मुरादाबाद (उप्र) (भाषा) भारतीय वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह की जाति को लेकर की गई समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव की टिप्पणी के विरोध में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने यादव के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, पुलिस ने अभी शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज नहीं की है।

व्योमिका हाल में आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' में शामिल थीं। यह सैन्य अभियान पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में चलाया गया था।

विहिप की केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य राजकमल गुप्ता ने मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाने में प्रोफेसर रामगोपाल के खिलाफ शिकायत दी है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि शिकायत तो मिल गई है, लेकिन अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। सिविल लाइंस के थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) संदीप मिश्रा ने 'पीटीआई-भाषा' को शुक्रवार शाम को बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने शिकायत का विवरण और तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा कीं और कहा कि इस ''राष्ट्रविरोधी और हिंदू विरोधी'' टिप्पणी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए।

बंसल ने अपने पोस्ट में कहा, ''विश्व हिंदू परिषद ने समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव के खिलाफ भारतीय सेना और हिंदू समाज को निशाना बनाने वाली उनकी विभाजनकारी एवं अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत में अनुसूचित जाति की अधिकारी को अपमानित करने सहित संबंधित कानूनों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।''

सिविल लाइंस पुलिस ने शुक्रवार शाम को 'पीटीआई-भाषा' से पुष्टि की कि एक शिकायत प्राप्त हुई है, लेकिन अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

विवाद यादव की उस टिप्पणी से उपजा है जो उन्होंने बृहस्पतिवार को मुरादाबाद में एक सार्वजनिक संबोधन के दौरान की थी। उन्होंने हाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता और मध्य प्रदेश के जनजातीय मामलों के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में की गई टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया के दौरान ये विवादास्पद बयान दिया था।

शाह ने कथित तौर पर अधिकारी की आस्था के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। शाह के बयान का हवाला देते हुए यादव ने 'एक्स' पर कहा, ''उत्तर भारत के कुछ राज्यों विशेषकर उत्तर प्रदेश में जहां धर्म, जाति और वर्ग देखकर लोगों पर फर्जी मामले दर्ज किए जा रहे हों, जाति-धर्म के आधार पर मुठभेड़ को अंजाम दिया जा रहा हो, गैंगस्टर अधिनियम लगा कर संपत्ति जब्त की जा रही हो, जाति धर्म और वर्ग देखकर महिलाओं पर अत्याचार किए जा रहे हों, कर्मचारियों और अधिकारियों की तैनाती की जाती हो। ऐसी विकृत मानसिकता के लोगों के बारे में कल मैंने एक कार्यक्रम में कहा था की कर्नल सोफिया का धर्म उनके नाम से पहचान लिया गया, इसलिए गाली दी गयी, विदेश सचिव मिसरी को गाली दी गयी।''

उन्होंने पोस्ट में कहा, ''अगर इन गालीबाजों को ये पता चल जाता की व्योमिका सिंह जाटव हैं और एयर मार्शल अवधेश भारती यादव हैं तो ये लोग इन अधिकारियों को भी गालियां देने से बाज नहीं आते।''

प्रोफेसर यादव ने कहा, ''मुझे आश्चर्य इस बात का है कि जिस मुख्यमंत्री की नाक के नीचे अल्पसंख्यकों, दलितों और पिछड़ों पर अकल्पनीय अत्याचार हो रहे हों, उन्होंने मेरा पूरा बयान बगैर सुने ही ट्वीट कर दिया। जिन मीडिया चैनलों ने इस्लामाबाद और रावलपिंडी पर कब्जा कर लिया था उनसे मुझे कोई शिकायत नहीं क्योंकि उन पर सत्तापक्ष के अलावा किसी को विश्वास नहीं।''

एक दिन पूर्व बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, ''सेना की वर्दी 'जातिवादी चश्मे' से नहीं देखी जाती है। भारतीय सेना का प्रत्येक सैनिक 'राष्ट्रधर्म' निभाता है, न कि किसी जाति या मजहब का प्रतिनिधि होता है।''

इसी पोस्ट में योगी ने लिखा था, ''समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव द्वारा एक वीरांगना बेटी को जाति की परिधि में बांधना न केवल उनकी पार्टी की संकुचित सोच का प्रदर्शन है, बल्कि सेना के शौर्य और देश की अस्मिता का भी घोर अपमान है।''

# उच्चतम न्यायालय ने अदालत प्रबंधकों के संबंध में नियम बनाने का दिया निर्देश



नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि वे अदालत प्रबंधकों की कार्यप्रणाली पर नियम बनाएं या उनमें संशोधन करें और तीन महीने के भीतर उसे मंजूरी के लिए संबंधित राज्यों को सौंपें।

न्यायालय प्रबंधकों की अवधारणा पहली बार 13वें वित्त आयोग (2010-2015) द्वारा न्यायाधीशों को उनके प्रशासनिक कर्तव्यों के निर्वहन में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रस्तावित की गई थी। अदालत प्रबंधकों की नियुक्ति जिला न्यायालयों और उच्च न्यायालयों दोनों में की जानी है। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालयों को असम नियम, 2018 से प्रेरणा लेते हुए नियम बनाने या संशोधित करने चाहिए।

पीठ ने इस मुद्दे पर अपने फैसले में कहा, ''हम निर्देश देते हैं कि उच्च न्यायालयों द्वारा बनाये गए नियमों या उनके संशोधनों की प्राप्ति के बाद, संबंधित राज्य सरकारें इसे अंतिम रूप देंगी और तीन महीने की अतिरिक्त अवधि के भीतर मंजूरी देंगी।'' शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालयों और राज्य सरकारों को अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप उपयुक्त संशोधन या परिवर्तन करने की छूट है। इसने स्पष्ट किया कि मूल वेतन, भत्ते और अन्य सेवा लाभों के उद्देश्य से अदालत प्रबंधकों का न्यूनतम पद द्वितीय श्रेणी के राजपत्रित अधिकारी का होना चाहिए।

पीठ ने कहा, ''हम निर्देश देते हैं कि देश के सभी उच्च न्यायालय, 2018 के असम नियम को आदर्श नियम मानकर अदालत प्रबंधकों की भर्ती और सेवा शर्तों के लिए नियम बनाएंगे या उनमें संशोधन करेंगे तथा इस फैसले की तारीख से तीन महीने की अवधि के भीतर इसे राज्य सरकार के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेंगे।'' शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालयों में नियुक्त अदालत प्रबंधकों को उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल या रजिस्ट्रार के निर्देशों और पर्यवेक्षण में काम करना चाहिए।

पीठ ने कहा कि जिला न्यायालयों में नियुक्त अदालत प्रबंधकों को संबंधित न्यायालयों के रजिस्ट्रार या अधीक्षकों की देखरेख में काम करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा, ''अदालत प्रबंधकों के कर्तव्यों, कार्यों और जिम्मेदारियों का निर्धारण करते समय, उच्च न्यायालयों की नियम समिति यह सुनिश्चित करेगी कि उनके कर्तव्य, कार्य और जिम्मेदारियां उच्च न्यायालय/जिला न्यायालयों के रजिस्ट्रारों के कर्तव्यों, कार्यों और जिम्मेदारियों को 'ओवरलैप' न करें।''

पीठ ने कहा कि अदालत प्रबंधक, जो पहले से ही संविदा आधार पर या तदर्थ आधार पर काम कर रहे हैं, उन्हें सेवाएं देना जारी रखना चाहिए तथा आवश्यक परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर उनकी सेवाएं नियमित की जानी चाहिए। पीठ ने निर्देश दिया कि अदालत प्रबंधकों के नियमितीकरण की प्रक्रिया संबंधित राज्यों द्वारा नियमों को मंजूरी दिए जाने की तिथि से तीन महीने के भीतर पूरी कर ली जाएगी।

न्यायालय ने कहा, ''हम स्पष्ट करते हैं कि उच्च न्यायालयों के संबंधित रजिस्ट्रार जनरल और राज्य सरकारों के मुख्य सचिव उपरोक्त समयसीमा का पालन करने के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।'' पीठ ने कहा कि यह भी निर्देश दिया गया है कि पहले से कार्यरत अदालत प्रबंधकों को राज्यों द्वारा नियमित किया जाना चाहिए क्योंकि न्यायालयों में उचित प्रशासनिक व्यवस्था के लिए उनकी सहायता आवश्यक पाई गई।

फरवरी 2022 की अपनी रिपोर्ट में, द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) ने अदालत प्रबंधकों की भूमिका सहित न्यायिक प्रशासन के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित किया।

रिपोर्ट में गैर-न्यायिक कार्यों को संभालने के लिए अदालत प्रबंधकों की नियुक्ति की सिफारिश की गई है, ताकि न्यायाधीश अपनी मुख्य न्यायिक जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

## आईआईएम-संबलपुर ने डेटा साइंस एवं एआई, प्रबंधन एवं सार्वजनिक नीति में शुरू किए स्नातक कार्यक्रम

नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), संबलपुर ने डेटा साइंस एवं कृत्रिम मेधा (एआई) तथा प्रबंधन एवं सार्वजनिक नीति में चार-वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। आईआईएम, संबलपुर इन दो पाठ्यक्रमों की पेशकश करने वाला पहला संस्थान बन गया है। संस्थान के निदेशक महादेव जायसवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''इन स्नातक पाठ्यक्रमों में एक लचीली संरचना होगी, जिसके तहत छात्र एक वर्ष के बाद प्रमाणपत्र, दो वर्ष के बाद डिप्लोमा, तीन वर्ष के बाद डिग्री और चार वर्ष सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद ऑनर्स डिग्री प्राप्त कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा, 'राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में, हम भविष्योन्मुखी, अंतःविषय शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो शैक्षणिक गहनता को सामाजिक प्रासंगिकता के साथ जोड़ती है। हमारा उद्देश्य ऐसे स्नातकों को तैयार करना है, जो न केवल करियर के लिए तैयार हों, बल्कि स्पष्टता, करुणा और साहस के साथ जटिल सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को प्रभावित करने में भी सक्षम हों।''

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने तुर्किये से सेब का आयात बंद करने के फैसले के लिए व्यापारियों की सराहना की



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारत में आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों का पूर्ण बहिष्कार करने का आह्वान किया, साथ ही उन्होंने तुर्किये से सेब का आयात बंद करने के लिए आजादपुर मंडी के व्यापारियों की सराहना की।

व्यापारियों की ओर से यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया है और ऑपरेशन सिंदूर के तहत पड़ोसी देश और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारत के हालिया हमलों की निंदा की है।

पाकिस्तान ने भारत के साथ हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष में बड़े पैमाने पर तुर्किये के ड्रोन का इस्तेमाल भी किया था।

आजादपुर मंडी के दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने तुर्किये के सेबों का बहिष्कार करने के लिए व्यापारियों को धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''अगर कोई देश भारत के खिलाफ है, तो देश के लोग उसका पूरी तरह बहिष्कार करेंगे। मैं उन व्यापारियों का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने तुर्किये के सेबों का आयात बंद किया। यह उनकी देशभक्ति है।''

रेखा गुप्ता ने कहा कि भारत एकजुट है और आतंकवाद को समर्थन देने वाले देशों के साथ न तो व्यापार होना चाहिए, न बातचीत और न ही कोई रिश्ता रखना चाहिए। गुप्ता ने कहा कि भारत एकजुट है और जो देश आतंकवाद के आका है उनके साथ न तो व्यापार, न बातचीत, और न ही कोई संबंध होना चाहिए।

जामिया मिलिया इस्लामिया ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए तुर्किये सरकार से संबद्ध संस्थानों के साथ सभी शैक्षणिक सहयोग निलंबित कर दिए हैं।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने भी तुर्किये की 'आईएनओएनयू यूनिवर्सिटी' के साथ अपने समझौता ज्ञापन को निलंबित कर दिया है। इस समझौते पर इस साल की शुरुआत में संकाय और छात्र विनिमय कार्यक्रमों के लिए हस्ताक्षर किए गए थे।

घटनाक्रम के बारे में गुप्ता ने कहा कि भारत में आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करने वाले देशों से पूरी तरह संबंध खत्म कर देने चाहिए।

# स्वदेशी जागरण मंच का तुर्किये के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, बहिष्कार का आह्वान किया




नयी दिल्ली, (भाषा) स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) ने शुक्रवार को पाकिस्तान को 'सैन्य समर्थन' देने वाले देश तुर्किये के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और भारतीय सैनिकों और राष्ट्रीय हित के प्रति एकजुटता दर्शाने के लिए तुर्किये के उत्पादों, वहां की यात्रा और उसके सांस्कृतिक आदान प्रदान का बहिष्कार करने का आह्वान किया।

यह विरोध प्रदर्शन दिल्ली में तुर्किये के दूतावास के पास आयोजित किया गया था। इसमें स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) के कार्यकर्ताओं ने तुर्किये के खिलाफ नारे लगाए और भारतीयों से 'तुर्किये की हर चीज का बहिष्कार करने' की अपील की।

संगठन के राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्विनी महाजन ने कहा, ''एसजेएम भारत के देशभक्त नागरिकों से हमारे सैनिकों और राष्ट्रीय हित के प्रति एकजुटता दर्शाने के लिए तुर्किये के उत्पादों, वहां की यात्रा और सांस्कृतिक आदान प्रदान का बहिष्कार करने का आग्रह करता है। आइए हम हमारे विरोधियों को सशक्त बनाने वाले देशों पर रणनीतिक निर्भरता के बजाय आत्मनिर्भरता चुनें।''

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए महाजन ने 'राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में' तुर्किये की सेलेबी की इकाई के रूप में कार्यरत 'ग्राउंड-हैंडलिंग' कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया की सुरक्षा मंजूरी को तत्काल प्रभाव से रद्द करने पर खुशी जताई।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध एसजेएम ने बुधवार को सरकार से पाकिस्तान के साथ 'नापाक गठबंधन' के कारण तुर्किये पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया था। एसजेएम ने सरकार से तुर्किये से नागरिक उड्डयन संपर्कों को निलंबित करने, उससे संबंधित पर्यटन को हतोत्साहित करने और उसके साथ राजनयिक संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करने का भी आग्रह किया था।

# न्यायमूर्ति त्रिवेदी का विदाई समारोह आयोजित न करने पर प्रधान न्यायाधीश गवई ने एससीबीए की आलोचना की




नयी दिल्ली, (भाषा) भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी.आर. गवई ने शुक्रवार को सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी के लिए सामान्य विदाई समारोह आयोजित नहीं करने के 'सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन' (एससीबीए) के फैसले की निंदा की।

प्रधान न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति त्रिवेदी और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की सदस्यता वाली औपचारिक पीठ की अध्यक्षता करते हुए कहा, ''मुझे खुले तौर पर इसकी निंदा करनी चाहिए, क्योंकि मैं स्पष्ट रूप से बोलने में विश्वास करता हूं...एसोसिएशन (एससीबीए) को ऐसा रुख नहीं अपनाना चाहिए था।'' प्रधान न्यायाधीश ने एससीबीए अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल तथा उपाध्यक्ष रचना श्रीवास्तव की कार्यवाही के दौरान उपस्थिति के लिए प्रशंसा की। बार निकाय ने शाम को न्यायमूर्ति त्रिवेदी के लिए सामान्य (विदाई) समारोह आयोजित नहीं किया था। उन्होंने कहा, ''मैं कपिल सिब्बल और रचना श्रीवास्तव का आभारी हूं, वे दोनों यहां मौजूद हैं। लेकिन एसोसिएशन ने जो रुख अपनाया है, मैं उसकी खुले तौर पर निंदा करता हूं... ऐसे मौके पर एसोसिएशन को ऐसा रुख नहीं अपनाना चाहिए था''

सीजेआई ने कहा, ''इसलिए मैं सिब्बल और श्रीवास्तव की मौजूदगी के लिए खुले दिल से उनकी सराहना करता हूं। निकाय द्वारा पारित किये गये प्रस्ताव के बावजूद वे यहां आए हैं।....जो इस बात की पुष्टि करती है कि वह एक बहुत अच्छी न्यायाधीश हैं। न्यायाधीश कई तरह के होते हैं, लेकिन यह ऐसा कारण नहीं होना चाहिए जिससे (उन्हें) वह न दिया जाए जो उनका दिया जाना चाहिए था।''

न्यायमूर्ति मसीह ने भी इसी प्रकार की भावनाएं व्यक्त कीं। न्यायमूर्ति मसीह ने कहा, ''अजीब बात है, जैसा कि प्रधान न्यायाधीश ने पहले ही व्यक्त किया है, मुझे खेद है, लेकिन मुझे कहना होगा कि परंपराओं का पालन किया जाना चाहिए और उनका सम्मान किया जाना चाहिए। मुझे यकीन है कि अच्छी परंपराएं हमेशा जारी रहनी चाहिए।''

प्रधान न्यायाधीश ने अपने संबोधन में न्यायमूर्ति त्रिवेदी की जिला न्यायपालिका से सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचने तथा कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ न्याय करने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा, ''उन्हें हमेशा निष्पक्षता, दृढ़ता, सावधानी, कड़ी मेहनत, निष्ठा , समर्पण, ईमानदारी के लिए याद किया जाना चाहिए...।''

प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा कि उच्चतम न्यायालय न्यायमूर्ति त्रिवेदी की ईमानदारी और निष्पक्षता का समर्थन करता है। परंपरा के अनुसार, एससीबीए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के लिए विदाई समारोह आयोजित करता है और न्यायमूर्ति त्रिवेदी के मामले में एक असाधारण निर्णय लिया गया, जो संभवतः बार निकाय से संबद्ध वकीलों के विरुद्ध गए कुछ निर्णयों के कारण हुआ।

नियमों के पालन में कठोर न्यायाधीश मानी जाने वाली न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने जाली वकालतनामा का इस्तेमाल कर शीर्ष अदालत में कथित तौर पर फर्जी याचिका दायर करने के संबंध में कुछ वकीलों के खिलाफ सीबीआई जांच का आदेश दिया था। उन्होंने वकीलों के प्रति दया दिखाये जाने के बार के पदाधिकारियों के कई अनुरोध को खारिज कर दिया था।

हाल ही में न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने एक याचिका दायर करने में कथित कदाचार के लिए कुछ वकीलों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का आह्वान किया था और बाद में उनकी माफी स्वीकार करने से मना कर दिया था। सुनवाई के दौरान उन्होंने इस बात पर दुख जताया था कि कुछ बार पदाधिकारी उन पर साथी वकीलों के खिलाफ कठोर आदेश पारित न करने का दबाव बना रहे थे।

# एलपीयू ने राष्ट्रीय चिंताओं का हवाला देते हुए तुर्किये के संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन रद्द किये



नयी दिल्ली, (भाषा) पंजाब की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) तुर्किये एवं अजरबैजान के संस्थानों के साथ सभी समझौता ज्ञापनों (एमओयू) को समाप्त करने वाला एक और शैक्षणिक संस्थान बन गया है।

विश्वविद्यालय ने हालिया भू-राजनीतिक घटनाक्रम का हवाला देते हुए कहा कि यह भारत के राष्ट्रीय हितों के विपरीत है। यह कदम तुर्किये द्वारा पाकिस्तान का समर्थन करने तथा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारत के हमलों की निंदा करने की पृष्ठभूमि में उठाया गया है। भारत के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने भी बड़े पैमाने पर तुर्किये के ड्रोन का इस्तेमाल किया था।

aजालंधर स्थित एलपीयू, तुर्किये एवं अजरबैजान के संस्थानों के साथ संबंध समाप्त करने वाला भारत का पहला निजी विश्वविद्यालय है।

एलपीयू के चांसलर एवं राज्यसभा सदस्य अशोक कुमार मित्तल ने कहा, ''जब हमारे बहादुर सशस्त्र बल अपनी जान खतरे में डाल रहे हैं - चाहे वह गुप्त अभियान हो, हवाई रक्षा हो या हमारी सीमाओं पर गश्त हो - हम एक संस्थान के रूप में, उदासीन नहीं रह सकते। एलपीयू का मिशन हमेशा भारत की तरक्की और अखंडता के साथ जुड़ा हुआ है और हम कभी भी किसी ऐसे संस्थान से नहीं जुड़ेंगे जो भारत की संप्रभुता को कमजोर करता हो।'

## कर्नाटक के मंगलुरु अपतटीय क्षेत्र में जहाज डूबा, तटरक्षक बल ने चालक दल के छह सदस्यों को बचाया

नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय तटरक्षक बल ने मंगलुरु से 60 समुद्री मील की दूरी पर डूबे एक जहाज के चालक दल के छह सदस्यों को बचा लिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

भारतीय तट रक्षक बल (आईसीजी) ने अपने जहाज विक्रम की तस्वीरें भी साझा कीं, जो गश्त पर था और जिसे खोज एवं बचाव अभियान के लिए भेजा गया था। तटरक्षक बल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारतीय तटरक्षक बल ने संकट की सूचना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और जहाज एमएसवी सलामत के चालक दल के छह सदस्यों को बचाया। यह जहाज कर्नाटक के न्यू मंगलुरु से लक्षद्वीप के कदमत द्वीप जा रहा था, इसी दौरान मंगलुरु से 60 समुद्री मील की दूरी पर यह डूब गया।'' तटरक्षक बल ने कहा कि गश्त पर निकले जहाज विक्रम को उस तरफ मोड़ा गया और तेजी से एवं सफल बचाव अभियान चलाया गया।

# पाकिस्तान के आतंकवाद को समर्थन बंद करने तक सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी: जल शक्ति मंत्रालय



नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने कैबिनेट सचिव को बताया है कि सिंधु जल संधि तब तक निलंबित रहेगी, ''जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय और स्थायी रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता।''

कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन को मंगलवार को सौंपी अपनी मासिक रिपोर्ट में जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने कहा कि सरकार ने घोषणा की है कि पहलगाम में नागरिकों पर ''पाकिस्तान प्रायोजित'' आतंकवादी हमले के बाद संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है।

मुखर्जी ने अपनी रिपोर्ट में कहा, ''जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय और स्थायी रूप से सीमा पार आतंकवाद को समर्थन करना नहीं छोड़ देता, तब तक प्रमुख जल-बंटवारा संधि निलंबित रहेगी।''

वर्ष 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के वितरण और उपयोग से संबंधित है।

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने नयी दिल्ली द्वारा उठाई गई विशिष्ट आपत्तियों पर चर्चा करने के लिए अपनी सरकार की तत्परता व्यक्त की थी। हालांकि, भारत सरकार संधि को स्थगित रखने के अपने फैसले पर दृढ़ है।

## कान में 'सर्वकालिक महान अभिनेता' रॉबर्ट डि नीरो से मिलकर बहुत अच्छा लगा: अनुपम खेर

नयी दिल्ली, (भाषा) अभिनेता अनुपम खेर ने कहा है कि उन्हें कान फिल्म महोत्सव 2025 के दौरान ''सिल्वर लाइनिंग प्लेबुक'' के अपने सह-कलाकार और हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रॉबर्ट डि नीरो से मिलकर बहुत अच्छा लगा।

डि नीरो को 13 मई को शुरू हुए महोत्सव में मानद पाम डि'ओर लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से नवाजा गया। आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के जरिए निर्देशक के तौर पर वापसी कर रहे खेर ने शुक्रवार को 'इंस्टाग्राम' पर एक वीडियो पोस्ट की।

पोस्ट के साथ उन्होंने लिखा, ''कान में: सर्वकालिक महानतम अभिनेता से गले मिलकर बहुत ज्यादा अच्छा लगा! कान्स में अपने दोस्त रॉबर्ट डि नीरो, उनकी पत्नी टिफनी और बेटी जिया से मिलना सबसे अद्भुत एहसास था!''

खेर ने बताया कि उन्होंने ''तन्वी द ग्रेट'' का पहला पोस्टर डि नीरो को दिखाया, जिसकी उन्होंने सराहना की।

# दिल्ली में पांच नाबालिगों समेत 13 बांग्लादेशी हिरासत में लिये

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली में बिना वैध दस्तावेजों के रहने के आरोप में पांच नाबालिगों समेत 13 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उसने बताया कि हिरासत में लिये गये मोहम्मद रफीकुल (50), खोतेजा बेगम (41), मोहम्मद अनवर हुसैन (37), मोहम्मद अमीनुल इस्लाम (28), जोरिना बेगम (27), अफरोजा खातून (25), मोहम्मद खाखोन (20), हसना (19) और पांच नाबालिग बांग्लादेश के खुदीग्राम के रहने वाले है। उन्होंने बताया कि एक अभियान के दौरान बाहरी दिल्ली के औचंदी गांव में इन सभी को हिरासत में लिया गया।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) आदित्य गौतम ने कहा, ''यह अभियान इस विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर चलाया गया था कि ये बांग्लादेशी गांव में अपने लिए मकान तलाश रहे हैं। एक टीम ने 13 मई को जाल बिछाया और 13 लोगों को हिरासत में लिया।''

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान इन लोगों ने बांग्लादेशी नागरिक होने की बात कबूली और यह भी माना कि भारत में रहने के लिए उनके पास वैध दस्तावेज नहीं हैं।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इन 13 लोगों ने यह भी खुलासा किया कि वे दो साल पहले जलील अहमद नामक एक बांग्लादेशी एजेंट की मदद से भारत में घुसे थे। पुलिस के मुताबिक, ये सभी 13 लोग अपने गांव से बस द्वारा भारत-बांग्लादेश सीमा तक पहुंचे और बिना बाड़ वाले खेतों से होते हुए भारतीय क्षेत्र में दाखिल हुए। वहां से उन्होंने पश्चिम बंगाल के कूचबिहार स्टेशन तक जाने के लिए एक ऑटोरिक्शा किराये पर लिया।

पुलिस का कहना है कि कूचबिहार से यह समूह दिल्ली के लिए ट्रेन में सवार हुआ और अंततः बस से हरियाणा के खरखौदा पहुंचा। उन्हें खरखौदा के सिसाना गांव में एक ईंट भट्टे पर अस्थायी मजदूर के रूप में काम मिल गया। पुलिस ने बताया कि उनके पास से बांग्लादेशी पहचान के दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं।




# दिल्ली उच्च न्यायालय में पीएफआई नेता को नहीं मिली अंतरिम जमानत



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने आतंकवाद के एक मामले में आरोपी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के नेता ए एस इस्माइल को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत देने से मना कर दिया और कहा कि उसकी हालत में सुधार हो रहा है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने कहा कि एम्स के मेडिकल बोर्ड की ताजा रिपोर्ट से पता चलता है कि अगर अंतरिम जमानत नहीं दी गई तो उसकी हालत खराब नहीं होगी।

पीठ ने कहा, ''रिकॉर्ड में मौजूद साक्ष्यों से पता चलता है कि अपीलकर्ता (इस्माइल) को उचित उपचार दिया जा रहा है और जेल में रहने के बावजूद उसकी हालत में सुधार हो रहा है। इससे पता चलता है कि अपीलकर्ता को जेल में उचित उपचार दिया जा रहा है।''


न्यायालय ने 13 मई के अपने आदेश में कहा, ''इसके अलावा, एम्स के मेडिकल बोर्ड की ताजा मेडिकल रिपोर्ट से पता चलता है कि अपीलकर्ता की हालत ऐसी नहीं है कि अगर उसे अंतरिम जमानत नहीं दी गई तो उसकी हालत खराब हो जाएगी, जैसा कि अपीलकर्ता ने प्रार्थना की है।''

अदालत ने जेल अधिकारियों को डॉक्टरों द्वारा बताए गए उपचार को जारी रखने का निर्देश दिया, जिसमें नियमित फिजियोथेरेपी और इस्माइल के रक्तचाप की निरंतर निगरानी शामिल है। इस्माइल को 22 सितंबर, 2022 को गिरफ्तार किया गया था।

जेल अधिकारियों को कहा गया कि वे उसकी स्थिति की निगरानी के लिए उसे हर महीने एक बार एम्स ले जाएं।

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अनुसार, यह मामला पीएफआई के पदाधिकारियों, सदस्यों और कार्यकर्ताओं द्वारा रची गई साजिश से संबंधित है, जो केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित भारत के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने या करवाने के लिए बैंकिंग चैनलों, हवाला और दान के माध्यम से भारत और विदेश से धन जुटाने या इकट्ठा करने में शामिल थे।

अपीलकर्ता सहित सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद, गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत 19 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया, जिसमें पीएफआई भी शामिल था।



# स्थानीय पुलिस कर रही भ्रष्टाचार, पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार



नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। एक महिला ने मीरगंज पुलिस की शिकायत कप्तान से करते हुए तहरीर दी है। मीरगंज के ग्राम सिंधोली निवासी राजवती पत्नी राम प्रकाश ने बताया कि 15 मई 2025 को छत्रपाल पुत्र मिठाई लाल, राहुल पुत्र छत्रपाल, रामदेई ने एक राय होकर प्रार्थनी के खेत की मेड़ काट कर अपने खेत मे मिला लिए विरोध करने पर प्रार्थनी को घर से खींचकर मारपीट की व धारदार हथियार से सिर में प्रहार कर दिया। इसके बाद सीने पर अवैध तमंचा रख कर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि जब पीड़िता जान बचाकर थाने पहुँची तो पुलिस ने कार्यवाही की जगह उल्टा पीड़िता के पति को ही थाने में बैठा लिया। पीड़िता ने कप्तान से कार्यवाही की मांग की है।

# सगी बहन ने अपने पति के साथ मिलकर सगे भाई को जालसाजी का शिकार बनाया

## बहन द्वारा सगे भाई को अपनी मजबूरी बताकर उसके प्लाट पर लिया ब्याज वाले से कर्ज फिर ब्याजिये से मिलकर प्लाट हड़पने की साजिश

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। मामला सुभाष नगर थाना क्षेत्र का है जहां एक बहन ने अपने पति के साथ मिलकर अपने सगे भाई को अपनी मजबूरी बताकर पैसों की व्यवस्था करने को कहा और मोटे ब्याज पर उसका प्लाट गिरवी रखवाया। उसके बाद ब्याजिया के साथ मिलकर प्लाट हड़पने की साजिश रच डाली।

क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें। थाना सुभाष नगर के रहने वाले रोहित मौर्य ने बताया कि उसके माता-पिता नहीं है और वह अपनी बहन ज्योति मौर्य से बहुत ज्यादा प्यार करता था जिसका फायदा उठाते हुए सगी बहन ने अपने पति अरुन मौर्य के साथ मिलकर प्लाट हथियाने के लिए साजिश रच डाली। जिसके तहत पहले तो अपने भाई को अपनी मजबूरी दर्शाकर पैसे की जरूरत की बात बताई बहन द्वारा कहा गया उसे



बहुत सख्त पैसों की जरूरत है और उसके द्वारा ही सुझाव दिया गया की भाई तू अपना प्लाट गिरवी रखकर मेरे लिए पैसे की व्यवस्था कर दे और मैं जल्द ही पैसा चुकाकर तेरा प्लाट छुड़ा दूंगी।जिसके तहत बहन बहनोई द्वारा पीड़ित के प्लाट पर 3 लाख 50 रुपया तय समय पर ब्याज




सहित ?5 लाख वापस देना तय हुआ। जिसका अमन रस्तोगी बयाजिया द्वारा एग्रीमेंट तैयार कराया गया जिसमें तय समय पर पैसा न लौटने की स्थिति में प्लाट बयाजिया के नाम रजिस्ट्री करने की बात अंकित की गई।

वही बहन और बहनोई द्वारा लगातार आश्वासन दिया जा रहा था कि तय समय से पहले ही पैसा वापस कर दिया जाएगा और तेरा प्लाट तेरे पास आ जाएगा। मगर बाद में बहन ने पैसा देने से इनकार कर दिया और ब्याजिए के साथ मिलकर अवधि पूरे होने की स्थिति में रजिस्ट्री करने के लिए दबाव देने लगे। बहन द्वारा बोला जाने लगा कि पैसा भाई की जमीन पर भाई को दिया है भाई से ही लो तब कहीं जाकर पीड़ित को अपनी बहन और बहनोई के द्वारा की गई जालसाजी का एहसास हुआ। उधर बयाजिया अमन रस्तोगी द्वारा लगातार पीड़ित को मानसिक प्रताड़ित करके उसकी जमीन हथियाने की कोशिश जारी है। जबकि बयाजिया द्वारा दिया गया पैसा उसकी बहन के अकाउंट में ही आरटीजीएस किया गया था और प्लाट भाई का गिरवी रखवाया गया था अर्थात ब्याज का पैसा लिया ही नहीं गया।शातिर बहन बहनोई द्वारा ब्याज वाले को डमी बनाकर पैसा भी घर में प्लाट भी घर मे की स्थिति स्पष्ट उजागर हो रही है।

फिर जाकर भाई को सगी बहन द्वारा अपने ऊपर हुई ठगी का एहसास हुआ।पीड़ित ने थाना सुभाष नगर पहुंचकर बहन बहनोई और बयाजिया के खिलाफ शिकायत दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है।

# स्पोर्टस कोटे से नौकरी दिलाने के नाम पर 12 लाख की ठगी

**फर्जी नियुक्ति पत्र और आईडी कार्ड थमा कर युवक को रांची में छोड़कर भागे आरोपी, पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी**

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। थाना इज्जतनगर क्षेत्र में सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 12 लाख रुपये की ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। पीड़ित कन्हईलाल निवासी मढ़ीनाथ रोड, सिठौरा, थाना सुभाषनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एकता आनंद और उसके सहयोगी अभिषेक सक्सेना ने मिलकर उसके बेटे आकाश कुमार को सरकारी नौकरी लगवाने का भरोसा दिया और किस्तों में 12 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपी उसे एक अधिवक्ता के चैंबर पर मिले आरोपियों ने खुद को प्रभावशाली बताते हुए कहा कि वे स्पोर्ट्स कोटे से नौकरी लगवाएंगे। पहले तो 2.5 लाख रुपए एडवांस लिए, फिर 1 लाख रुपए में फर्जी स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट बनवाया और आकाश को रांची बुलाकर 1.83 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। इसके अलावा 60 हजार रुपए एटीएम से निकाले। होटल में ठहराकर आकाश को फर्जी नियुक्ति पत्र (7 फरवरी 2024) और आईडी कार्ड (9 फरवरी 2024) थमा दिए। इसके बाद एकता आनंद ने अपने घर पर बुलाकर और 5 लाख रुपए नकद ले लिए। जब लखनऊ में भी नियुक्ति नहीं हुई, तो एक और फर्जी पत्र (15 अक्टूबर 2024) दे दिया। आरोपियों ने आकाश के सारे शैक्षिक प्रमाणपत्र, पासबुक, आधार कार्ड की कॉपी और 5 सादे चेक भी रख लिए।

## जब पीड़ित ने ठगी का अंदेशा




जताया और रकम वापसी की मांग की, तो आरोपियों ने धमकी दी कि न तो पैसा मिलेगा, न नौकरी उल्टा झूठे मुकदमे में फंसा देंगे। पीड़ित के मुताबिक उसने यह रकम कर्ज लेकर और जेवरात बेचकर जुटाई थी। अब पूरा परिवार मानसिक और आर्थिक तनाव झेल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एकता आनंद और अभिषेक सक्सेना के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकी की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बरेली कॉलेज: 10 दिनों से चल रहा शांतिपूर्ण प्रदर्शन 20 मई से आमरण अनशन का ऐलान

**प्राचार्य की धमकी से भड़का आंदोलन बरेली कॉलेज के सफाई कर्मचारी बोले सेवा बहाली तक नहीं हटेंगे**

**धरना खत्म नहीं किया तो एफआईआर की चेतावनी, प्राचार्य का पत्र सामने आया**

**कर्मचारी संगठन और वीटीयूएफ ने दिया समर्थन, जल्द डीएम से की जाएगी न्याय की मांग**

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। बरेली कॉलेज, बरेली में सफाई कर्मचारियों के आंदोलन ने नया मोड़ ले लिया है। पिछले दस दिनों से मस्टर रोल पर कार्यरत सफाई कर्मचारी अपनी सेवा बहाली की मांग को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच प्राचार्य प्रो. ओ. पी. राय की ओर से एक कार्यालय आदेश जारी कर आंदोलनरत कर्मचारियों को धरना समाप्त करने की चेतावनी दी गई है। आदेश में लिखा गया है कि यह कृत्य घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है और यदि आंदोलन नहीं रोका गया तो पुलिस के माध्यम से एफआईआर कराई जाएगी। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि वे पूर्णतः शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं तथा कॉलेज की परीक्षाओं आदि में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं उत्पन्न किया गया है। उनका कहना है कि जब तक सेवा बहाली नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। कर्मचारियों ने



20 मई 2025 से आमरण अनशन शुरू करने की लिखित सूचना प्राचार्य को दे दी है। अनशन के दूसरे दिन कर्मचारी आलोक कुमार अनशन पर बैठे, जबकि अन्य कर्मचारियों में संजीव, अरविंद, रघुवीर, नितिन, पूरनलाल मसीह आदि शामिल रहे।इस चेतावनी के खिलाफ कर्मचारियों के समर्थन में कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि यदि कर्मचारियों पर अन्याय हुआ, तो वे भी आंदोलन में उतरने को बाध्य होंगे। उधर, वीटीयूएफ (श्ळवत्र) की ओर से भी आंदोलन को समर्थन दिया गया है और कहा गया है कि जल्द ही जिलाधिकारी से मिलकर न्याय की मांग की जाएगी। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि वे अपने अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण तरीके से लड़ रहे हैं और किसी भी दबाव से डरने वाले नहीं हैं। प्राचार्य की धमकी ने आंदोलन को और उग्र करने की आशंका बढ़ा दी है। अब देखना यह होगा कि कॉलेज प्रशासन इस मामले में क्या रुख अपनाता है।

# किसान की रंजिशन लाखों की फसल जलाई

**गन्ने की पेड़ी और खड़े पेड़ पराली की सहायता से आग के हवाले थाना पुलिस बना रही समझौते का दबाव**

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली।। मामला ग्राम भीकमपुर थाना बहेडी जिला बरेली का है। जहां पर प्रार्थी हरपाल के खेत में लिपटिस व आम व जामुन व नीम के लगभग 150 पेड़ लगे थे जिसकी कीमत लगभग 8 लाख रुपए थी तथा बराबर में गन्ने की पेड़ी का खेत था जिसे पड़ोस के नवनीत सिंह व संदीप सिंह पुत्र सुदम सिंह ने दिनांक 13 मई 2025 को समय करीव दोपहर 03 बजे पराली डालकर रंजिशन प्रार्थी के पेड़ों में आग लगा दी जिससे प्रार्थीगण के पेड व गन्ने की फसल जल गयी। प्रार्थी को उक्त घटना



के सम्बन्ध में जानकारी हुई तलब प्रार्थी खेत पर पहुंचे पर हरपाल ने देखा कि उनके पेड़ व गन्ने की फसल जल गयी है। उसके बाद प्रार्थी में खेत जोत रहे नवनीत सिंह व सदीप से पूछा कि तुमने हमारे पेड़ व फसल क्यों जला दिये तब उक्त नवनीत सिंह व संदीप सिंह पुत्र सुदम सिंह व अनुनय सिंह पुत्र जसवीर सिह इतना सुनते ही आग बबूला हो गये और मां बहन की गन्दी गन्दी गालियां देते हुये मारपीट पर उतारू हो गए और कहा अभी तो पेड़ो की जलाया है अगर ज्यादा बोलोंगे तो तुम्हे भी जला देंगे। पीड़ित ने इस बात का विरोध किया तो उक्त विपक्षीगण पीड़ित के साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे और ट्रैक्टर में रखी लोहे की राड व फावड़ा निकालकर जान से मारने की धमकी देने लगे ।

पीड़ित का कहना है किसी तरह से वहां से भागकर अपनी जान बचायी है। पीड़ित का आरोप है घटना के सम्बन्ध में थाना पुलिस से शिकायत की परंतु पुलिस द्वारा उन पर पर समझौता कराने का दबाव बना रहे और कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। इसके उपरांत पीड़ित ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई और कप्तान साहब से उचित कार्यवाही की मांग की है।

# शराबी पति ने पत्नी को दी तालिबानी सजा

**■हैवान पति की करतूत: पत्नी को पीटकर छत से उल्टा लटकाया, चार के खिलाफ मुकदमा**

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। आंवला कस्बे के लठैता मोहल्ले में एक दिल दहला देने वाली घटना में एक शराबी युवक ने पहले पत्नी को बेरहमी से पीटा और फिर उसे छत से उल्टा लटकाकर जान से मारने की कोशिश की। गनीमत रही कि मोहल्ले के लोगों ने समय रहते महिला को पकड़कर उसकी जान बचा ली। यह पूरी घटना एक पड़ोसी ने मोबाइल में रिकॉर्ड की, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

क्या है पूरा मामला रघुनाथ सिंह के अनुसार 13 मई की रात लगभग 10 बजे नितिन ने पहले डोली को बुरी तरह पीटा



और फिर छत से उल्टा लटकाकर उसे छोड़ दिया। इस दौरान महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और समय रहते उसे पकड़ लिया। महिला को गंभीर चोटें आई हैं और वह उपचाराधीन है। पीड़ित महिला के भाई बदायूं के वजीरगंज निवासी रघुनाथ सिंह ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी बहन डोली की शादी वर्ष 2012 में नितिन सिंह के साथ हुई थी। आरोप है कि नितिन शुरूआत से ही शराब का आदी था और अक्सर शराब पीकर पत्नी के साथ मारपीट करता था। परिवार ने कई बार उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन उसका व्यवहार नहीं बदला।

## एफआईआर दर्ज, आरोपी फरार

पुलिस ने नितिन सिंह, अमित कुमार और दो अन्य महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी फिलहाल फरार है और उसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। घटना के दौरान एक पड़ोसी ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया था, जो अब वायरल हो चुका है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि नितिन अपनी पत्नी को छत से उल्टा लटका कर उसे नीचे गिराने की कोशिश कर रहा है, जबकि महिला जोर-जोर से चीख रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक बचाने के चक्कर में कार पलटी चालक घायल

नेशनल एक्सप्रेस/अलीगढ़। टप्पल थाना क्षेत्र में देर रात गौमत से जेवर की ओर जा रही कार अनियंत्रित होकर पलट गई, यह हादसा उस समय हुआ कि जब कार चालक ने ट्रक से बचने का प्रयास किया। लेकिन कार सड़क किनारे जाल के अंदर खड़ी एक अन्य कार से टकरा गई। टक्कर में ब्रीजा कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

मौके पर मौजूद लोगों ने क्षतिग्रस्त कार में फंसे चालक शेखर को बाहर निकाला, उसे गंभीर चोटें आई थीं। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, वहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस हादसे के कारणों की जॉच कर रही है, चालक की स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है।

### हसनपुर नगरपालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंटकर की नगर के विकास पर चर्चा



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /हसनपुर। नगर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। हसनपुर नगरपालिका के चहुंमुखी विकास पर चर्चा की। लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय पर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर नगर क्षेत्र के विकास पर चर्चा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया कि नगर में अभी और अधिक विकास कार्यों की आवश्यकता है । जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया की नगर के विकास में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी।

नागरिकों को शुद्ध पेयजल, पथ प्रकाश, जैसी योजना सरकार की प्राथमिकता में है। आमजन को सरकार द्वारा चलाई जा रही। जनकल्याणकारी बिना किसी भेदभाव के धरातल पर लाया जाएगा।

# पूर्व एमएलसी परवेज अली ने किया सीसी सड़कों का शिलान्यास



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अमरोहा। पूर्व एमएलसी परवेज अली ने विधायक सदर, पूर्व कैबिनेट मंत्री, लोक लेखा समिति के सभापति महबूब अली कि विधायक निधि से निर्मित होने वाले नगर के मौहल्ला तलवार शाह बटवाल में नूर मस्जिद के पास से आलम के घर होते हुए बिन यामीन के घर तक सी०सी० व नाली एवं अमरोहा जोया रोड डा० बादल के अस्पताल के पास से शशीकांत गोयल के प्लाट की ओर सी-०सी० व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उक्त सड़को की काफी जर्जर हालत थी व पिछले काफी समय से जनता द्वारा दुरूस्त कराने की माँग उठ रही थी। श्री अली के प्रयास से अमरोहा की काफी सड़को का निर्माण होता आ रहा है। नगर के विकास के लिये सड़को का सही होना अति आवश्यक है। उक्त सड़को के निर्माण से मौहल्लेवासियो को आवागमन में सुविधा होगी। इस मौके पर दूल्हे हसन मंसूरी, शशीकांत गोयल, इकरार मैम्बर, वीरभान सिंह यादव, राधेलाल रघुवंशी, अनस अब्बासी, तहसीन अहमद आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी को शिकायती पत्र दे मामले की दोवारा जांच की उठाई मांग

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

सम्भल। चंदौसी एसएम कॉलेज के प्रोफेसर डॉ प्रवीण कुमार ने लैंगिक उत्पीड़न एवं आंतरिक परिवार समिति पर एक पक्षीय कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर उसकी दोवारा जांच कराने की मांग की है। प्रवीण कुमार का कहना है कि समिति ने जिस षड़यंत्र को पूरा करने के लिए एकतरफा और जानबूझ कर मुझे दोषी करार दिया गया है। जिससे महाविद्यालय की प्रतिष्ठा खराव होने के साथ मेरा भी बहुत मानसिक उत्पीड़न हो रहा है। इस प्रकार की झूठी रिपोर्ट जांच आख्या के कारण मेरा पूरा परिवार आर्थिक, मानसिक,सामाजिक,, आदि विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न एवं यातनाओं का शिकार बना हुआ है। समिति ने जिन बिंदुओं को लेकर मुझे अपराधी करार करने का प्रयास किया गया। उसमे न तो मेरा पक्ष जाना और न ही तथ्य एवं साक्ष्यों का निष्पक्ष विश्लेषण किया। आरोप है कि यह जांच रिपोर्ट स्वार्थ की पूर्ति, दबाव आदि के तहत की गई। उन्होंने मांग है कि जांच पुलिस विभाग व सक्षम सरकारी अधिकारियों द्वारा कराई जाए तो स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। बताया कि अब महाविद्यालय के प्रबंधतंत्र द्वारा झूठी रिपोर्ट को आधार बनाकर उनका उत्पीड़न करने का साथ-साथ बदनाम भी किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में इस समिति की रिपोर्ट की दोबारा जांच कराया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही यह झूठी रिपोर्ट बनाने में शामिल एवं हमसाज व्यक्तियों को दंडित किया जाना भी जरूरी है।

# कृषक उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखकर कमाएं अच्छा लाभ: डीएम

**बैठक में बोली जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स**

**सरकार की मंशा किसानों के उत्पाद का अच्छा रेट मिले और आमदनी बढ़े सभी किसान निर्यात को बढ़ावा दें इसके लिए आगें आएं और क्लस्टर के रूप में काम करें**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला परियोजना प्रबंधन इकाई कृषक उत्पादक संगठनों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जनपद से आये हुए आम फल सब्जी के कृषक उत्पादक संगठन कृषि व्यवसायी ने अपने अपने व्यवसाय के उत्पादन मार्केटिंग पैकेजिंग लाभ के बारे में एक एक करके जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषक उत्पादक संगठन बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं सबसे पहले स्वयं खड़े हों मार्केटिंग को बढ़ावा दें अपने उत्पाद की गुणवत्ता का विशेष ध्यान दें । कहा कि आम फल सब्जी निर्यातकों को किस प्रकार किसानों को से जोड़ा जाय इसके प्रति हम प्रयास रत हैं आपको आगे आना होगा।



जिलाधिकारी ने कहा कि हमारी मंशा है किसानों को आपके उत्पाद का अच्छा रेट मिले और आपकी अच्छी आमदनी बढ़े। जिलाधिकारी ने कहा जनपद में बने पैक हाउस का अधिक से अधिक किसान प्रयोग करें और लाभ कमाएं । जिलाधिकारी ने कहा कि उत्पादक निर्यात के प्रति आगें आएं जितना अधिक आपके उत्पाद का निर्यात होगा उतना ही अधिक रेट आपको मिल सकेगा। कहा उत्पाद की गुणवता पैकेजिंग भी ठीक हो और मानक के अनुसार हो । कहा यदि गुणवत्ता ठीक होगी तो आपके उत्पाद की मांग देश और विदेश में अच्छी हो सकेगी और आप अच्छा लाभ कमा सकेंगे।

कहा कि कृषि की नवीन तकनीकों का प्रयोग कर ज्यादा से ज्यादा लाभ कमा सकते हैं । कहा सभी किसान संगठन मिलकर क्लस्टर के रूप में काम करें । जिलाधिकारी ने एफपीओ को ऑनलाईन प्लेटफार्म्स व डिजीटल तकनीकों का इस्तेमाल कर उत्पादों की ब्रांडिंग व मार्केटिंग पर जोर दें। मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा, निदेशक कृषि सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी जनपद के निर्यातक नदीम, और उत्पादक संगठन जनपद के आम फल सब्जी के निर्यातक सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### खाद बीज की दुकानों के निरीक्षण कर लिए नमूने

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल। संयुक्त कृषि निदेशक मुरादाबाद के निर्देशों के क्रम में जनपद सम्भल में खाद बीज एवं दवा की दुकानों पर कृषि विभाग द्वारा संयुक्त टीम बनाते हुए छापेमारी की कार्रवाई की गई जिसमें उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी के द्वारा पेस्टीसाइड के 5 नमूने ग्रहण गए जिला कृषि अधिकारी प्रबोध कुमार मिश्रा द्वारा बीज के 7 नमूने ग्रहण किया गया है अपर जिला कृषि अधिकारी विजय कुमार द्वारा एक बीज एक खाद का नमूना ग्रहण किया गया नमूना ग्रहण करते समय दुकानों की सघन निरीक्षण किया गया की कृषकों को सही मूल्य पर खाद बीज एवं दवा उपलब्ध हो सके।मक्का जायद में निरीक्षण के कारण जनपद में ओवर रेट की शिकायत नगण्य थी उक्त कारणों से गत तीन दिनों से विभाग के द्वारा सघन निरीक्षण किया जा रहा है कि खरीफ के मौसम में कृषकों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो । बाजार में सभी प्रकार का धान का बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है साथ ही राजकीय बीज गोदामों पर भी सरकारी धान बीज (पूसा बासमती 1692 आधारीय) उपलब्ध हो गया है जिसपर पचास प्रतिशत का अनुदान है साथ ही जिप्सम भी उपलब्ध है।एक सप्ताह में और भी बीज आने की संभावना है।

### धनारी थाना क्षेत्र में नहीं थम रही चोरी की वारदातें, चोरों का पुलिस को खुला चैलेंज

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल। धनारी थाना क्षेत्र के गांव आर्थल में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक किसान के घर को निशाना बना डाला। किसान ऋषिपाल पुत्र गुलफान सिंह के मकान की पिछली दीवार में नकाब लगाकर चोरों ने घर में घुसकर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर में रखी 70 हजार रुपये की नकदी, पीतल के बर्तन और जेवरात ले उड़े। वारदात के दौरान चोर अपनी एक सॉल (औजार) मौके पर ही छोड़ गए। बाद में खोजबीन के दौरान घर से सटे जंगल में कुछ अन्य सामान भी बरामद हुआ है।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में रोष है। लोगों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही के चलते चोर बेखौफ हो गए हैं और आए दिन किसी न किसी घर में सेंधमारी कर रहे हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और चोरों की जल्द गिरफ्तारी की जाए। इसके साथ ही आपको बताते चलें कि दो दिन पहले ग्राम जनेटा थाना बनिया ठेर क्षेत्र में भी इसी तरीके से कुम्भल लगाकर घटना को अंजाम दिया गया था। खबर लिखे जाने तक की जानकारी।

### बिटिया की पुण्य तिथि पर गायों की सेवा कर श्रद्धांजलि की अर्पित



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी। शुक्रवार को साक्षी सेवा समिति चंदौसी जिला संभल उत्तर प्रदेश के तत्वधान में समिति परिवार की बिटिया कुमारी साक्षी की पुण्य तिथि पर चंदौसी स्टार की अध्यक्ष रेनू शर्मा की अध्यक्षता में स्टार सदस्यों ने संभल गेट स्थित गौशाला में जाकर पूजा अर्चना कर गायों को हरा चारा व दलिया खिलाकर गायों की सेवा करके श्रद्धांजलि अर्पित की। साक्षी सेवा समिति की संरक्षिका चंद्रकला सैनी ने गऊ शाला में बिटिया की स्मृति में दान पुण्य किया।इस अवसर स्टार की सदस्य उर्मिला शर्मा, रेनू शर्मा, दयमंती सिंह , चंद्रकला सैनी, बबिता बिंदल, निधि गुप्ता, मीरा दुबे, सुनीता शर्मा, जयश्री,रंजना शर्मा, गीतांजलि मदान आदि सदस्य गण उपस्थित रहे।

# श्री रामचरितमानस व गीता ज्ञान यज्ञ के पहले दिन शिव विवाह की सुनाई कथा

नेशनल एक्सप्रेस मनीष शर्मा





चन्दौसी । आदमपुर गांव में श्री राम चरित्र मानस ज्ञान यज्ञ की वरसा में आनंदित हो गए कथा सुनने से व्यक्ति को अच्छे और बुरे कर्मों के बारे में ज्ञान प्राप्त होता है और उसे नैतिक मूल्यों को समझने में मदद मिलती है कथा व्यास प० रामनिवास भारद्वाज जी के मुखारविन्द से प्रसंगों में शिव विवाह प्रसंग सुनाया गया

रामचरितमानस में, नारद मुनि ने हिमाचल को पार्वती के बारे में बताया कि वह एक महान और शक्तिशाली पत्नी होगी, जो अपने पति को सदा प्यारी होगी और जगत में पूजनीय होगी । उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की कि पार्वती का पति शिव होगा और वे पार्वती के लिए सबसे योग्य होंगे । नारद मुनि ने यह भी भविष्यवाणी की कि पार्वती के पति का नाम शिव होगा और वे सभी के पूजनीय होंगे ।

पार्वती के माता-पिता को सलाह

उन्होंने हिमाचल को सलाह दी कि वह पार्वती के लिए एक योग्य पति ढूंढे, क्योंकि पार्वती की कुंडली में एक महान और शक्तिशाली पति का योग है ।

महाराज जी ने तारकासुर वध की गाथा भक्तों के समक्ष प्रस्तुत किया । उन्होंने बताया कि तारकासुर ने घोर तपस्या कर यह वरदान प्राप्त किया कि उसकी मृत्यु केवल शिवपुत्र के हाथों ही हो । तारकासुर ने सोचा कि शिव तो वैरागी हैं, सो वह तो विवाह नहीं करवाएंगे और न ही उनका कोई पुत्र होगा । यह सोच कर उसने खुद को अमर मान लिया और सभी प्राणियों पर अत्याचार आरंभ कर दिया । लेकिन शिव-पार्वती विवाह के उपरांत उनके यहां कुमार कार्तिकेय का जन्म हुआ । देवताओं ने कुमार को देवसेना का सेनापति घोषित कर तारकासुर पर चढ़ाई कर दी ।

कुमार कार्तिकेय ने बड़ी वीरता से तारकासुर का अंत कर उसके भय व आतंक के साम्राज्य को धराशायी कर दिया स्वामी जी ने बताया कि तारकासुर का शाब्दिक अर्थ है तारने वाला असुर । अर्थात वो झूठे तथाकथित धर्मगुरु जो समाज को तारने के उपदेश तो देते हैं लेकिन न तो उन्होंने स्वयं ईश्वर दर्शन किया है और न ही अपनी शरण में आए जिज्ञासुओं को ईश्वर दर्शन करवाने का सामर्थ्य रखते हैं उलटा लोगों को अपने शब्दजाल में फंसा कर और भी भ्रमित कर देते हैं । आयोजन प्रवीण भारद्वाज, सुरेंद्र शर्मा राजेंद्र शर्मा , अंकित शर्मा, अरबिंद शर्मा आदि वक्त गण मौजूद रहे ।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सीओ को सौपा ज्ञापन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। शुक्रवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर के नेतृत्व में एक ज्ञापन डीजे के बेस और धड़कन पर प्रतिबंध लगाने के संबंध में पुलिस क्षेत्र अधिकारी अनुज चौधरी को बहजोई रोड स्थित उनके कार्यालय पर दिया गया।ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि इस वक्त शादियों व जुलूसों में जो डीजे के बजाए जा रहे हैं वह जानलेवा सिद्ध हो रहे हैं क्योंकि डीजे वाले बेस और धड़कन पूरा खोल देते हैं जिससे दुकानों का सामान और पी ओ पी गिर जाती है मकान में से भी सामान गिर जाता है बच्चे और बूढ़ों का इसकी बेस और धडकन फुल होने से हार्ट अटैक का खतरा बना रहता है और इससे मृत्यु होने का अंदेशा लगा रहता है इस वक्त एक नया रिवाज चल रहा है।कि अब बैंड बाजें की जगह शादियों में बारात में डीजे बज रहा है लोग जिस वक्त सो रहे होते हैं तब यह लोग डीजे बजाते हुए निकलते हैं जिससे अचानक आंख खुलने से या डीजे की धमक से लोगों को परेशानियां हो रही है अखिल भारतीय



उद्योग व्यापार मंडल ने पुलिस क्षेत्र अधिकारी से मांग करते हुए कहा इन डी जे के बेस और धड़कन पर प्रतिबंध लगाया जाए जिससे लोगों की जान माल की सुरक्षा हो सके पुलिस क्षेत्र अधिकारी ने शीघ्र डीजे वालों के साथ बैठक कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से प्रेम ग्रोवर, शाह अलम मंसूरी, उमेश वार्ष्णेय ,अनुज वार्ष्णेय, सुशील अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल ,रमेश ग्रेवाल ,चिंटू शर्मा, प्रहलाद लोधी और वसीम अख्तर आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## दस दिवसीय समर कैंप मे ड्राइंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली के तत्वाधान में एस एस इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे ,१० दिवसीय समर कैंप के सातवें दिन ड्राइंग .की प्रतियोगिता रखी गई।सर्वप्रथम फेडरेशन की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सीमा वर्मा व फेडरेशन ऑफिसर्स रीता बुदियाल व ग्रुप अध्यक्ष अनिता सक्सैना ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर जायन्टस प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम कक्षा से पाँचवीं कक्षा के बच्चों को फ्लावर पॉट बनाने को दिया गया । कक्षा छठी से आठवीं कक्षा के बच्चों को मोर बनाने के लिए दिया गया ।ड्राइंग प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में आदित्य कुमार प्रथम व अनुराग द्वितीय स्थान पर रहे ' ।सीनियर वर्ग में .तोषित यादव प्रथम व कनक राघव द्वितीय स्थान पर रही।अंत में बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।सभी बच्चों ने इस प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया ।

## सीएमओ ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर सभी अधिकारी व कर्मचारियों को दिलायी शपथ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल। शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सम्भल के कार्यालय बहजोइ में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के सम्बन्ध में गोष्ठी का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी/जिला सर्विलांस अधिकारी/हीएमओ कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। गोष्ठी का संचालन डा तरूण पाठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस वर्ष 2010 में 16 मई को प्रथम बार मनाया गया था। राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य डेंगू से होने वाली मौतों में कमी लाना है। जिसके लिये जनमानस को डेंगू रोग के सम्बन्ध में जागरूक किया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर डा. पंकज विश्नाई अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि किस तरह इस रोग से बचाव सम्भव है तथा किस प्रकार से इस रोग को कन्ट्रोल किया जा सकता है। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि तेज बुखार, बदन दर्द, आखों के पीछे दर्द उल्टी आना, शरीर पर लाल रंग के चकत्ते का होना, शरीर के किसी हिस्से से खून का आना डेंगू रोग के लक्षण को दर्शार्ता है। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि डेंगू रोग की कोई दवा नहीं है। डेंगू होने पर बुखार आने पर केवल पैरासीटामाल को ही प्रयोग किया जाता है तथा तरल पदार्थ लेने एवं तत्काल चिकित्सक के परामर्श की सलाह



दी।इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय डेंगू दिवस के सम्बन्ध में कार्यालय में उपस्थिति सभी अधिकारी/कर्मचारियों को शपथ दिलायी गयी। ज्वर होने पर डेंगू की जाँच अवश्य कराये। डेंगू की जाँच जिला चिकित्सालय सम्भल में निःशुल्क उपलब्ध है।

# सभी चिकित्सालयों में डेंगू की जांच सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में डेंगू बुखार की रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया एवं अपने-अपने विभाग की तैयारियों और आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। डीएम ने कहा कि इस वर्ष ह्लह्लदेखें, साफ करें, ढ़केंरू डेंगू को हराने के उपाय करेंह्लह्ल थीम पर आयोजित होने वाले 10 वें राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा एवं संवेदनशीलता से निर्वहन करें। जिलाधिकारी ने कहा कि डेंगू जैसी मौसमी बीमारी पर नियंत्रण के लिए सभी संबंधित विभागों को सामूहिक एवं समन्वित रूप से कार्य करना होगा। प्रत्येक विभाग को अपनी भूमिका के प्रति सजग रहना होगा। नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि शहर में नियमित सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नालियों की सफाई, जलभराव की समस्या का समाधान एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। फॉगिंग मशीनों की संख्या बढ़ाकर सघन फॉगिंग कराई जा रही है। डीएम ने जिला मलेरिया अधिकारी के साथ ज्वाइंट माइक्रो प्लान तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नीरज त्यागी ने बताया कि सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डेंगू की जांच व उपचार की व्यवस्था की गई है। बुखार के मरीजों की स्क्रीनिंग कर उन्हें आवश्यकतानुसार एलाइजा टेस्ट के लिए भेजा जा रहा है। इसके अलावा ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। सीएमओ ने बताया कि सामूहिक रूप से स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जन जागरूकता अभियान चलाने की भी योजना बनाई गई है। नुक्कड़ नाटक, पंपलेट, होर्डिंग्स एवं सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन को डेंगू से बचाव की जानकारी दी जा रही है। विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी जलभराव की समस्या न होने दें। ग्राम प्रधानों व आशा कार्यकताओं को सक्रिय कर डेंगू के लार्वा नष्ट करने के लिए अभियान चलाएं। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी शिक्षण संस्थानों में प्रत्येक सप्ताह ह्लह्लड्राई डेह्लह्ल मनाया जाए, जिसमें सभी जल स्त्रोतों की सफाई की जाए एवं लार्वा न पनपने दिया जाए। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। कूलर, बाल्टी, फ्लावर पॉट, फ्रिज बकेट एवं अन्य जगहों पर पानी एकत्रित न होने दें। डेंगू के मच्छर दिन में काटते हैं, ऐसे में बच्चों को फुल बांह की कमीज पहनाएं। बैठक के अंत में डेंगू को भगाने के लिए शपथ भी दिलाई गई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि डेंगू के विरुद्ध जारी इस अभियान को गंभीरता से लें एवं जनता को इससे सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करें। सभी विभाग अपने स्तर पर सतर्कता बनाए रखें एवं आपसी समन्वय से कार्य करें।

# ऊर्जा क्षेत्र में आगामी सुधारों के दृष्टिगत डीएम ने की समीक्षा बैठक

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में प्रस्तावित आगामी सुधारों को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सुचारू विद्युत आपूर्ति, उपभोक्ताओं की संतुष्टि एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने कहा कि ऊर्जा सुधारों के दौरान आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए एक प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और किसी भी संभावित विरोध या जनाक्रोश की स्थिति में तत्काल नियंत्रण के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखें। उन्होंने विद्युत अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित विरोध के उपरांत भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, इसके लिए सभी प्रकार के वैकल्पिक उपाय ससमय कर लिए जाएं। एसई पी0ए0 मोगा ने बताया कि तीन एजेंसियों के माध्यम से मैनपावर उपलब्ध कराया जा रहा है। उपभोक्ताओं को किसी भी आपात स्थिति में सुविधा नहीं होने दी जाएगी। डीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत विभाग के कार्यों में सहयोग प्रदान करें एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी रखें। इसके अलावा उन्होंने आम जनता को ऊर्जा सुधारों के विषय में स्पष्ट व सटीक जानकारी देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। मुख्य महाप्रबंधक हरदुआगंज विद्युत तापीय परियोजना अतुल कुमार ने बताया कि विद्युत उत्पादन में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट, पुलिस अधीक्षक अपराध ममता कुरील, पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश उत्तम, अधीक्षण अभियंता शहरी एवं ग्रामीण सहित अधिशासी अभियंता (विद्युत) अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन जागृति व वामा सारथी के अंतर्गत महिला सम्मेलन का आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती ममता कुरील की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में जनपद के विभिन्न थानों एवं पुलिस कार्यालय में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों के लिए एक महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन ऑपरेशन जागृति एवं वामा सारथी के अंतर्गत आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य महिला पुलिस कर्मियों की व्यक्तिगत, प्रोफेशनल एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को जानना तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक कदम उठाना था। सम्मेलन में जिला हॉस्पिटल से गायनोकोलॉजिस्ट डॉ. सना खान तथा सीएचसी पुलिस लाइन डॉक्टर गजेन्द्र कुमार व फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। दोनों विशेषज्ञों ने महिला पुलिस कर्मियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सुनीं एवं उन्हें उचित चिकित्सा परामर्श प्रदान किया। साथ ही, उनके स्वास्थ्य सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, जिससे वे स्वस्थ रहते हुए अपनी पुलिस सेवा को सुगमता एवं दक्षता से निभा सकें। सम्मेलन में महिला कर्मियों को अपनी समस्याएं खुलकर रखने का अवसर दिया गया। पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा उनकी बातों को गंभीरतापूर्वक सुना गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण, कार्यस्थल पर समान अवसर, मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी जागरूकता प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन निरीक्षक सरिता सिंह द्वारा किया गया।

## विजय शाह पर राष्ट्रद्रोह की धाराओं में मुकदमा चलाया जाए: विवेक बंसल

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। गत माह सीमा पार से आये आतंकवादियों ने पहलहाम मे 26 पर्यटकों की हत्या करदी थी इस नरसिंघार से पूरे देश मे आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग उठ रही थी। इसी क्रम मे भारतीय सेनाओं ने इस माह के प्रारम्भ में आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिन्दूर अभियान चलाया जिसमे आतंकवादियों के नौ प्रमुख ठिकाने ध्वस्त कर दिये गये। ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान एक जांबाज योद्धा के रूप मे उभरी महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध भाजपा की मध्य प्रदेश सरकार के जनजातीय कल्याण मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी के प्रति काफी निम्नस्तर की भाषा का प्रयोग करते हुए ब्यान दिया था।

विजय शाह द्वारा दिये गये ब्यान के विरोध में पूरे देश मे गुस्से की लहर है अपने रोष को व्यक्त करने के उद्देश से पूर्व विधायक विवेक बंसल के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष के साथ कांग्रेसजनों ने एक भारी विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी रेलवे रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय से हाथों मे तिरंगे झंडे लेकर जुलुस के रूप मे मालगोदाम होते हुए कलेक्ट्रेट की और चले प्रदर्शनकारी भाजपा सरकार व भाजपा विरोधी नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। ये जुलुस जब पुलिस अधीक्षक नगर कार्यालय समक्ष पहुंचा तो वहॉ पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया वहां विवेक बंसल ने पुलिस अधीक्षक नगर व एसीएम द्वितीय से वार्ता की जिसके फलस्वरूप विवेक बंसल ने कार्यक्रम वहीं समाप्त कर दिया। इसके बाद वहॉ राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन एसीएम द्वितीय अनिल कटियार को दिया। ज्ञापन के द्वारा मांग की गई कि मंत्री विजय शाह को तत्काल बर्खास्त किया जाए और उसके खिलाफ राष्ट्रद्रोह की धाराओं में मुकदमा चलाया जाए। इस अवसर पर विवेक बंसल ने कहा कि सेना हमारी सुरक्षा का कवच्छ है कोई भी अपमान और कोई भी निंदनीय ब्यान जो भी इस देश और सेना से प्यार करता है वो इसको कदापि बर्दाश्त नहीं करेगा। विरोध प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीमती रूही जुबैरी, इं विश्वंभर सिंह, पूर्व अध्यक्ष हाजी नौशाद कुरैशी, पूरनचंद देशमुख, गया प्रसाद गिर्राज, अखिलेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष तल्हा अबरार, सलाउद्दीन वसी, मोहम्मद जियाउद्दीन राही, सय्यद शहजाद हुसैन, राजू सोल्जर, कफील अहमद खा, पार्षद बिजेंद्र सिंह बघेल, उजैर दिलशाद, लक्ष्मी नारायण, अमजद हुसैन, बाबुद्दीन अब्बासी, गोपाल निश्रा, ओम प्रकाश जी, शाहिद खान, एम जमाल खान, शाहिद कुरेशी, सरदार अजीत सिंह, अयाज कुरैशी, आमिर मुंतजिर, इरशाद फरीदी, आनंद बघेल, जितेंद्र कुमार तोशी आदि के साथ भारी संख्या मे कांग्रेसजन मौजूद थे।

## युवती को भगाने वाले सुभान को पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ा



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। थाना गभाना क्षेत्र में एक हिस्ट्रीशीटर की गिरफ्तारी हुई है, आरोपी सुभान उर्फ सलमान ने हिंदू नाम से अपनी पहचान छिपाकर एक घर में किराए पर कमरा लिया था। डेढ़ महीने में उसने वहॉ रह रही युवती को प्रेमजाल में फंसाया और भगा ले गया। पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी सुभान युवती के साथ क्षेत्र में ही छिपा है। रात में पुलिस ने घेराबंदी की, आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्यवाही में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, इस दौरान सुभान के पैर में गोली लगी। गोली लगते ही सुभान घायल हो गया और उसे पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवती को भी सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी संजीव तोमर के अनुसार आरोपी के पास से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवती को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## संपादकीय

# बहिष्कार 'एहसान फरामोश'

**तुर्किये** 'एहसान फरामोशी' का सबसे बदनाम उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी, 2023 में तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, करीब 40,000 लोग मारे गए थे, इमारतें 'मिट्टी-मलबा' हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने उसे मानवीय दायित्व समझा और पूरा अभियान चलाया। हमारे एनडीआरएफ के जवानों ने दबी हुई जिंदगियों को प्राण देने की कोशिश की, डॉक्टरों ने कई कमाल किए और भारत ने तुर्की अवाम के लिए भोजन-पानी के बंदोबस्त किए। बेशक तुर्किये एहसान न माने, लेकिन वह 'एहसान फरामोश' क्यों हुआ? भारत-पाक के हालिया सैन्य संघर्ष के दौरान उसने पाकिस्तान का साथ दिया, 350 से अधिक ड्रोन सप्लाई किए, समुद्री जहाज तक भेजा और सैनिक भी उस संघर्ष का हिस्सा बने। चूंकि सैन्य कार्रवाई के दौरान तुर्किये के 2 'ड्रोन ऑपरेटर' मारे गए, लिहाजा तुर्की सैनिकों की मौजूदगी की पुष्टि होती है। तुर्किये ने पाकिस्तान के समर्थन में बयान भी दिए। आखिर तुर्किये भारत-विरोधी क्यों हुआ? बहरहाल भारत की राष्ट्रीय प्रतिक्रिया यह सामने आई है कि टूर-ट्रैवल कंपनियों, औद्योगिक संगठनों, विश्वविद्यालय और सामाजिक-राजनीतिक संगठनों ने तुर्किये पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' कर दी है। करीब 250 फीसदी टूर और बुकिंग रद्द करवा दी गई हैं। तुर्किये और अजरबैजान जाने वाले पर्यटकों की बुकिंग में 60 फीसदी गिरावट आई है। यह सिलसिला अभी जारी है। ट्रैवल कारोबार से जुड़ी कंपनियों का आकलन है कि करीब 5000 करोड़ रुपए का नुकसान तुर्किये को होगा। 2024 में 3.30 लाख से अधिक भारतीय पर्यटक तुर्किये गए थे और करीब 2.43 लाख सैलानी अजरबैजान घूमने गए थे। छोटी और सीमित अर्थव्यवस्थाओं के लिए पर्यटकों की ये संख्या कम नहीं है। सेब, संगमरमर और अन्य सामान आयात करना व्यापारियों ने खुद ही बंद कर दिया है। 2023-24 में तुर्किये को हमने 3885 वस्तुओं का निर्यात किया और 2482 वस्तुओं का आयात भी किया, लेकिन अब बहिष्कार करने और पाबंदी लगाने की मांगें हुंकारों की तरह बुलंद हैं। 2023-24 में भारत ने तुर्किये से करीब 821 करोड़ रुपए के सेब खरीदे थे। राजस्थान और महाराष्ट्र में सबसे अधिक संगमरमर, करीब 14 लाख टन, तुर्किये से ही आयात किया जाता है।

भारत और तुर्किये के बीच वित्त वर्ष 2024 में द्विपक्षीय व्यापार 10.4 अरब डॉलर का हुआ था। 2000-24 के दौरान तुर्किये ने 240.18 मिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भारत में किया है। गौरतलब यह है कि तुर्किये की कंपनी 'सेलेबी' भारत के 9 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग का काम कर रही हैं। यह बेहद संवेदनशील व्यवस्था है। क्या भारत सरकार उनकी सेवाएं निलंबित करने पर विचार करेगी? दरअसल भारतीय पर्यटकों ने तुर्किये और अजरबैजान की अर्थव्यवस्था को हजारों करोड़ रुपए दिए। वहां नौकरियां बढ़ीं, होटल और विमानन क्षेत्र का विस्तार हुआ, भारत में कई परियोजनाओं के अनुबंध तय किए गए, तो तुर्किये की अर्थव्यवस्था ही बढ़ी। अब 'एहसान फरामोश' को दंडित करना ही चाहिए। भारत सरकार स्पष्ट करे कि वह देश के गुस्से और आक्रोश को कितना समर्थन दे रही है? वैसे तो चीन, तुर्किये, अजरबैजान ने भारत-पाक संघर्ष के दौरान दुश्मन का ही समर्थन किया और उसे सैन्य सहयोग भी दिया। भारत ने चीन के सरकारी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' और सरकारी न्यूज एजेंसी 'शिन्हुआ' के 'एक्स' अकाउंट को ब्लॉक कर दिया है। तुर्किये की सरकारी प्रसारक कंपनी 'टीआरटी वर्ल्ड' को भी बंद कर दिया गया है। चीन पर इससे अधिक पाबंदियां नहीं लगाई जा सकतीं, क्योंकि उसके साथ व्यापार का आंकड़ा सर्वाधिक है। चीन के एयर डिफेंस सिस्टम को भारतीय वायुसेना ने 23 मिनट के लिए बिल्कुल जाम कर दिया था। उसी दौरान भारत ने अपना सैन्य मिशन पूरा किया। चीन की हथियारबंद मौजूदगी का इससे प्रामाणिक सबूत और क्या हो सकता है? बहरहाल तुर्किये ने इस्लामी देशों का 'खलीफा' बनने का मुगालता पाल रखा है, लिहाजा उसकी हेकड़ी तोडऩा बहुत जरूरी है। भारत बहिष्कार या अन्य सख्त विकल्प पर विचार करे। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, अफगानिस्तान, कतर सरीखे प्रमुख इस्लामी देशों ने 'आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई' में भारत का समर्थन किया है। तुर्किये को उसके 'गिरगिटी रंग' के लिए सजा जरूर दी जानी चाहिए।

# अरुणाचली चाल है पाक के हक में चीन की बौखलाहट



ललित गर्ग

चीन अपनी दोगली नीति, षडयंत्रकारी हरकतों एवं विस्तारवादी मंशा से कभी बाज नहीं आता। वह हमेशा कोई ऐसी कुचेष्टा करता ही रहता है जिससे भारत चीन बॉर्डर पर अक्सर तनाव रहता है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो जाए, वह सुधरने वाला नहीं है।



पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद चीन बौखला गया है। पाकिस्तान की करारी हार एवं उसे दिये गये सबक को चीन पचा नहीं पा रहा है। चीन-पाक की सदाबहार दोस्ती के उदाहरण बार-बार सामने आते रहे हैं, हाल ही में सैन्य टकराव के दौरान चीन ने प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन ही नहीं किया, बल्कि सैन्य व आर्थिक मदद भी की। ऐसे ही संवेदनशील समय पर चीन ने भारतीय जमीन पर दावेदारी जताने एवं अरुणाचल के 27 स्थानों को चीनी नाम देने की कुचेष्टा की है। उसकी यह नापाक कोशिश भी पाक के साथ खड़े होने का ही प्रयास है। यह ध्यान रहे कि वह अरुणाचल एवं उसके अनेक क्षेत्रों, इनमें आवासीय क्षेत्रों के साथ पहाड़ और नदियां भी हैं, इनको पहले ही चीनी नाम दे चुका है। भारत सरकार ने अरुणाचल के भीतरी स्थानों को नए नाम देने के चीन के निराधार और बेतुके प्रयासों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए इसकी निन्दा की है। चीन अपनी दोगली नीति, षडयंत्रकारी हरकतों एवं विस्तारवादी मंशा से कभी बाज नहीं आता। वह हमेशा कोई ऐसी कुचेष्टा करता ही रहता है जिससे भारत चीन बॉर्डर पर अक्सर तनाव रहता है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो जाए, वह सुधरने वाला नहीं है।

निश्चित ही चीन की ये दकियानूसी हरकतें पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं, यह उसके दुस्साहस एवं उच्छृंखलता का द्योतक है। नाम बदलने से इस स्पष्ट और निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदला जा सकता कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। इस तरह की करतूतों, बचकानी एवं बेतूकी हरकतों से भारत को उकसाना चाहता है। इसी नीति के तहत वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी पैठ बना कर पुलों, सड़कों, व्यावसायिक केंद्रों आदि का निर्माण कर भारत की सीमा पर तनाव पैदा करने की भी कोशिश करता रहा है। शायद उसने यह मुगालता पाल लिया है कि ताजा घटनाक्रम से भारत दबाव में आ जाएगा लेकिन भारत अब ऐसे किसी दबाव में न तो आयेगा, बल्कि इनका सक्षम एवं तीक्ष्ण तरीके से जबाव देने में भारत सक्षम है। चीन का अधिक बौखलाहट एवं खीज का बड़ा कारण भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन, मिसाइल आदि की इस कदर पोल खोल कर रख दी कि अब उसके लिए दुनिया के निर्धन देशों को अपने दोयम दर्जे एवं घटिसा किस्म के चीनी हथियार बेचना कठिन होगा। पाकिस्तान ने जिस चीनी मिसाइल का इस्तेमाल किया था, उसे भारत ने नाकाम कर दिया।

चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता है। चीन भरोसे लायक देश नहीं है, चीन के प्रति कठोर रवैया जरूरी है। निस्संदेह नाम बदलने जैसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग, सावधान व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। भारत को चीन के साथ अपनी तिब्बत नीति पर भी नए सिरे से विचार करना होगा। पिछले तीसरे साल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के अनेक स्थानों के नाम बदले हैं। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दर्शाता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। जिसमें उसके सैनिक गलवान घाटी में घुस आए थे, जिन्हें रोकने में खूनी संघर्ष हुआ। तबसे दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। भारत के हिस्से की जमीन पर कब्जा करने के इरादे से वह चोरी-छिपे और चालबाजी से घुसपैठ करने की कोशिशें करता रहता है। चीन की विस्तारवादी नीति भारत सहित सम्पूर्ण एशिया के लिये ही नहीं, पूरे विश्व के लिए बड़ा खतरा है।

चीन भारत की बढ़ती ताकत एवं रूतबे से परेशान है। भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत चीन को चुभती रही है, इसलिए वह चोरी, चालाकी और चालबाजी से भारत को कमजोर करने की चालें चलता रहता है। दरअसल, सीमाओं को लेकर नित नए विवादास्पद तथ्य लाना चीन की फितरत में शामिल है। अरुणाचल प्रदेश ही नहीं, अक्साई चिन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर पर भी चीन अपना दावा जताता रहा है। शातिर और चालबाज चीन अरुणाचल के किसी दस्तावेज पर भारत का नाम स्वीकार नहीं करता। कुछ मौकों पर तो वह अरुणाचल को अपने नक्शे में शामिल कर दुनिया के सामने साबित करने की कोशिश कर चुका है कि वह उसका इलाका है। मगर भारत की तरफ से मिले सख्त प्रतिरोध की वजह, सामरिक शक्ति और रणनीतिक सूझ-बूझ से उसे हर बार मुंह की खानी पड़ी है।

भारत को अनेक मोर्चों पर चीन को आडे हाथ लेना होगा, सबसे जरूरी है चीन सामान का बहिष्कार, इस पर सरकार के साथ हमारे उद्योग जगत एवं आम जनता को भी गंभीरता से सोचना होगा। ऐसा करके ही चीन की कमर को तोड़ा जा सकता है, आज दुनिया के अनेक देश चीनी सामान का बहिष्कार कर रहे हैं, हमें भी कठोर कदम उठाने होंगे। भारत ने जब भी पाकिस्तान में पनाह पाए आतंकियों को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों की सूची में डलवाने का प्रयास किया, चीन संयुक्त राष्ट्र में अपने वीटो का प्रयोग कर उसे रोकने की कोशिश करता रहा है, जबकि पूरी दुनिया आतंकवाद के खिलाफ युद्ध का समर्थन करती रही है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा एवं ढोंग ही करता है।

भारत एवं चीन दोनों देशों के बीच संबंधों में आने वाली तल्खी की बड़ी वजह भी चीन की नीयत में खोट, उच्छृंखलता एवं अनुशासनहीनता ही है। चीन ने एक बार फिर अपनी इस हरकत से भारत के प्रति शत्रुता को ही जाहिर किया है। भारत के साथ चीन का बर्ताव हमेशा दोगला एवं द्वेषपूर्ण रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। जाहिर बात है कि चीन ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ एकजुटता दिखाने के लिये भी किया है। अपनी आर्थिक शक्ति के नशे में चूर अहंकारी चीन अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों को जिस तरह धता बता रहा है, उससे वह विश्व व्यवस्था के लिए खतरा ही बन रहा है। अब यह भी किसी से छिपा नहीं कि वह गरीब देशों को किस तरह कर्ज के जाल में फंसाकर उनका शोषण कर रहा है। चीन भूल गया है कि अब भारत 1962 वाला भारत नहीं है, यह नया भारत है और आज का भारत चीन को मिट्टी में मिलाने की ताकत रखता है। भारत की रणनीति साफ है, स्पष्ट है। आज का भारत समझने और समझाने की नीति पर विश्वास करता है लेकिन अगर हमें आजमाने की कोशिश होती है तो जवाब भी उतना ही प्रचंड देने में वह समर्थ हैं। भारतीय सेना में सरहदें बदल देने की क्षमता है, दुश्मनों को इरादों को ध्वस्त करने का मादा है इसलिये चीन अपने नक्शे में भले ही छेड़छाड़ करता रहे, लेकिन भारत की भूमि पर कब्जाने की उसकी मंशा अब कभी साकार नहीं होगी।

## 17 मई : इतिहास की अहम घटनाएं

1954 अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक मुकदमों में भूरा बनाम ब्राउन बोर्ड ऑफ एजुकेशन का फैसला सुनाया, जो पब्लिक स्कूलों में नस्लीय अलगाव को दर्शाता है क्योंकि 'अलग शैक्षणिक सुविधाएं स्वाभाविक रूप से असमान हैं।'

1970 थोर हेयरडाल ने इसी दिन मोरक्को से यात्रा की शुरुआत की और अटलांटिक महासागर को 57 दिनों में पार कर लिया।

1973 राष्ट्रपति अभियान गतिविधियों पर सीनेट की चयन समिति ने 17 मई, 1973 को वाशिंगटन डी.सी. में वाटरगेट घोटाले की सुनवाई शुरू की।

1974 उल्स्टर वालंटियर फोर्स ने 17 मई, 1974 को आयरलैंड के डबलिन और मोनाघन में चार कार बम विस्फोट किए, जिसमें 33 नागरिक मारे गए और 300 घायल हो गए। यह गणतंत्र के इतिहास का सबसे घातक आतंकवादी हमला था।

1975आयरलैंड के डबलिन और मोनाघन में बम धमाके में 28 लोग मारे गए।

1976 जापानी महिला श्रीमती जुनको तैबेई माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला बनी।

1978 मशहूर कॉमेडियन चार्ली चैपलिन का चुराया हुआ ताबूत खोज लिया गया। चार्ली की मौत स्विटजरलैंड में 1977 में हुई और उन्हें जेनेवा झील के पास दफनाया गया। लेकिन दो चोर ने उनके ताबूत को चुराकर उसके बदले चार लाख पाउंड की मांग की थी।

1980 दक्षिण कोरियाई सेना के जनरल चुन डू-ह्वान ने 17 मई, 1980 को देश भर में मार्शल लॉ का विस्तार किया और सरकार का नियंत्रण जब्त कर लिया। बाद में वे 1 सितंबर 1980 को दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति बने।

1980 पेरू के आम चुनाव की पूर्व संध्या पर, माओइस्ट्गुएरिला समूह शाइनिंग पाथ ने पेरू के आंतरिक संघर्ष की शुरुआत करते हुए, कैचची, अयाचूको शहर में एक मतदान स्थल पर हमला किया।

1983 इजरायल और लेबनान के बीच शांति संधि पर हस्ताक्षर हुआ।

1983 लेबनान और इज़राइल के बीच शांति बनाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका, इज़राइल और लेबनान द्वारा 1983 में 17 मई समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह समझौता असफलता के रूप में बदल गया क्योंकि इसे लेबनान के मुसलमानों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा और इसे थोपी गई शरणागति मान लिया गया।

1994 17 मई, 1994 को पहली बहु पार्टी मलावियन जनरल इलेक्शन हुए। मलावी कांग्रेस पार्टी को यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने हरा दिया, राष्ट्रपति और नेशनल असेंबली के लिए दोनों चुनाव जीते और इस तरह MCP के 30 साल के शासन का अंत हुआ।

1995 पेरिस के महापौर के रूप में 18 वर्षों के बाद, जैक्स शिराक फ्रांस के राष्ट्रपति के रूप में प्रतिष्ठित थे।

2004 मैसाचुसेट्स समलैंगिक विवाह को वैध करने के लिए पहला अमेरिकी राज्य बना।

2004 मैसाचुसेट्स 17 मई 2004 को एक ही-सेक्स विवाह लाइसेंस जारी करने वाला पहला अमेरिकी राज्य बन गया। मैसाचुसेट्स, बेल्जियम, ओन्टेरियो, ब्रिटिश कोलंबिया और क्यूबेक के बाद मैसाचुसेट्स दुनिया में छठे स्थान पर है।


2007 उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया की गाड़ियों ने दोनों सरकारों की अनुमति से 17 मई को एक परीक्षण रन में 38 वें समानांतर को पार किया। यह पहली बार था कि ट्रेनों ने 1953 के बाद से डिमिलिटरीकृत क्षेत्र को पार किया है।

2009 डालिया ग्राइबौस्साइट को लिथुआनिया की पहली महिला राष्ट्रपति चुना गया, जिसने 68.18 प्रतिशत वोट प्राप्त किया।

2013इराक में सिलसिलेवार बम विस्फोटों में 90 लोगों की मौत, 200 घायल।

## समसामयिक

# बुद्ध के परिव्राजक बनने का सत्य!



डॉ. सुरेश गर्ग

**बुद्धपूर्णिमा** को गौतमबुद्ध का जन्म एवं मृत्यु दिवस दुनिया ने श्रद्धा के साथ मनाया। विडंवना यह है कि जिस बौद्धधर्म ने भारतीय संस्कृति को दूर-दूर तक पहुँचाया, लेकिन उसी को उसके देश में ही नास्तिक धर्म कह कर सनातन धर्म से बाहर का रास्ता दिखा दिया! परन्तु वह अपने करुणा एवं क्षमा सिद्धांत की ताक़त पर आज भी दुनिया में जनसामान्य के बीच एक समतावादी एवं मानवतावादी समदृष्टि मूलक धर्म के रूप में अपनी महत्वपूर्ण जगह बनाये हुए है। क्योंकि यहाँ ईश्वर और आत्मा दोनों को न मानकर, मानव यानी उसके अंदर मौजूद चैतन्य को ही अंतिम सत्य माना गया है। इसलिए यह समतावादी मानवतावाद के बहुत नजदीक बैठता है! शायद, इसीलिए बाबा साहेब अंबेडकर ने गांधीजी को जो वचन दिया था कि-"यदि मैं कभी धर्म परिवर्तन करूंगा तो सनातनधर्म का नुकसान नहीं करूंगा"; उसे निबाहते हुए उन्होंने अंत में बौद्धधर्म अंगीकार किया। उनके द्वारा लिखी गयी अंतिम कृति-'भगवान बुद्ध और उनका धर्म' बुद्ध और बौद्धधर्म को समझने के लिए आमव्यक्ति के लिए अद्वितीय कुंजी है। उसके अनुसार कुछ ऐसे तथ्य सामने आते हैं, जो बरसों से चली आ रही मान्यताओं के विपरीत हैं। जैसे आज सर्वमान्य रूप से यह प्रचलित है कि राजकुमार सिद्धार्थ एक दिन महल से बाहर निकले, तब उन्होंने अपने जीवन में पहली बार एक वृद्ध, एक बीमार और एक मृत की शवयात्रा देखी, तो उसकी प्रतिक्रियास्वरूप उनका जीवन से मोहभंग हो गया और वे जीवन का सच जानने राजमहल छोड़ कर जंगल में निकल गये...!

उपरोक्त पुस्तक के अनुसार सिद्धार्थ के परिव्राजक बनने की कथा अलग है। उस समय कौशल राज्य में शाक्यसंघ बहुत प्रभावशाली हुआ करता था। प्रत्येक रहवासी को 20 वर्ष की उम्र में दीक्षा लेकर उसका सदस्य बनकर एक अनुशासित सिपाही की तरह काम करना जरूरी हुआ करता था। जैसे ही राजकुमार सिद्धार्थ की उम्र 20 वर्ष हुई, उन्होंने संघ के नियमों की शपथ लेते हुए दीक्षा ली और आठ वर्ष तक अनुशासित रूप से काम करते रहे। तभी शाक्यों और पड़ोसी कोलियों के राज्य के बीच मौजूद 'रोहणी' नदी के पानी के उपयोग पर तय समझौते को लेकर दोनों के बीच कड़ा संघर्ष हो गया। उस घटना को लेकर शाक्यसंघ की सभा बुलाई गयी, जिसमें बहुमत से यह निर्णय लिया गया कि कोलियों पर हमला करके हमेशा के लिए इस समस्या से छुटकारा पाया जाये। परन्तु सिद्धार्थ युद्ध के ख़िलाफ़ थे। उनका कहना था हिंसा का जवाब हिंसा नहीं हो सकती! उनके अनुसार दो व्यक्ति उनके और दो अपने तथा एक दोनों की सहमति से चुनकर, ये पाँच लोग बहुमत से जो निर्णय करें वह दोनों पक्ष के लिए मान्य हो। परन्तु संघ का सेनापति इसके लिए तैयार नहीं हुआ और उसने सभा के सामने युद्ध का प्रस्ताव रखा; जिसे बिना किसी विरोध के स्वीकार कर लिया गया। परन्तु सिद्धार्थ ने इसका विरोध किया, इसलिए वे संघ का अनुशासन तोड़ने के अपराधी हुए। इस जुर्म के लिए संघ के नियमानुसार सिद्धार्थ को तीन सजाओं में से एक को भुगतना था। 1 युद्ध में भाग लेना 2 फांसी या देश निकाला 3 परिवार का सामाजिक बहिष्कार और खेतों की जब्ती! सिद्धार्थ ने फांसी या देश निकाला स्वीकार किया। परन्तु इस निर्णय से संघ के सामने धर्मसंकट खड़ा हो गया कि राजकुमार को यह सजा देने से नरेश नाराज़ हो सकते हैं? उससे बचने के लिए सिद्धार्थ ने सुझाया कि- 'मैं स्वेच्छा से 'प्रव्रज्या' ले लेता हूँ, तो यह देश निकाला ही माना जायेगा'। इस प्रकार वे परिव्राजक बन कर निकल गये, न कि वैसे जैसे कथानकों में प्रचलित है!

इस कथानक को पढ़कर प्रश्न उठते हैं कि- कौन-सा कथानक सही है? बाबा साहेब के लिखे को भी काल्पनिक नहीं माना जा सकता! यह भी नहीं माना जा सकता कि कोई राजकुमार 29 वर्ष तक सामान्य मानव जीवन से अनभिज्ञ रहे उसने किसी बीमार, वृद्ध और मृत को देखा ही न हो? इस कथानक से यह लगता है कि 2500हज़ार वर्ष पहले भी नदियों के पानी को लेकर युद्ध की स्थिति पैदा हुआ करती थी! और एक सामान्य युवक सिद्धार्थ युद्ध का विरोध करते हुए राजपाट छोड़ कर वनवास जाने को सहर्ष तैयार हो जाता है। फलस्वरूप उसके बाद दोनों पक्षों में शांति समझौता हो जाता है! मतलब, हिंसा का जवाब हिंसा न तब था, और न कभी हो सकता! फिर भी आज दुनिया में युद्ध के द्वारा वैसी ही समस्याएँ स्थाईहल के नाम पर सुलझाने की बात की जा रही हैं! जो मरीचिका ही हो सकती है! यदि मानवता को बचाये रखना है तो बुद्ध, गांधीं द्वारा बताया गया सत्य-अहिंसा का मार्ग ही अपनाना होगा, वरना 'महाभारत' की तरह सर्व विनाश सुनिश्चित है!

# फसलों की विविधता को कम करेगी बढ़ती गर्मी



विजय गर्ग

ग्लोबल वार्मिंग दुनिया में फसलों की विविधता को कम कर सकती है। एक नए अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि यदि वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है, तो विशाल क्षेत्र फसल विविधता खो सकते हैं, जिससे विश्वव्यापी खाद्य सुरक्षा के लिए जोखिम बढ़ सकता है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि उच्च तापमान के कारण वैश्विक खाद्य उत्पादन का लगभग एक तिहाई हिस्सा खतरे में पड़ सकता है। फिनलैंड के आल्टो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नेचर फूड में प्रकाशित शोध में बताया कि तापमान, वर्षा पैटर्न और समग्र शुष्कता में परिवर्तन किस तरह दुनिया भर में 30 प्रमुख खाद्य फसलों के विकास को प्रभावित करेंगे।

शोध के परिणाम बताते हैं कि निम्न अक्षांश क्षेत्र, खास कर उष्णकटिबंधीय देशों के बड़े हिस्से सबसे अधिक नुकसान उठाने वाले हैं। जैसे-जैसे तापमान बढ़ेगा, इन क्षेत्रों में कृषि के लिए बहुत अधिक भूमि अनुपयुक्त होती जाएगी। साथ ही उगाई जा सकने वाली फसलों की विविधता में भी भारी गिरावट आएगी। अध्ययन का नेतृत्व करने वाली शोधकर्ता सारा हेइकोनेन ने कहा कि विविधता के नुकसान का मतलब है कि कुछ क्षेत्र में खेती के लिए उपलब्ध खाद्य फसलों के दायरे में काफी कमी आ सकती है। इससे खाद्य सुरक्षा कम होगी और पर्याप्त कैलोरी और प्रोटीन प्राप्त करना अधिक कठिन हो जाएगा।

इन बदलती परिस्थितियों से दुनिया के मौजूदा खाद्य फसल उत्पादन का आधा हिस्सा प्रभावित हो सकता है। चावल, मक्का, गेहूं, आलू और सोयाबीन जैसी प्रमुख फसलों को उपयुक्त कृषि भूमि में भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। इससे उन लोगों के लिए चुनौतियां बढ़ सकती हैं जो दैनिक पोषण के लिए इन फसलों पर निर्भर हैं। कई अन्य फसलें भी असुरक्षित हैं जिनमें अनाज और दालों के अलावा उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में उगने वाली जड़ वाली फसलें शामिल हैं। जिमीकंद जैसी जड़ वाली फसलें कम आय वाले क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। अफ्रीका के सहारा रेगिस्तान के दक्षिण में स्थित देश सबसे अधिक प्रभावित होंगे।

यदि ग्लोबल वार्मिंग 3 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाती है तो इन देशों में वर्तमान उत्पादन का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा खतरे में पड़ जाएगा। वैश्विक तापमान का असर सब जगह एक जैसा नहीं होगा। नया अध्ययन निम्न अक्षांश और मध्य से उच्च अक्षांश क्षेत्रों (भूमध्य रेखा और ध्रुवीय क्षेत्रों के बीच में गर्म और ठंडी जलवायु वाले क्षेत्र) के बीच एक स्पष्ट अंतर को दर्शाता है। भूमध्य रेखा के नजदीकी देशों को जहां फसल की भारी क्षति और विविधता में गिरावट का सामना करना पड़ सकता है, वही ठंडी जलवायु वाले देश अपने समग्र उत्पादन स्तर को बनाए रख सकते हैं।



वैज्ञानिकों ने यह भी अनुमान लगाया है कि मध्य और उच्च अक्षांश वाले क्षेत्र गर्म होती दुनिया में फसलों की एक विस्तृत श्रृंखला की खेती करने में सक्षम हो सकते हैं। अध्ययन के वरिष्ठ लेखक मैटी कुम्मू का कहना है कि जलवायु में अनुकूल बदलाव अधिक पैदावार की गारंटी नहीं देता है। जलवायु परिवर्तन से कुछ स्थानों पर उत्पादन बढ़ सकता है लेकिन वार्मिंग नए कीट पैदा कर सकती है और चरम मौसम की घटनाएं ला सकती है।

खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे देश, खास कर अफ्रीकी देश पहले से ही कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं क्योंकि बढ़ते तापमान अन्य सामाजिक और आर्थिक दबावों के साथ मेल खाते हैं। कई कम अक्षांश वाले क्षेत्रों में, खास तौर पर अफ्रीका में, दुनिया के अन्य क्षेत्रों की तुलना में पैदावार कम है। ये देश उर्वरकों और सिंचाई तक अपनी पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ उत्पादन और भंडारण श्रृंखला के माध्यम से खाद्य नुकसान को कम करके वे अधिक पैदावार प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि वैश्विक गर्मी इन अनुमानों में बहुत अधिक अनिश्चितता जोड़ेगी और संभवतः और भी अधिक कार्रवाई की आवश्यकता होगी, जैसे कि अनुरूप फसल का चयन करना और प्रजनन के नए तरीके अपनाना। मॉडल के जरिए अध्ययन और विश्लेषण करना आसान लगता है लेकिन यह समझना सबसे कठिन है कि बदलाव कैसे किए जाएं।

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि कम अक्षांश वाले देशों में नीति-निर्माताओं को कृषि के इंफ्रास्ट्रक्चर में अंतर को पाटने के तरीकों की तलाश करनी चाहिए। साथ ही अधिक प्रतिकूल बढ़ती परिस्थितियों के लिए भी तैयार रहना चाहिए। ऐसे प्रयासों के बिना स्थानीय समुदायों को, जो पहले से ही खाद्य कमी के खतरे में हैं, आने वाले वर्षों में और भी अधिक संघर्ष करना पड़ेगा। दुनिया की खाद्य फसलों को सुरक्षित करना मध्य और उच्च अक्षांश वाले क्षेत्रों के लिए किसानों और नीति निर्धारकों को लचीला बने रहना होगा। गर्मी नई फसलों के लिए द्वार खोल सकती है, लेकिन वैश्विक मांग और बाजार की ताकतों में बदलाव लोगों द्वारा खेती के लिए चुने जाने वाले तरीकों को और भी बदल सकते हैं। नई स्थितियों से निपटने के लिए किसानों द्वारा जो तरीके अपनाए जा सकते हैं, उनमें विभिन्न फसल किस्मों के साथ प्रयोग करना, रोपण के मौसमों को समायोजित करना तथा गर्म मौसम और कीटों से निपटने के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश करना शामिल है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि अगर हम भविष्य में अपनी खाद्य प्रणाली को सुरक्षित करना चाहते हैं, तो हमें जलवायु परिवर्तन को कम करना पड़ेगा और इसके प्रभावों के अनुकूल होना पड़ेगा। भले ही सबसे बड़े परिवर्तन भूमध्यरेखीय क्षेत्रों में हों, हम सभी वैश्विक खाद्य प्रणाली के माध्यम से इन प्रभावों को महसूस करेंगे। अतः हमें इन समस्याओं को दूर करने के लिए मिलकर काम करना पड़ेगा। इस अंतर्संबंध का मतलब है कि दुनिया के एक हिस्से में जलवायु द्वारा संचालित फसल विफलताओं का असर समस्त सप्लाई चेन पर पड़ेगा, जिससे हर जगह खाद्य कीमतों और उपलब्धता पर असर पड़ सकता है। अध्ययन इस बात पर जोर देता है कि जलवायु परिवर्तन को कम करना आवश्यक है, लेकिन एक गर्म और अधिक अप्रत्याशित ग्रह पर उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों से निपटने के लिए बेहतर योजना बनाना भी उतना ही जरूरी है।

# जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक संपन्न हुई

नेशनल एक्सप्रेस, डी के सिंह

कानपुर नगर जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज जिला सैनिक बन्धु की बैठक संपन्न हुई।

बैंठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम सम्बोधन किया गया कि हाल ही में ऑपरेशन सिन्दूर के अंतर्गत तीनो सेनाओं के शौर्य और पराक्रम ने राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है ।इसके लिये हम सभी सैनिकों, पूर्व सैनिकों तथा वर्तमान में सेवारत वीरो के प्रति अभार प्रगट करते है ।जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देशित करते हुए किया कि वे पूर्व सैनिकों एवं सेवारत सैनिकों की समस्याओं को समझे और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें ।इसके साथ-साथ जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्यालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके पास आने वाले सैनिकों एवं उनके परिजनों का यथोचित सम्मान करते हुए उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील ढ़ग से समाधान किया जाये ।बैठक में प्राप्त

## दस (10) शिकायती प्रकरणों पर की गई सुनवाई

सेवारत सैनिक सत्येन्द्र कुमार उत्तम निवासी ग्राम-सतबरी, जिला- कानपुर नगर का यूनिट के माध्यम से प्राप्त शिकायती पत्र के अनुसार प्लाट क्रय करने पर धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में लाया गया ।सम्बन्धित शिकायती पत्र पर बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारी को प्रकरण हस्तगत कराते हुये अविलम्ब निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया ।

पूर्व सैनिक सिपाही राजेन्द्र कुमार सिंह, निवासी मकान संख्या-831, मौजा अहिरवॉ, जिला-कानपुर नगर द्वारा शिकायत की गई कि चोरी हुई जिसकी सूचना दिनांक 29-07-2024 को दर्ज होने के उपरान्त आज तक चोरी का खुलासा नही हो सका हैं । जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित शिकायती पत्र को बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारी को हस्तगत कराते हुये अविलम्ब निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया ।

पूर्व सैनिक एल0डी0 गजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम-गदनखेड़ा, पोस्ट-रायपुर, कानपुर नगर से प्राप्त षिकायती पत्र के अनुसार भूमिधरी जमीन को अवैध तरीके से दबंगो द्वारा कब्जा किया गया हैं। इस प्रकरण पर जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी, घाटमपुर को अवगत कराते हुये प्रकरण प्राथमिकता पर अविलम्ब निस्तारण हेतु निर्देषित किया गया ।

सेवारत सैनिक हवलदार नवाब सिंह निवासी हिरनी, पोस्ट-पतारा, तह0-घाटमपुर, कानपुर नगर के यूनिट से प्राप्त प्रार्थना पत्र के अनुसार सरकारी आम रास्ता को गॉव के व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किये जाने पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी घाटमपुर से दूरभाष पर वार्ता किया , जिस पर उपजिलाधिकारी धाटमपुर द्वारा अवगत कराया गया कि प्रकरण के निस्तारण हेतु राजस्व की टीम मौके पर भेजी गयी हैं ।



सेवारत सैनिक रिसालदार मेजर राम शंकर दीक्षित की यूनिट से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र के अनुसार जमीनी विवाद चन्द्रपाल से होना पाया गया, जिस पर अपरजिलाधिकारी (नगर) द्वारा दूरभाष पर चन्द्रपाल से वार्ता की गई और दूरभाष पर सेवारत सैनिक को मौके पर उपस्थित रहकर विवादित भूमि की राजस्व की टीम के साथ पैमाइश कराने के लिये सलाह दी गई ।

पूर्व सूबेदार मेजर स्वतंत्र कुमार मिश्र निवासी एस0एफ0-630, सुन्दर नगर, पनकी, कानपुर के षिकायती पत्र जमीन के नाम पर धनराशि की धोखाधड़ी का प्रकरण प्रकाश में आया,जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित शिकायती पत्र को बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारी को हस्तगत कराते हुये अविलम्ब निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया ।

पूर्व सैनिक सार्जेन्ट जंगलाल निवासी ग्राम-पिपरवॉ, तहसील-नरवल, कानपुर का शिकायती पत्र आराजी संख्या-152 क को वन विभाग व अवैध व्यक्तियों द्वारा कब्जा किये जाने का प्रकरण प्रकाश में आया, जिस पर अपरजिलाधिकारी (नगर) द्वारा दूरभाष पर उपजिलाधिकारी नर्वल को प्रकरण के सत्यापन के उपरान्त अविलम्ब यथोचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया ।

पूर्व सैनिक राम कुमार निवारी ग्रा0-मंधना, बिठूर, कानपुर का शिकायती पत्र केन्द्रीय सैनिक बोर्ड, नई दिल्ली को प्रेशित किया गया, जिस पर निदेशक, सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, उ0प्र0, लखनऊ के द्वारा सैनिक बन्धु की बैठक में प्रकरण निस्तारण कराने हेतु प्रेषित किया गया ।जिस पर अपर जिलाधिकारी (नगर) द्वारा स्टेशन हेड क्वार्टर्स कानपुर से आये प्रतिनिधि से वार्ता कर अवगत कराया कि सेना की भूमि का नक्शा व कागजात के आधार पर सेना इस पर कार्यवाही करे यदि प्रशासन की आवश्यकता होती हैं, तो ऐसी स्थिति में प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहेगा ।

भूतपूर्व सैनिक बृजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम-विपौसी, पोस्ट-कमालपुर, तह0-नर्वल, कानपुर का शिकायती पत्र प्राप्त हुआ, जिसके अनुसार ससुरालीजनो पर पूर्व पत्नी के जेवरात हड़प लिये जाने का प्रकरण प्रकाश में आया, जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित षिकायती पत्र को बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारी को हस्तगत कराते हुये अविलम्ब निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया

पूर्व सैनिक सार्जेन्ट हरि पाल सिंह निवासी मकान संख्या- 600/1, विमान नगर, हरजेन्दर नगर, कानपुर का शिकायती प्रार्थना पत्र के द्वारा फर्जी मुकदमें में फसाये जाने एवं प्रकरण की विवेचना किसी अन्य अधिकारी से कराये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त हुआ ।जिस पर अपर जिलाधिकारी (नगर) द्वारा पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि उक्त प्रकरण ए0सी0पी0 चकेरी के पास विवेचना हेतु लम्बित हैं । इस पर आश्वास्त किया गया कि प्रशासन द्वारा फर्जी मुकदमें में नहीं फसाया जायेगा।

इसके साथ-साथ दिनांक 20 फरवरी,2025 को सम्पन्न जिला सैनिक बैठक में प्राप्त 06 प्रकरण में से तीन ऐसे प्रकरण, जिनका अभी तक निस्तारण नही हो पाया था, उन प्रकरणों को पुनः प्रस्तुत किया गया, जिसमें दो प्रकरण के0डी0ए0 से सम्बन्धित एवं भूमि विवाद से सम्बन्धित था । जिस पर जिलाधिकारी द्वारा प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को अगली बैठक से पूर्व प्रकरण निस्तारित कराते हुये निस्तारण से सम्बन्धित रिपोर्ट से जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कानपुर नगर को भी संज्ञानित कराये ।

***ये रही तत्परता***

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर ग्राम हिरनी अंतर्गत आज जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में उठाए गए नवाब सिंह सैनिक की भूमि विवाद संबंधी प्रकरण की जांच व निस्तारण इसके अतिरिक्त ललिता देवी के भूमि विवाद संबंधी समस्या का स्थलीय निरीक्षण एवं मौके पर ही समाधान किया गया। ग्राम सभा की भूमि का सीमांकन कराकर ग्राम प्रधान को सुपुर्दगी में दिया गया। इस प्रकार, आज ही ग्राम हिरनी ने 3 भूमि विवादों का निस्तारण किया गया।

बैठक में जिला सैनिक बन्धु गठन के नामित सरकारी सदस्य / गैर सरकारी सदस्य के साथ साथ मेजर योगेन्द्र कटियार, उपाध्यक्ष जिला सैनिक बन्धु कानपुर नगर उपस्थित रहे ।

# सिख वेलफेयर सोसाइटी द्वारा तुर्की का बायकॉट किया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




**कानपुर,** सिख वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भारत पाकिस्तान के बीच में भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकवादियों के कैंप में कार्यवाही करने पर बहुत से देश ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया उसी में तुर्की एक ऐसा देश था जिसने भी पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़ा हुआ उसके विरोध में शुक्रवार को कानपुर में बुक माई हॉलीडे में जिन लोगों को पर्यटन के क्षेत्र में एक अच्छा काम करते हैं वहां पर कार्यकर्ता एकत्रित हुए तुर्की बायकॉट,बायकॉट तुर्की टूरिज्म तख्तियां लिए हुए थे साथ साथ जो कानपुर के नागरिक आने वाले समय में तुर्की के इस्तांबुल, अंटालिया और अन्य जैसे शहरों में जाते थे आज इस एजेंसी में आकर कई लोगों ने सिख वेलफेयर सोसाइटी के आह्वान पर भारत विरोधी ताकते को हर तरीके से सबक सिखाने के लिए उन्होंने अपने आरक्षण जो मई, जून में कर रखे थे पूरी तरीके से कैंसिल कराए और यहां पर उपस्थित लोगों ने कहा कि देश प्रथम है उसके बाद कुछ है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी और देश की सेना जो लगातार आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दे रही हैं ऐसे आतंकवादियों के साथ जो भी देश खड़ा होगा।

भारत की जनता भी ऐसे लोगों को हर तरीके से मुंह जोड़ जवाब देगी कंपनी के डायरेक्टर जसबीर जुनेजा ने बताया कि उन्होंने खुद ही तुर्की की टिकट जो लोगों ने आरक्षित कराए हुए थे उनका फोन करके बुलाया और टिकट जिन लोगों ने कराए थे वह खुद आए भी और उन्होंने स्वेच्छा से राष्ट्र के साथ खड़े होकर ऐसी जगह के टिकट कैंसिल कराए।

सिख वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार गुरिंदर सिंह छाबड़ा ने बताया इस तरीके के कार्यक्रम जो भारत के खिलाफ है उनके लिए हमेशा चलते रहेंगे भारत का हर नागरिक भारत सरकार के साथ और भारत की सेना के साथ खड़ा है। वही मुख्य रूप से रिंपी बिंद्रा,डॉक्टर मनप्रीत सिंह भट्टी,गगन सोनी,रविंद्र सिंह सोमी,रविंद्र सिंह (सोनू),एस पी सिंह केसरी,जसबीर जुनेजा, चनबीर सिंह भाटिया आदि उपस्थित रहे।







कानपुर ऑफिस दैनिक नेशनल एक्सप्रेस में धूम-धाम से 44वीं वर्षगांठ मनाई गई जहां पर सीईओ वेंकटेश गुप्ता ने केक काटकर एक दूसरे को खिला कर वीडियो के माध्यम से संपादक विपिन गुप्ता ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गोल्डी मसाले के मालिक सुरेंद्र गुप्ता,वरिष्ठ पत्रकार डी के सिंह,के.के साहू,चंदन जायसवाल,मो.आमिर,स्वप्निल तिवारी,अनिल वर्मा सहित पत्रकार मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जागरूकता संगोष्ठी का हुआ आयोजन, दी गई जानकारी

नेशनल एक्सप्रेस, उत्कर्ष सिंह



कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी कानपुर देहात के सभागार में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० ए०के० सिंह द्वारा की गयी। संगोष्ठी में डा० शलभ मोहन उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मारूति दीक्षित, जिला मलेरिया अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। परिचर्चा में प्रतिभागियों को डेंगू के कारण, लक्षण, उपचार तथा बचाव के संबंध में जानकारी दी गयी। सभी को अवगत कराया गया कि डेंगू रोग वायरस के कारण होता है एवं यह मादा ऐडीज मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर साफ पानी में पनपता है। अतः अपने आस पास जल भराव न होने दें। पानी के स्रोतों. टंकियों आदि को ढक कर रखें। गमले, कूलर, फूलदान आदि को प्रत्येक सप्ताह खाली कर उनका पानी अवश्य बदल दें। घर के आस-पास कूडा जमा न होने दें। फ्रिज के पीछे की ट्रे को साप्ताहिक रूप से साफ करें। जिससे मच्छरों के पनपनें की सम्भावना को कम किया जा सकें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि अधिकांश डेंगू मरीज पूर्ण आराम, पर्याप्त तरल पदार्थ लेने, पैरासिटामाल के सेवन तथा सही इलाज से ठीक हो जाते हैं। मात्र कुछ ही मरीजों को प्लेटलेट्स चढाने की आवश्यकता पड़ती हैं। उनके व्दारा बताया गया कि सही इलाज होने के साथ-साथ डेंगू से बचाव के लिए सही जानकारी होना तथा मच्छरों को पनपने से रोकना आवश्यक हैं। जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि डेंगू बीमारी से बचने के लिये मच्छरदानी लगाकर सोयें, पूरी बांह के कपडे पहने, मच्छर रोधी कीम, अगरबत्ती, क्वाइल, रिपेलेंट लिक्विड आदि का प्रयोग कर स्वयं को मच्छरों के काटने से बचायें। तेज बुखार आना, सिर दर्द होना, आँखों के पीछे तेज दर्द होना, उल्टी / मितली लगना, शरीर पर चकत्ते पडना, रक्त स्राव होना, जैसे लक्षणों के होने पर तत्काल नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर रक्त की जांच करायें तथा चिकित्सीय परामर्श के अनुसार उपचार लें।

# पिंटू सेंगर मर्डर केस में जेल भेजे गए दीनू उपाध्याय उर्फ धीरज का एक और वीडियो सामने आया है

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

- इस वीडियो का भी पुलिस ने संज्ञान लेते हुए जांच बैठा दी है, इसमें दीनू और उसका गैंग एक्सीडेंट होने के बाद एक युवक को धमकी दे रहा है

पिंटू सेंगर मर्डर केस में जेल भेजे गए दीनू उपाध्याय उर्फ धीरज का एक और वीडियो सामने आया है। इस वीडियो का भी पुलिस ने संज्ञान लेते हुए जांच बैठा दी है। इसमें दीनू और उसका गैंग एक्सीडेंट होने के बाद एक युवक को धमकी दे रहा है।

पुलिस ने इस मामले में भी पीड़ति से रिपोर्ट दर्ज कराने की अपील की है। इसके साथ ही दीनू से प्रताड़ति या फिर दीनू गैंग से जुड़ी आपराधिक मामलों की पुलिस से सूचना देने की अपील की है। इससे कि गैंग पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

**पुलिस ने दूसरे वीडियो को भी जांच में किया शामिल**

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि दीनू उपाध्याय और उसके गैंग की गुंडागर्दी का 55 सेकेंड का एक दूसरा वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में दीनू और उसका गैंग हादसे के बाद एक युवक को धमकाते हुए नजर आ रहा है।




गैंग युवक को घेरे हुए खड़ा है। दीनू युवक को धमकाते हुए बोल रहा है कि तुम मुझको बता रहे हो कि एक्सीडेंट हो गया, ये नहीं बताया कि उसका हाथ टूट गया है। उसके हाथ टूटने की बात नहीं बताई, बता रहे हो कि मेरी गाड़ी टूट गई है।

अगर तुम परिचित नहीं होते तो गाली देते हुए कहा कि तुम्हारी ऐसी तैसी कर देते। थाने ले जाकर इतना मारेंगे कि नेतागीरी भूल जाओगे। अपना फोन देते हुए कहा कि जिसको फोन लगाना है, लगाओ देखते हैं तुम्हारी नेतागीरि। गलत बात क्यों कर रहे हो यार। कुछ कहा नहीं जा रहा तब भी नेतागीरी कर रहा हैङ्क।

**इस मामले में भी FIR दर्ज करेगी पुलिस**

दीनू के मामलों की जांच कर रही पुलिस टीम ने इस मामले का भी संज्ञान लिया है। जल्द ही मामले में भी दीनू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सकती है। इससे पहले दीनू का जेड स्क्वॉयर मॉल में गैंग के साथ मारपीट और तोड़फोड़ करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस ने जिसका संज्ञान लेते हुए दीनू गैंग के खिलाफ कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की है। ठीक उसी तरह अब इस वीडियो में भी पुलिस एक्शन लेगी।

## धर्मशास्त्रोक्त विधि से सम्पन्न करने चाहिए संस्कार आचार्य अभिषेक शुक्ल

**कानपुर,** बाबा महाकालेश्वर मन्दिर के छब्बीसवें वार्षिकोत्सव पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर आचार्य अभिषेक शुक्ल जी ने कहा कि भगवान् श्रीकृष्ण को विप्रपत्नियों ने चतुर्विध (चोष्य,चर्व्य,पेय और लेह्य) भोजन प्रदान किया,वैदिकधर्म में आहार का विशेष महत्त्व है,जिस प्रकार का आहार ग्रहण किया जाता है,उस प्रकार की बुद्धि होती है, अतः मनुष्य को आपत्काल में भी, जीवनरक्षार्थ भी यथाशक्ति सात्त्विक आहार ग्रहण करना चाहिए, न्यायार्जित धन से जो आहार प्राप्त होता है वह शान्तिप्रद होता है, रासपंचाध्यायी,उद्धव चरित्र,रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा विवाह एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण संस्कार है,जिसे यथासम्भव धर्मशास्त्रोक्त विधि से ही करना चाहिए,इससे दाम्पत्य-जीवन अधिक सुखद एवं स्थायी रहता है प्रणय-परिणय आदि में भी शास्त्रीय विधान की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए, धूमधाम के साथ श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाहोत्सव मनाया गया,

इस अवसर पर आयोजक विजयलक्ष्मी शर्मा,दीपा निगम,वीरेंद्र मिश्र,पुष्पा सिंह चौहान, नेहा मिश्रा, राघवेन्द्र मिश्रा,अजित श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, अनीता अग्रवाल, निखिल शुक्ल,विनय बाजपेयी, शशिकान्ति. शर्मा एवं विविध सम्मानित जन उपस्थित रहे।

## जनपद में संचालित अनुसूचित जाति/ जनजाति योजना अंतर्गत कृषक करें आवेदन

कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला उद्यान अधिकारी डॉ बल्देव प्रसाद ने बताया कि जनपद में संचालित अनुसूचित जाति/जनजाति (राज्य सेक्टर) योजना वर्ष 2025-26 में संकर कद्दूवर्गीय (लौकी) 6.0 हे0, संकर शिमला मिर्च 2.0 हे0, संकर टमाटर 7.0 हे०, संकर मसाला मिर्च 4.0 हे०, प्याज 5.0 है०, गेंदा 3.0 हे0, आई०पी०एम० 4.0 हे०, मौन वंश एवं मौन गृह सं० 20 यूनिट आदि हेतु भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुये है। उक्त कार्यक्रमों में 75 से 90 प्रतिशत अनुमन्य अनुदान डी.बी.टी. के माध्यम से निवेश के रूप में प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर दिया जायेगा, इच्छुक कृषक दिनांक 15 जुलाई 2025 तक आनलाइन उद्यान विभाग की बेवसाइट dbt.uphorticulture.in पर पंजीकरण कराते हुये मूल आवेदन पत्र के साथ बैंक पासबुक, आधार कार्ड, खतौनी की छायाप्रति एवं दो फोटो मोबाइल नम्बर तथा अनुसूचित जाति के कृषक होने का प्रमाण-पत्र सहित कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, विकास भवन माती, कानपुर देहात, कमरा न.-312 योजना प्रभारी पूनम अवस्थी, सहायक उद्यान निरीक्षक, मो.न.-6393120747 को उपलब्ध करा योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

# भाजपा कानपुर उत्तर द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा निकली गई



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर,भाजपा कानपुर उत्तर द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा निकली गई वही आपको बता दें कि मोतीझील स्थित पूर्व नगर प्रमुख स्वः सरला सिंह के आवास से भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा का शुभारम्भ किया गया। यात्रा में सैकड़ो वाहनो और कार्यकर्ताओं के साथ शहीद शुभम द्विवेदी के आवास से होते हुए फूलबाग स्थित नानाराव पार्क पर समाप्त हुई।

जीत प्रताप सिंह ने बताया की हम सबको ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपरांत फिर एक बार एकजुट होकर अपने इस राष्ट्रीय प्रतीक का सम्मान करना है। इस उद्देश्य से एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जो की आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

वही प्रमुख रूप से मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष कानपुर उत्तर अनिल दीक्षित, सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडेय,कमल तिवारी, अरुण शर्मा,जया शुक्ला, मंगला मुखी मन्नत माँ,पूनम कपूर, अजय भदौरिया,अश्वनी गौतम ,विजय सेंगर,अशोक दद्दा,उमेश निगम, अनुपम मिश्रा,अभिषेक द्विवेदी, शिवांग मिश्रा,अनीता चतुर्वेदी, सरोज सिंह,अक्कु शुक्ला,सत्यम भदौरिया, कौशलेंद्र परिहार,अंकित प्रताप सिंह,अभिमन्यु सक्सेना एवम अन्य वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने अन्तर जनपदीय पुलिस हैण्डबॉल कलस्टरप्रतियोगिता का उद्घाटन किया

आज दिनांक 16.05.2025 को ''द जैन वर्ल्ड स्कूल'' झांसी हाईवे मावर, कानपुर देहात में श्रीमान जिलाधिकारी महोदय जनपद कानपुर देहात श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र द्वारा 27वीं कानपुर जोन की अन्तर जनपदीय पुलिस (महिला एवं पुरूष) हैण्डबॉल कलस्टर (हैण्डबॉल एवं बास्केटबॉल) प्रतियोगिता वर्ष-2025 का उद्घाटन कर शुभारम्भ किया गया।

श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रतिभाग कर रहे खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक जनपद कानपुर देहात, क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर तथा क्षेत्राधिकारी यातायात/लाइन सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने बनार अलीपुर में एकीकृत आयुष चिकित्सालय का किया औचक निरिक्षण, दिए निर्देश



कानपुर देहात मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन० ने अकबरपुर तहसील की ग्राम पंचायत-बनारअलीपुर में संचालित 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। जिसमें पंचकर्म, लैब, ओपीडी, आईपीडी और आईपीडी, पैथलॉजिकल लैब इत्यादि का निरीक्षण किया जिसमें 50 बेड की व्यवस्था की गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने चिकित्सालय की इमारत का भी निरीक्षण किया और उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया उन्होंने कहा अस्पताल में दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जन-जन को बताया जाए अधिक से अधिक लाभ लोग लें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चिकित्सालय के विभिन्न विभागों की सूक्ष्मता से जॉच करते हुए जानकारी ली गई। जिसमें योग विभाग, आयुर्वेद, होम्योपैथ, पंचकर्म, फिजियोथैरेपी, पैथोलॉजी आदि विभाग देखे गये साथ ही उन्होंने मरीजों से चिकित्सालय द्वारा दी जा रही सेवाओं एवं चिकित्सा परिणाम के बारे में प्रतिकिया ली। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक को चिकित्सालय को सुचारू रूप से संचालित करने एवं अंतरंग विभाग को शुरू करवाने के निर्देश दिये। तथा चिकित्सालय को पूर्ण रूप से संचालित में आ रही कठिनाइयों के निवारण हेतु अवगत कराने को कहा गया। उन्होंने पुरुष व महिला सामान्य वार्ड, पंचकर्मा, स्टोर, आपरेशन थियेटर सहित परिसर की साफ-सफाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर डा० ब्रजेश आर्या मुख्य आयुष चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज तहसील मैथा में आयोजित होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशन में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा क्रमानुसार प्रत्येक तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जायेगी, जिसमें जिले के पुलिस अधीक्षक व अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा निर्गत निर्धारित रोस्टर के अनुसार दिनांक 17 मई को जिलाधिकारी के अध्यक्षता में तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील-मैथा में आयोजित होगा तथा रसूलाबाद तहसील में मुख्य विकास अधिकारी, सिकंदरा में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अकबरपुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, तहसील भोगनीपुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

## NOTICE0

I, Tsultim Zangmo W/o Late Chhering Palzore R/o Chuchot, Leh- UT Ladakh do hereby inform that my name and D.O.B has been wrongly recorded in Army record as Chhultem Zangmo instead of Tsultim Zangmo; and D.O.B as 14-03-1963 instead of 03-04-1963. My actual name is Tsultim Zangmo and actual D.O.B is 03-04-1963. Now, I am applying for said corrections. Objection, if any, conveyed within seven days of this publication.

# मुरादाबाद भारतीय जनता पार्टी ने निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा

## ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की वीरता



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद महानगर द्वारा मिशन ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के उपलक्ष्य में शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें शहर विधायक रितेश गुप्ता सहित पार्टी के कार्यकर्ता भारी संख्या में इस यात्रा में शामिल हुए।

शौर्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ शहर विधायक रितेश गुप्ता ने इंपीरियल चौराहे से होकर सुपर मार्केट, बुध बाजार चौराहा,टाउन हॉल, गंज बाजार, जेल रोड, जैन मंदिर से होते हुए गांधी मूर्ति स्मारक पर संपन्न हुई। भारतीय सेना को सर्वोच्च सम्मान देने एवं प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुरादाबाद महानगर मे आयोजित भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में सहभागिता की। भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में जो हमारे जवानों ने जो वीरता दिखाई है,वह हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की बहादुरी और समर्पण ने एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत की रक्षा में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

यह तिरंगा यात्रा सिर्फ एक समारोह नहीं है, बल्कि यह हमारी एकजुटता, हमारी देशभक्ति, और हमारे जवानों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। जब हम तिरंगा झंडा लेकर चलते हैं, तो हमें याद रखना चाहिए कि इस झंडे के पीछे हजारों जवानों की कुर्बानी और संघर्ष छिपा है। आइए, हम सभी मिलकर वचन लें कि हम देश की सेवा और सुरक्षा में हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे।

> **“झंडे के पीछे हजारों जवानों की कुर्बानी और संघर्ष छिपा है, हम सब मिलकर वचन लें कि हम देश की सेवा और सुरक्षा में हमेशा उनके साथ हैं**
>
> **रितेश गुप्ता, शहर विधायक**

# मिशन रोड सेफ्टी अंतर्गत छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों की दी जानकारी





**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**भोजपुर।** शुक्रवार को मिशन सड़क सुरक्षा अभियान अंतर्गत थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक के कुशल नेतृत्व में भोजपुर निकट रेलवे स्टेशन स्थित शांति देवी इंटर कॉलेज एवं अन्य स्कूलों में पहुँचकर छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना भोजपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत स्कूलों पर पहुँचकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने व मिशन रोड सेफ्टी अभियान के तहत यातायात नोडल अधिकारी थाना भोजपुर द्वारा क्षेत्र के ग्राम पीपलसाना में जुमे की नमाज अदा करके आ रहे लोगों को पम्पलैट वितरित कर यातायात नियमों के पालन करने हेतु जागरुक किया गया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य भजनलाल पाल, उप निरीक्षक बृजपाल सिंह, उपनिरीक्षक शराफत हुसैन, कपिल कुमार, कुलदीप आदि।

> **“बच्चों को सिखाएं सड़क सुरक्षा के जरूरी नियम,सड़क सुरक्षा की शिक्षा जितनी ज़रूरी बड़ों के लिए है,उतनी ही ज़रूरी बच्चों के लिए भी क्योंकि सुरक्षित बचपन ही सुरक्षित भविष्य की नींव है**
>
> **शरद मलिक, थाना प्रभारी निरीक्षक**

## संक्षिप्त समाचार

### जनसुनवाई में आए लोगों की सुनी गई समस्याएं

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**भगतपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशन में थाना प्रभारी भगतपुर द्वारा शुक्रवार को थाना पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। प्राप्त जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं को सुना गया और सभी समस्याओं का समयबद्ध ढंग से निस्तारण किया गया तथा उनकी समस्याओं के उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मुरादाबाद।** वादी कुशल कुमार पुत्र भारत सिंह निवासी डिडौरा थाना मझोला जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा वादी को जान से मारने की नियत से हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना मझोला पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम शुक्रवार उपनिरीक्षक अर्जन सिंह द्वारा पुलिस बल के साथ अभियुक्त राजन कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी कुरी रवाना थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### ब्लड डोनेट कर गुलाम नवी ने दी मानवता की मिसाल

**नेशनल एक्सप्रेस आसिफ वारसी**

**मुरादाबाद।** जरूरतमंद को रक्तदान की कमी ना हो ऐसी मिसाल गुलाम नबी ने पेश की जिले में भी ऐसे कुछ लोग हैं। जो रक्तदान के लिए जाने जाते हैं। समय-समय पर रक्तदान करके दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए कदम बढ़ाते हैं। न तो जान-पहचान देखते हैं न तो नाते और रिश्तेदारी। इनका उद्देश्य सिर्फ लोगों की जान बचाना होता है। किसी भी समय जरूरत हो महादानी हाजिर हो जाते हैं। और बड़ी उत्सुकता के साथ अपना ब्लड डोनेट करते हैं। इनमें कुछ ऐसे हैं। जिन्होंने अपने ऊपर आई समस्याओं से सीख लेकर रक्तदान शुरू किया तो किसी ने दूसरों से प्रेरणा ली। अपना खून देकर सिर्फ लोगों की जिंदगी बचाना ही नहीं, दूसरों को रक्तदान के लिए जागरूक करने का काम भी ये महादानी पूरी तन्मयता से कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला डींगरपुर से जहां टीएमयू हॉस्पिटल भर्ती जगत सिंह को पांच यूनिट ब्लड कि आवश्यकता थी। जिसको सुनकर रात में ही ब्लड देने पहुंचे गुलाम नवी ने मानवता कि मिशाल कायम कि है। सभी क्षेत्रवासियों ने उनके इस कार्य की प्रशंसा की है।

### प्रेमी के संग गई किशोरी बरामद

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**भोजपुर।** बीते रविवार को मौहल्ला नावपुर निवासी कासिम ने अज्ञात के खिलाफ सत्रह वर्षीय बहन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में केस दर्ज कराया था। चौदह घंटे बाद रात को ढाई बजे दूसरी बहन अफसाना के फोन पर अज्ञात ने कहा कि तेरी बहन मेरे साथ मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर है। फोन सुनने के बाद परिजनों ने रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर तलाशा लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने किशोरी और उसके परिजनों के फोन सर्विलांस पर लगाकर लोकेशन ट्रेस की तो उनके दिल्ली में होने की जानकारी मिली। पुलिस ने गुरुवार की रात को किशोरी और उसके प्रेमी को दिल्ली में रिश्तेदार के घर से बरामद कर लिया। किशोरी का डाक्टरी मुआयना कराकर नारी निकेतन भेज दिया।

# परिवार परामर्श केंद्र द्वारा विवादित दो दंपत्ति का कराया समझौता



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र मुरादाबाद के अथक प्रयासों से पति-पत्नी के दो विवादित जोड़ा आपसी कलह भुलाकर साथ रहने के हुए सहमत। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पर्यवेक्षण में प्रभारी नारी उत्थान केन्द्र अध्यक्षता तथा अनुभवी परामर्श दाता नीलिमा सिंह के माध्यम से परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र पुलिस लाईन्स मुरादाबाद में शुक्रवार को पति-पत्नी संबंधित पारिवारिक विवादों की काउंसलिंग के दौरान दो प्रार्थना पत्र में पक्षों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया। पत्र में दोनों पक्षों की पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरुआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेंगे। परिवार परामर्श द्वारा जोड़ों को नवजीवन की शुरुआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नहीं करेंगे। और आपस में प्यार से रहेंगे।

# एसपी देहात द्वारा सुनी गई फरियादियों की समस्याएं

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**



**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं। प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई, महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित, शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# एसपी देहात ने किया अटल आवासीय विद्यालय का भ्रमण



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**बिलारी।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद एवं एसडीएम बिलारी व क्षेत्राधिकारी बिलारी द्वारा थाना बिलारी क्षेत्रान्तर्गत अटल आवासीय विद्यालय मुरादाबाद के उद्घाटन के उपलक्ष्य में आगामी वीआईपी आगमन के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। ब्लॉक बिलारी के पीपली गांव के जंगल में प्रदेश शासन द्वारा मंडल स्तर का अटल आवासीय विद्यालय बनाया गया है। यह विद्यालय बनने से पहले मुरादाबाद के छात्र बुलंदशहर के आवासीय विद्यालय में पढ़ाई कर रहे थे। अटल आवासीय विद्यालय बनाए जाने को प्रदेश सरकार की उपलब्धि माना जा रहा है।

## सीओ ठाकुरद्वारा ने भोजपुर थाना प्रांगण में की गोष्टी व कस्बे में किया पैदल मार्च

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**भोजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा रुद्रकुमार सिंह द्वारा थाना भोजपुर क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों के साथ थाना प्रांगण में गोष्टी कर यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

तथा सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई। साथ ही भोजपुर के विभिन्न मोहल्लों ,मुख्य मार्केट, चौराहो, आम-जनमानस की सुरक्षा हेतु पैदल फ्लैग मार्च किया।

## चोरी करने के एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**भोजपुर।** वादी कुँवर सिंह पुत्र नत्थू सिंह निवासी ग्राम रुस्तमपुर तिगरी थाना भोजपुर ने अभियुक्त द्वारा वादी के घर के रास्ते से घर में घुसकर वादी की सेफ अलमारी का ताला तोडकर 10,000 रुपये व चाँदी के आभूषण चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में शुक्रवार को उपनिरीक्षक अनिल कुमार द्वारा पुलिस बल के साथ अभियुक्त विशाल पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम रुस्तमपुर तिगरी थाना भोजपुर को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के कब्जे से तीन सफेद धातु पाजेब व 4900 रूपये बरामद किये गये। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# अमेठी सांसद ने में क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनता की समस्याएं सुनी

## गौरीगंज कांग्रेस केंद्रीय कार्यालय में जनसुनवाई का हुआ आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस**



**अमेठी:** अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अपने 25 वें अमेठी क्षेत्र भ्रमण के दौरान आज दिनांक 16मई 2025 दिन शुक्रवार को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक अमेठी में जनता की समस्याएं सुनीं। सांसद किशोरीलाल शर्मा ने गौरीगंज कांग्रेस कार्यालय में जनसुनवाई की जिसमे सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्या रखीं। फरियादियों ने सांसद के प्रति धन्यवाद भी ज्ञापित किये। अमेठी के गौरीगंज केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण जनसुनवाई का आयोजन हुआ। सांसद किशोरीलाल शर्मा ने इस जनसुनवाई की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में सैकड़ों स्थानीय नागरिकों, प्रधानों,क्षेत्र पंचायत सदस्यों व जिला पंचायत सदस्यों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं एवं क्षेत्र के सम्मानित गणमान्य जनों ने जन समस्यायों पर चर्चा की लोगों ने बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं इसके अलावा नहरों में पानी, खाद आवास, पेंशन, राशन, पुलिस,जिला प्रशासन, राजस्व और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित शिकायतें भी की गईं। सांसद ने मौके पर मौजूद अधिकारियों व कार्यालय प्रभारी बृजेश तिवारी को कई समस्याओं के तत्काल समाधान के निर्देश दिए। सांसद शर्मा ने अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उन्हें हल करना उनकी पहली जिम्मेदारी है। अमेठी का हर नागरिक मेरे लिए सम्मानित है क्षेत्र का यह 25वॉ दौरा है कांग्रेस का छोटा बड़ा पदाधिकारी या आम जन सब मेरे लिए बराबर हैं बिचौलिये की कोई जरुरत नहीं

चुनाव मे जनता से जो वादा किया था उसी अनुरूप जनता की सेवा कर रहा हूँ।

सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा अमेठी के हर नागरिक की आवाज को संसद व दिशा बैठक में जनहित के मुद्दों को उठाता रहता हूँ।

कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल,सुल्तानपुर जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राना, ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस और सेवा दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सांसद ने कहा सदैव की भांति निरंतर जनसुनवाई नियमित रूप से आयोजित होती रहेगी। इससे लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु यथा सम्भव प्रयास रहेगा।

# श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक, श्रम कानून हों प्रो-इंडस्ट्री व प्रो-श्रमिकः मुख्यमंत्री योगी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 16 मई, 2025 को अपने सरकारी आवास पर श्रम एवं सेवायोजन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि राज्य की औद्योगिक प्रगति और सामाजिक समरसता, श्रमिकों और उद्योगपतियों के समन्वय से ही संभव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रमिक और उद्योगपति प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रम कानूनों का ऐसा सरलीकरण किया जाए, जिससे उद्योगों को सहूलियत मिले, परंतु श्रमिकों के अधिकारों और सम्मान की भी पूरी सुरक्षा हो। उन्होंने कहा, हर हाथ को काम देने के लिए हमें उद्योगों को सशक्त बनाना होगा। उद्योगों का विस्तार ही रोजगार सृजन का सबसे प्रभावी माध्यम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को मजबूती देने के साथ-साथ श्रमिकों को बीमा सुरक्षा, सम्मानजनक मानदेय और सुरक्षित कार्यस्थल प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश का सबसे बड़ा श्रमिक-हितैषी और उद्योग समर्थ राज्य बनाया जाएगा।

## बाल श्रम पर सख्ती, पुनर्वास को मिले गति

योगी आदित्यनाथ ने बाल श्रमिकों के पुनर्वास को सामाजिक दायित्व बताते हुए निर्देश दिए कि इन्हें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और अन्य प्रायोजित योजनाओं से जोड़ते हुए पुनर्वास की प्रक्रिया को तेज़ किया जाए। मुख्यमंत्री ने अटल आवासीय विद्यालयों को देशभर में उत्कृष्टता का मॉडल बताते हुए इनकी सतत मॉनिटरिंग द्वारा गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने श्रमिक अड्डों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉडल केंद्रों के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। इनमें डोरमेट्री, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, कैंटीन और प्रशिक्षण की सुविधा शामिल हो। उन्होंने कैंटीन में श्रमिकों को 5 से 10 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की स्किल मैपिंग कर न्यूनतम मानदेय सुनिश्चित किया जाए। यह पहल उन्हें संगठित श्रम शक्ति में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि विदेश में रोजगार हेतु जाने वाले निर्माण श्रमिकों को तकनीकी के साथ-साथ गंतव्य देश की भाषा का प्रशिक्षण भी दिया जाए। यह उनके कार्य प्रदर्शन और सुरक्षा दोनों के लिए अनिवार्य है। आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर निजी अस्पतालों को सीएसआईसी और ईएसआईएस योजनाओं से जोड़ने के निर्देश भी दिए गए, ताकि संगठित व असंगठित दोनों क्षेत्र के श्रमिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

उन्होंने बताया कि 'निवेश मित्र' पोर्टल पर अब तक प्राप्त 5,97,625 आवेदनों में से 5,90,881 को एनओसी जारी की जा चुकी है। शेष आवेदनों का निस्तारण भी समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

## उद्योगों के पंजीकरण में रिकॉर्ड वृद्धि

बैठक में श्रम विभाग ने जानकारी दी कि आजादी से लेकर 2016 तक जहां 13,809 फैक्ट्रियों का पंजीकरण हुआ था, वहीं बीते 9 वर्षों में 99% की वृद्धि के साथ 13,644 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ है। मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे 'अभूतपूर्व' बताया।

# जनशिकायतों के समाधान में लापरवाही पर डीएम सख्त

### समाधान दिवस पर बार-बार आने वाली शिकायतों का होगा तत्काल निस्तारण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

- बार-बार शिकायत करने वालों पर होगी सीधी सुनवाई, बदलेगा शिकायत निस्तारण का तरीका

**गोण्डा ।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनशिकायतों के समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण को सुनिश्चित करने के लिए एक सख्त प्रशासनिक पहल की है। जिलाधिकारी ने सदर, करनैलगंज, तरबगंज एवं मनकापुर के समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे उन मामलों पर विशेष कार्यवाही करें जिनमें शिकायतकर्ता बार-बार समाधान दिवस के पश्चात भी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर रहे हैं। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त हो रहे ऐसे प्रकरणों की पहचान कर सभी तहसीलों में उनकी सूची भेज दी गई है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में जनशिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण शामिल है, और समय-समय पर शासन एवं उच्च स्तर से इस सम्बन्ध में निर्देश भी जारी किए गए हैं। इसके बावजूद कुछ मामलों में अपेक्षित कार्यवाही न होने से शिकायतकर्ता बार-बार उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेज रहे हैं, जिससे जनपद के प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।इस स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि बार-बार शिकायत करने वाले आवेदकों की पहचान कर उन्हें आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवस में आमंत्रित किया जाए तथा उनकी शिकायतों का निस्तारण उसी दिन समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे अधिकारी के समक्ष किया जाए।इसके लिए सम्बन्धित लेखपाल, राजस्व निरीक्षक एवं आवेदक को जांच आख्या के साथ उपस्थित रहने की सूचना दी जाएगी ताकि मामले का पूरी तरह निपटारा मौके पर ही किया जा सके।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा की यह पहल प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इससे न केवल जनसंतोष बढ़ेगा, बल्कि बार-बार एक ही शिकायत को लेकर उच्च स्तर पर पत्राचार की आवश्यकता भी समाप्त होगी।

इस आदेश की प्रतिलिपि मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारीगण, मुख्य राजस्व अधिकारी तथा सभी तहसीलदारों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई है।

## संक्षिप्त समाचार


### सोनाक्षी ने इंटरमीडिएट में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम किया रोशन



**रायबरेलीः** रायबरेली केंद्रीय विद्यालय की छात्रा व लालगंज नगर पंचायत के सभासद कांग्रेस नेता अतुल शर्मा और कीर्ति शर्मा की होनहार पुत्री ने केन्द्रीय विद्यालय से सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। सोनाक्षी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। सोनाक्षी की मां कीर्ति शर्मा हाउसवाइफ हैं। प्रियाय की इस सफलता से परिवार में खुशी की लहर है,उनके घर पर जश्न का माहौल दिखाई दे रहा है।

सोनाक्षी का कहना है कि वह आईएएस की परीक्षा उत्तीर्ण करके प्रशासनिक अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती है। सोनाक्षी की सफलता पर केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य और स्टाफ ने उसको शुभकामनाएं देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### ग्रामीण अंचल की बेटी का कमाल, 82% अंक लाकर किया परिवार का नाम रोशन



**लालगंज,रायबरेली।** प्रतिभा किसी साधन की मोहताज नहीं होती है को चरितार्थ करते हुए सीबीएसई कक्षा-10 बोर्ड परीक्षा में चमनगंज की निवासिनी छात्रा ने विशेष योग्यता के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया। उल्लेखनीय है कि अनन्या सिंह लालगंज से सटे हुए चमनगंज की निवासिनी है।परिवार में सीमित शैक्षिक संसाधनों के बीच अपने स्वाध्याय और लालगंज के एक निजी विद्यालय की शिक्षा के द्वारा 82 प्रतिशत अंक लाने में सफल रही। छात्रा ने इसका श्रेय अपने स्कूल के गुरुजनों के साथ ही अपने पिता प्रदीप कुमार सिंह,माता प्रीति सिंह और दादी पार्वती देवी को भी दिया जो हमेशा उसे पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित और प्रेरित करते रहे।छात्रा ने 82%अंक पाने के बावजूद खुश नहीं है उसे शायद अधिक अंक आने की उम्मीद थी।इस बाबत छात्रा ने कहा कि उसे अपेक्षित अंक न मिल पाने का मलाल है किंतु उसने आत्म विश्वास भरे हुए भावों के साथ भविष्य की कक्षा-12 की बोर्ड परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने की बात कही।उसकी भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उसके परिवारी जनों, सगे संबंधियों ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### खेत में सिंचाई के दौरान मारपीट में युवक घायल

**गोंडा।** खेत में सिचाई करते समय हुए मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो ।पुलिस ने भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था।घटना बीती देर रात की है ।पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजनें का दावा किया है। थाना अंतर्गत निवासी हलुवा माडा के शिवपूजन यादव ने तहरीर दी कि खेत में सिंचाई करते समय पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षीयों ने लाठी डंडा और सरिया से जानलेवा हमला किया। जिससे उसके भाई राम कुमार को गंभीर चोटे आईं। शिवपूजन की तहरीर पर मारपीट करने व जानलेवा हमला करने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था उन्होंने बताया कि गुरुवार को श्रीनिवास, अनिल मौर्या, आशाराम मौर्या, सुशील मौर्या को हलुवा माडा से गिराप्तार किया गया है। टीम में उपनिरीक्षक सुभाष यादव, हेड कांस्टेबल देवेंद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र, पुनीत वर्मा रहे।

# मेधावी परीक्षार्थियों का हुआ सम्मान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**गोण्डा ।** नगर के बलरामपुर रोड स्थित गीता इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएससी बोर्ड की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में विशेष योग्यता के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो दर्जन परीक्षार्थी छात्र - छात्राओं को कालेज परिसर में आयोजित समारोह में शिक्षक शिक्षिकाओं ने माल्यार्पण कर अभिनंदन किया ।

समारोह को सम्बोधित करते हुए कालेज के प्रबन्धक रंगेश अग्रवाल एवं रितेश अग्रवाल ने कहा कि निष्ठा व लगन के साथ मनोयोग पूर्वक प्राप्त शिक्षा, अनुशासन व गुरुजन व बड़ो के प्रति आदर करने का संस्कार से प्राप्त ज्ञान की बदौलत युवक के जीवन में प्रगति के अनगिनत रास्ते खुल जाते है। कालेज के सभी छात्रों को मेधावी सहपाठियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कालेज की प्राचार्या श्रीमती नीलम अग्रवाल एवं अकादमिक निदेशक विमल कुमार राय ने बताया कि वर्ष 2025 में सीबीएससी बोर्ड की परीक्षा में सफलता के सोपान पर चढ़ते हुए हमारे कालेज के इंटरमीडिएट परीक्षार्थियों में शिखर वर्मा ने 93, अनन्या गुप्ता ने 81, शिवाय गर्ग , शिवांस ओझा व समृद्धि ने 78 , देवस्य मिश्र ने 75, आस्था मिश्र ने 73, दक्ष प्रताप सिंह ने 70, आदर्श यादव ने 63 एवं प्रशांत द्विवेदी ने 62 प्रतिशत अंक लेकर जहां कालेज का मान बढ़ाया वहीं हाई स्कूल में भी साक्षी शुक्ला ने 93, आयुष मिश्र ने 92, , शुभी मिश्रा ने 88, सुमित कुमार व आकांक्षा तिवारी ने 87, क्षितिज सिंह व आर्या मिश्रा ने 86, तन्नू यादव व श्रेया ने 85, काव्यांश तिवारी ने 80.8, अंश मित्र ने 80 एवं मिथिलेश गुप्ता ने 79 प्रतिशत अंक लेकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। समारोह में कालेज के शिक्षक शिक्षिकाओं ने मेधावी परीक्षार्थियों को माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों ने कालेज की शिक्षण व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त की।

इस मौके पर रीतू सिंह, सरिता शुक्ला, संजय सिंह, विकास शुक्ला, शिवपूजन पांडे, मनीष मौर्य, सुमन त्रिपाठी,शुभम त्रिपाठी एवं आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# लखनऊः डीएम विशाख जी सुएज इंडिया के फर्जीवाड़े पर सख्त, भुगतान पर रोक के आदेश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ में सीवर से जुड़ी शिकायतों को लेकर डीएम विशाख जी ने कड़ा रुख अपनाया है। फ्रेंच मल्टीनेशनल कंपनी सुएज इंडिया के खिलाफ गंभीर अनियमितताओं की शिकायतों के बाद डीएम ने कंपनी के भुगतान को तत्काल प्रभाव से रोकने के आदेश जारी कर दिए हैं।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम पूरे प्रकरण की गहन जांच करेगी। विशेषकर जानकीपुरम, गोमती नगर और फैजुल्लागंज जैसे वार्डों से सीवर कार्यों में लापरवाही और अनियमितता की कई शिकायतें सामने आई हैं।

सूत्रों के अनुसार, सुएज इंडिया अब तक सीवर संबंधित कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपये का भुगतान प्राप्त कर चुकी है। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की ओर से लगातार मिल रही शिकायतों ने इस फर्जीवाड़े की परतें खोल दीं।

डीएम विशाख जी ने कहा कि ₹किसी भी स्थिति में जनता से जुड़ी सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।₹ उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जांच पूरी होने तक कंपनी को किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाए और आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। नगर निगम आयुक्त को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे शिकायतों के संकलन, निरीक्षण और प्रमाण के आधार पर पूरी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें।

# प्राविधिक शिक्षा से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते उत्तर प्रदेश के युवा

शैलेन्द्र सिंह



**गोंडा।** उत्तर प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के माध्यम से युवाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश तकनीकी शिक्षा को न केवल युवाओं के कौशल विकास का माध्यम बना रहा है, बल्कि औद्योगिक और आर्थिक उन्नयन की धुरी के रूप में भी आगे बढ़ा रहा है।

प्रदेश सरकार तकनीकी शिक्षा को क्षेत्रीय असंतुलन दूर करने, लैंगिक समानता स्थापित करने और दिव्यांग, अल्पसंख्यक तथा वंचित वर्गों को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से तकनीकी शिक्षा को सर्वसुलभ और सार्वभौमिक बनाया जा रहा है।

राज्य सरकार ने ग्लोबल मार्केट की मांगों को ध्यान में रखते हुए सत्र 2022-23 से डाटा साइंस एवं मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), साइबर सुरक्षा और ड्रोन तकनीक जैसे आधुनिक पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। इन कोर्सेस में हजारों छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जो उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रहे हैं।

## तकनीकी संस्थानों का विस्तार और आधुनिक सुविधाएं

वर्तमान में प्रदेश में कुल 220 पॉलिटेक्निक संस्थाएं संचालित हैं, जिनमें 201 राजकीय, 19 अनुदानित और 18 पीपीपी मॉडल पर आधारित संस्थाएं शामिल हैं। शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए इन संस्थानों में 54,127 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश क्षमता निर्धारित की गई है।

महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रवेश प्रक्रिया में 20 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया है, वहीं दिव्यांगजनों को 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। छात्राओं के लिए हर पॉलिटेक्निक में कम से कम एक महिला छात्रावास के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से वर्तमान में 20 छात्रावास निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा, प्रत्येक मंडल में कम से कम एक महिला पॉलिटेक्निक की स्थापना का कार्य भी प्रगति पर है।

## तकनीकी शिक्षा में डिजिटल युग की तैयारी

राजकीय पॉलिटेक्निकों में पढ़ रहे छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु अब तक 89 संस्थानों में लैंग्वेज लैब की स्थापना की जा चुकी है, जबकि 183 स्मार्ट क्लासरूम के माध्यम से ऑनलाइन और इंटरनेट आधारित शिक्षा दी जा रही है।

## रोजगार के अवसरों में वृद्धि

तकनीकी शिक्षा को रोजगार से जोड़ते हुए राज्य सरकार ने राजकीय पॉलिटेक्निकों में समूह 'ख' के 466 और समूह 'ग' के 483 पदों पर नियुक्तियां की हैं। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के माध्यम से बीते वर्ष 5000 से अधिक विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। फरवरी 2024 में आयोजित मेगा जॉब फेयर में 50 से अधिक मल्टीनेशनल कंपनियों की भागीदारी से 2000 से अधिक छात्र-छात्राएं रोजगार प्राप्त करने में सफल रहे।

## नई इंजीनियरिंग कॉलेजों की स्थापना

प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के विस्तार को और गति देने के लिए मिर्जापुर, प्रतापगढ़, गोंडा और बस्ती में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों की स्थापना की गई है। इनमें शैक्षिक सत्र 2023-24 से पठन-पाठन प्रारंभ हो चुका है और 2024-25 में नियमित कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के यह प्रयास न केवल युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बना रहे हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता और रोजगार के नए अवसरों से भी जोड़ रहे हैं।

# राजस्व एवं पुलिस टीम से अभद्रता व मारपीट करने वाले 4 गिरफ्तार

### ग्राम प्रधान प्रतिनिधि समेत 4 अभियुक्त गिरफ्तार, 5 फरार, तलाश जारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



- अभियुक्तों के कब्जे से मारपीट में प्रयुक्त 4 डंडे भी किये गए बरामद
- राजस्व टीम के साथ मौके पर गई पुलिस टीम पर हुआ था हमला

**रायबरेली।** शुक्रवार को राजस्व विभाग एवं पुलिस टीम के साथ अभद्रता करने के मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है,जबकि पांच अन्य आरोपी फरार हैं। घटना नसीराबाद देहात में हुई,जहां बीते गुरुवार को थाना नसीराबाद क्षेत्र अंतर्गत गाटा संख्या 532 व 534 के विवाद का निस्तारण की कार्यवाही में राजस्व विभाग व थाना नसीराबाद पुलिस टीम गई हुई थी।जहां पर वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि तुलसीराम पासी पुत्र गंगाराम पासी व उनके सहयोगी पवन पासी पुत्र विनोद पासी आकर अब्दुल लतीफ द्वारा लगाए अपने सफेदा के पेड़ काटे जाने को लेकर वाद विवाद करते हुए अपने सहयोगियों कल्लू पुत्र धनसे पासी,पारस,अंजीश,गनेश पुत्र सुखई,धनराज पुत्र महावीर पासी ग्राम पुरे बंधन का पुरवा मजरे नसीराबाद देहात व उक्त गांव के 15 से 20 लोग मय लाठी डंडा लेकर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए राजस्व एवं पुलिस टीम से अभद्रता व मारपीट करने लगे।थाना नसीराबाद पर नियुक्त अतिरिक्त निरीक्षक गोविंद दास की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तुलसीराम सहित नौ लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया। वहीं शुक्रवार को पुलिस ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नसीराबाद देहात तुलसीराम पुत्र गंगाराम पासी निवासी पूरे तुमन दारिन व पूरे बंधन का पुरवा गांव निवासी पारसनाथ पुत्र दसऊ, ओमप्रकाश पुत्र गणेश वी धनराज पुत्र महावीर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।उनके पास से हमले में इस्तेमाल किए गए 4 डंडे भी बरामद कर लिए गए हैं।एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा के अनुसार शेष आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किए जा रहे हैं,जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भंडाफोड़ : पुलिस के हत्थे चढे शातिर चोर, भेजा गया जेल

### एटीएम मशीन से छोड़छाड़ व बन्द मकानों को बनाते थे निशाना

नेशनल एक्सप्रेस



**रायबरेली।** यदि आप एटीएम से पैसा निकालने गये हैं और सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद मशीन से नोट गिनने तक की आवाज आये और पैसा न निकले तो एटीएम छोड़ने की गलती मत करियेगा।किसी जानकार या गार्ड को बुलाकर उस स्लॉट को देखिये जहाँ से पैसा निकलता है।अगर उसमें कोई फाइबर शीट फँसी दिखे तो तुरंत पुलिस को फोन कर सूचित करिये।क्योंकि आपके साथ एटीएम फ्रॉड हो चुका है।रायबरेली की सलोन पुलिस ने ऐसे ही प्रतापगढ़ जनपद के दो अभियुक्तों मनीष वर्मा पुत्र अशोक कुमार वर्मा निवासी सरोज चौराहा कांशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली नगर व वसीम पुत्र फजल अहमद निवासी ग्राम व थाना दिलीपपुर को पकड़ा है,जो एटीएम मशीन में छेड़छाड़ करके लोगों को धोखा देने की नीयत से एटीएम मशीन से पैसे की निकासी द्वार पर एक उसी के जैसे दिखने वाला फाइबर प्लेट को उसी रंग रूप में काटकर अच्छे से चिपका कर लगा देते थे।सुनसान इलाके के एटीएम चुनने वाले यह अभियुक्त पास ही कहीं खड़े होकर देखते थे।ग्राहक जब एटीम पर सारे प्रोसेस करने के बाद भी पैसे वाले स्लॉट से पैसा निकलता न देखते तो यह सोंचकर चले जाते कि मशीन खराब होगी या उसमें पैसा न होगा।

उधर ग्राहक जैसे ही एटीम छोड़ता ये अभियुक्त उसमें घुसकर पेचकश और कटर की मदद से फाइबर शीट में फँसा पैसा निकाल लेते।यह दोनों अभियुक्त पुलिस के हत्थे शुक्रवार को इत्तेफाक से लग गये।दरअसल सलोन पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान दोनों युवकों को रोका तो इन लोगों के पास से पेचकश और कटर जैसी संदिग्ध वस्तु हाथ लग गई।

पुलिस ने इनसे पूछताछ की तो अभियुक्तों ने बताया कि वह एटीएम से पैसा चुराते हैं,साथ ही चोरी की नीयत से बंद पडे मकानों की दिन मे रेकी कर उसी रात मौका पाकर उस घर को निशाना बनाते हैं।पुलिस ने इनका इतिहास खांगाला तो प्रतापगढ़ के यह शातिर चोर कई एटीएम से पैसा चुरा चुके थे,जिसके सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस ने हासिल कर लिये हैं।वहीं गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास भी है।

## अभियुक्तों ने सरपतही औनानीस गांव की चोरी भी कबूली

पुलिस द्वारा अभियुक्तगणों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया कि गया कि हम लोगों ने ग्राम सरपतही औनानीस थाना सलोन में स्थित एक मकान में आज से लगभग दो-तीन माह पूर्व चोरी की थी,जिसमें से हमें कुछ पैसे और गहने मिले थे।जिसको हम लोगों ने काफी कुछ अपने चार पहिया गाड़ी से घूमने टहलने,खाने-पीने इत्यादि में खर्च कर दिए हैं तथा जो गहने मिले थे उनको राह चलते व्यक्तियों को औने-पौने दाम में बेचकर खाने-पीने में खर्च कर दिया था।साथ ही बताया कि बीती इसी 13 मई को सलोन कस्बा में एक एटीएम मशीन में धोखाधड़ी कर पैसे निकालने का प्रयास किया था।मौके पर ग्राहक के शक होने पर हम अपने काम में सफल नहीं हो पाए तथा पकड़े जाने के डर से भाग गए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### सट्टा खेलते हुए चार अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद/शिकोहाबाद। जनपद की शिकोहाबाद पुलिस पुलिस ने चार लोगों को सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार किया। सट्टे वालों के कब्जे से 7,890 रुपए व 01 कैलकुलेटर, 01 दफ्ती सट्टा और दो रजिस्टर लेखा-जोखा बरामद हुए है। पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेजा है। क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में शिकोहाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बाबूराम पुत्र महेश चन्द, जीतू उर्फ जितेन्द्र पुत्र हरिनन्दन, कमलेश कुमार पुत्र विश्राम सिंह व अशफाक पुत्र हबीब को नाईयों वाली मस्जिद के पास स्थित बंद पडा अहाता से सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 7,890 रुपए, 01 कैलकुलेटर, 01 दफ्ती सट्टा, 02 रजिस्टर लेखा-जोखा, कार्बन पेपर, सफेद कागज व पेन आदि बरामद किये गये है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा।

### विद्युत विभाग की कार्यवाही से मचा हड़कंप



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना - संयुक्त रूप विद्युत विभाग की कार्रवाई से हड़कंप, तीन विद्युत चोरों के खिलाफ अभियोग दर्ज एका के मैन बाजार वार्ष्णेय गली वाल्मीक बस्ती में संयुक्त रूप से विद्युत चेकिंग की कार्रवाई की गई जिसमे 10 बकायदारों के कनेक्शन काटे गए ।उसके साथ ही तीन विद्युत चोरों के खिलाफ कटिया डालकर विद्युत चोरी कर रहे थे उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। साथ ही दो विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन की डोमेस्टिक सी कमर्शियल कैटेगरी बदली गई। एसडीओ एका उपेंद्र यादव ने बताया कि विद्युत चेकिंग की कार्रवाई होती रहेगी ।चेकिंग मे एसडीओ उपेंद्र सिंह यादव जेई एका अजय यादव जेई जसराना टाउन बलराम गुप्ता जेई जसराना रूरल संजीव कुमार लाइनमैन अंकित दीक्षित हेमंत योगेश विनय निहाल सिंह उपस्थित थे।

### आज सिरसागंज नगर में निकलेंगी भव्य तिरंगा यात्रा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। जनपद के थाना क्षेत्र सिरसागंज में देश के सैनिकों के सम्मान में एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। यह तिरंगा यात्रा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों के सम्मान में आयोजित की जा रही है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार जयवीर सिंह, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड विभाग एवं नागरिक सुरक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार धर्मवीर प्रजापति उपस्थित रहेंगे ।यह यात्रा दिनांक 17 मई 2025 को समय प्रातः 8:00 बजे नगर पालिका परिषद सिरसागंज से प्रारंभ होगी और यात्रा का समापन सुभाष चौराहा सिरसागंज पर किया जाएगा। भाजपा के पदाधिकारियों ने सभी से अनुरोध किया है कि इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर सैनिकों के सम्मान में अपना योगदान दें।

### हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं ठोस साक्ष्य के आधार पर हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। पूरा मामला थाना शिकोहाबाद का है थाना शिकोहाबाद में दर्ज मुकदमा संख्या 936/22 धारा 302 से जुड़ा हुआ है। दोषी रिंकू दिवाकर ज्ञान भारती स्कूल वाली गली, कस्बा शिकोहाबाद का रहने वाला है। न्यायालय पोक्सो-03 ने सभी साक्ष्यों के आधार पर उसे दोषी करार दिया। आरोपी को आजीवन कारावास की सजा और 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। दोषी को सजा दिलाने में अभियोजक प्रिय प्रताप सिंह, पुलिस मॉनिटरिंग सेल एवं कोर्ट पैरोकार हे0का0 वेदपाल सिंह का योगदान रहा है।



### घर में घुसकर मां-बेटी के साथ मारपीट, तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/टूंडला। घर में घुसकर महिला व उसकी विवाहित पुत्री के साथ मारपीट कर दी। मारपीट करने के साथ युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। महिला की पुत्री ने एक नामजद सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिरोजाबाद के भीमनगर गली नंबर तीन निवासी कल्पना अपनी मां संगीता देवी निवासी जीवन नगर कॉलोनी थाना टूंडला के यहां अपने बच्चों के साथ रहकर गुजारा कर रही है। आरोप है कि आठ अप्रैल रात्रि 11 बजे धर्मपुर थाना पचोखरा निवासी लवकुश अपने तीन साथियों के साथ घर में घुसकर उसकी मां संगीता देवी के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने कल्पना के साथ भी मारपीट कर दी। पड़ोसियों को आता देख सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित कल्पना ने उक्त आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### युवक ने लगाया सूने घर में चोरी करने का आरोप

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना। थाना क्षेत्र के गांव मचन में सूने मकान का ताला तोडकर अज्ञात आरोपियों ने जेवर, नगदी एवं गेंहू और अन्य सामान चोरी कर लिया। पीडित ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पडताल की। पुलिस ने केवल गेंहू चोरी होने की घटना बताया। थाना क्षेत्र के मचन निवासी विजय नोयडा में अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ रहकर नौकरी करते हैं। बृहस्पतिवार को उनके भाई ने उनके मकान के ताले टूटे होने की जानकारी दी। मकान के ताले टूटे होने की जानकारी मिलने से विजय शुक्रवार की अलसुबह पत्नी के साथ गांव में पहुंचे। घर का नजारा देखकर दंग रह गए। विजय ने बताया कि चोर उसके घर का ताला तोडकर सोने एवं चांदी के जेवरात के साथ पांच हजार रुपए नगद एवं तीन कुंतल से अधिक गेंहू चोरी कर ले गए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच पडताल की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान पडौस में रहने वाले छोटे-छोटे बच्चों ने आइसक्रीम के लिए गेंहू चुराने की घटना कबूल किया। थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने दो छोटे-छोटे बच्चों ने आइसक्रीम खाने के लिए गेंहू चुरा लिए थे। दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। अन्य सामान चोरी नहीं गया है।

### बीस को सम्भल आ सकते हैं सीएम ?

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/चन्दौसी (सम्भल )20 मई को सम्भल दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ सकते हैं। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई अन्य अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन पहुंच गए। जहां निर्माण का निरीक्षण किया गया है। हालांकि अधिकारियों की ओर से मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर पुष्टि नहीं की गई है। सूत्रों का कहना है कि 20 मई को मुख्यमंत्री का दौरा प्रस्तावित है। वह बहजोई के नजदीक स्थित गांव आनंदपुर में बनने वाले जिला मुख्यालय का शिलान्यास करेंगे और पुलिस लाइन के चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे। वहीं, दूसरी ओर जिला मुख्यालय के शिलान्यास की जानकारी सामने आने के बाद सम्भल में जिला मुख्यालय बनने की चल रही चर्चा पर भी विराम लग गया है ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 20 मई को संभल का दौरा करेंगे। इस दौरान वह जिले में कई सौ करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे ।जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण विश्नोई ने जिला एवं तहसील स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक की ।हालांकि, अभी तक शासन और जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री के दौरे का आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार, 16 या 17 मई तक शासन की ओर से कार्यक्रम की रूपरेखा जारी की जा सकती है ।मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की जानकारी मिलते ही जिला, तहसील और ब्लॉक स्तर पर प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया है।

# चार बकायेदारों की जमींन को किया कुर्क



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद/टूण्डला। शुक्रवार को एसडीएम टूण्डला अनुराधा सिंह के नेतृत्व में नायब तहसीलदार सरिता सिंह ने तहसील क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद में चार बकायेदारों की जमींन को कुर्क किया गया है। जिलाधिकारी के आदेश एवं उपजिलाधिकारी टूंडला अनुराधा सिंह के निर्देशन में नायब तहसीलदार टूंडला सरिता सिंह ने ग्राम रसूलाबाद के ओमप्रकाश व ब्रजेश कुमार, नारायनी देवी, नारायण सिंह व दिलकुश वर्मा और शुम्मेर सिंह बकायेदार द्वारा लिए गए लोन की अदायगी नहीं करने के कारण कृषि भूमि को कुर्क करने की कार्यवाही की गई। ओमप्रकाश निवासी रसूलाबाद पर सेंट्रल बैंक का 3,98,171 रुपया बकाया है और नारायनी देवी निवासी ठार बल्दी रसूलाबाद पर सेंट्रल बैंक का 3,70,098 रुपये बकाया और नारायण सिंह निवासी ठार हीरा रसूलाबाद पर सेंट्रल बैंक का 3,59,317 रुपया बकाया और सुम्मेर सिंह निवासी ठार बल्दी रसूलाबाद पर इंडियन बैंक का 4,51,306 बकाया है। इनके द्वारा बैंक का रुपया वापस ना करने पर जमीन को कुर्क किया गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार टूंडला सरिता सिंह के साथ संग्रह अमीन राहुल त्यागी, राजेश कुमार, चरन सिंह व शिव प्रताप आदि उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न, दिए निर्देश



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया । अपर जिलाधिकारी ने कहा कि ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन किया जाए, ऐसे स्थानों में सुधारात्मक कार्रवाई कर सड़क दुर्घटनाओं में अपेक्षित कमी लाई जा सकती है, साथ ही उन्होंने कहा कि सड़क के किनारो का अतिक्रमण दुर्घटनाओं का एक महत्वपूर्ण कारण बनता है, इसे हटाने के लिए राजस्व, पुलिस विभाग एवं नगर निगम के अधिकारी टीम बनाकर संयुक्त कार्रवाई करें, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके । इस दौरान यातायात के नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने व बिना हेलमेट/सीट बैल्ट वाहनों के चलाना करने के आदेश दिए । इस दौरान उन्होंने स्कूल बसों के फिटनेस जांच करने के भी निर्देश दिए । अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में आए मरीजों को कम समय सीमा में उचित चिकित्सा प्रदान करना सुनिश्चित करें,

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर सहायक नगर आयुक्त को स्पष्टीकरण जारी करने के आदेश भी दिए, इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम मदन राम, बीएसए, जिला विद्यालय निरीक्षक, एआरटओ आदि उपस्थित रहे ।

## अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत फिरोजाबाद की जिला कमेटी का गठन



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद। शुक्रवार को अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत फिरोजाबाद की एक बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित की गई । बैठक में जिला कमेटी का गठन किया गया । जिला अध्यक्ष प्रवीण उमराय ने बताया कि आज सर्व सम्मति से जिला कमेटी का गठन किया गया है जिसमें अमर सिंह ,अनिल कुमार को जिला उपाध्यक्ष , निगम वाल्मीकि अजय चौहान, सुधीर राही , धर्मेंद्र चौहान को संगठन मंत्री , बॉबी चौहान सचिन चौधरी को मीडिया प्रभारी,सोनू कुमार जीतू जैन कोषाध्यक्ष, सुरेश राही कार्यालय प्रभारी आदि के साथ अन्य कई पदों पर लोगों को जिम्मेदारी दी गई

## किसानों ने लगाया जबरन जमीन पर कब्जा का आरोप

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। जनपद के थाना क्षेत्र पचोखरा में किसानों ने दबंगों पर अपनी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम टूण्डला अनुराधा सिंह को एक शिकायती पत्र सौंपा है। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

पूरा मामला थाना क्षेत्र पचोखरा के ग्राम छितरई का है। रंधीर सिंह, देवेन्द्र सिंह, केहरी सिंह और गिर्राज सिंह निवासी ग्राम छितरई तहसील टूण्डला ने कुलदीप जयंती प्रसाद और सोनू जैन पर अपनी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। किसानों ने बताया कि बिना किसी प्रपत्र और सहखातेदार के उक्त लोग जमीन पर कब्जा करने पहुचे थे। हमने मना किया तो हमसे मारपीट पर उतारू हो गए।



किसानों ने एसडीएम टूण्डला अनुराधा सिंह से न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही किसानों ने विपक्षियों पर कार्यवाही की माँग की है। एसडीएम अनुराधा सिंह ने बताया कि किसानों ने शिकायती पत्र दिया है मामले की पूर्ण जानकारी की जा रही है। किसानों को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने खैरगढ़ टश्व 1962 के चिकित्सक, ड्राइवर, सहयोगी को किया सम्मानित

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । जनपद के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्वजीत सिंह ने शुक्रवार को जनपद की खैरगढ़ में पशुओं के इलाज के लिए 1962 टॉल फ्री नंबर के माध्यम से पहुंचने वाली टश्व एंबुलेंस पर तैनात चिकित्सक डॉ सौरभ कुमार , बृजेश कुमार सहयोग कर्ता, ड्राइवर मनोज कुमार आदि को समय पर पहुंचकर कई पशुओं की जान बचाने व उत्कृष्ट कार्य पशुओं के हित में करने को लेकर सम्मानित किया ।

इस दौरान डॉ विश्वजीत जी ने कहा कि सरकार द्वारा दुर्घटना में घायल या अन्य बीमार पशुओं के सरकारी व निःशुल्क इलाज व चिकित्सा केंद्र तक पहुंचाने व सूचना देने के लिए 1962 टॉल फ्री नंबर जारी किया है जिसके द्वारा जनपद में तैनात अलग अलग 9 एंबुलेंस पर चिकित्सक उस स्थान पर जाकर घायल /बीमार पशु का अच्छी तरह से इलाज करते हैं । उन्होंने कहा कि उन्हीं डॉक्टर, एंबुलेंस चालक , सहयोगी आदि का मनोबल बढ़ाने के लिए हम प्रत्येक माह में सबसे अच्छा कार्य करने वाली एंबुलेंस पर तैनात सभी का स्वागत करते जिससे जनपद में अधिक सक्रियता से सभी लोग काम करें ।



## जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । शुक्रवार जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर फिरोजाबाद के प्रशिक्षण कक्ष में जनपद मथुरा के सभी विकास खण्डों के लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण संपन्न कराया गया ।

प्रशिक्षण दो बैच में था जिसमें मास्टर ट्रेनर दिनेश चंद्र यादव, नागेंद्र पति , अंशुल यादव एवं नीलम यादव, रूपाली यादव एवं शिखा मिश्रा के द्वारा प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत विकास योजना की आवश्यकता एवं उसके घटक एवं निर्माण करने के चरणों पर पिछले दिन का रीकैप कराया गया तत्पश्चात एलएसडीजी , एसडीजी एवं पंचायत विकास सूचकांक के संबंध में वार्ता की गई प्रशिक्षण में नोडल धनराज अपर जिला पंचायत राज अधिकारी फिरोजाबाद एवं धर्मेंद्र कुमार सीनियर फैकल्टी एवं सह प्रबंधक जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर उपस्थित रहे ।

## तमंचा कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस/अलीगढ़। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र कारतूस रखने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना विजयगढ़ पुलिस ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त धीरज कश्यप पुत्र शिवचरन कश्यप निवासी ग्राम दीपपुर थाना विजयगढ़ अलीगढ़ को एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस जिंदा 315 बोर सहित गंभीरा देवी मन्दिर मोड़ से मन्दिर की तरफ से गिरफ्तार किया।

## सैनिक समाज सेवा संगठन ने छात्रा प्रिया यादव को किया सम्मानित

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर**

सिरसागंज। सैनिक समाज सेवा संगठन ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छात्रा प्रिया यादव को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया है। छात्रा प्रिया यादव द एशियन सीनियर सैकेंडरी स्कूल शिकोहाबाद में 12 क्लास सीबीएससी बोर्ड की छात्र है। प्रिया ने क्लास 12 की परीक्षा में 99 % अंक प्राप्त कर साबित कर दिया है कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। प्रिया यादव की मां गायत्री देवी व पिता संजीव कुमार यादव पूर्व सैनिक निवासी लाछ्पुर नसीरपुर हॉल निवासी स्टेशन रोड मेहराबाद शिकोहाबाद में रहते हैं। प्रिया यादव ने इसका श्रेय अपने माता पिता को दिया है ' इस दौरान मौजूद संरक्षक दिनेश कुमार, इंजी. रामब्रेस यादव, विशेष कुमार, प्रयाग चन्द्र, ध्रुव जीत सिंह, के. के. शर्मा, विरेंद्र सिंह , विरेंद्र सिंह, पवन किशोर, ज्ञानी राम, जय कुमार, जितेन्द्र कुमार, समर सिंह और वीर नारी कल्पना यादव, जय प्रकाश यादव, अतीत कुमार, महेश बाबू , राजीव कुमार आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय फिरोजाबाद में मनाया गया डेंगू दिवस

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राम बदन राम की अध्यक्षता में मनाया गया । इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनमानस से अपील की गयी कि डेंगू मच्छर जनित बीमारी है यह मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलती है एडीज एजिप्टी साफ पानी में पनपता है ऐसे में अपने घर के आस-पास और घर के अन्दर पानी जमा न हाने दें। कूलर का पानी सप्ताह में दो बार अवश्य बदल दें डेंगू रोग की जागरूकता पब्लिक में बहुत जरूरी है पब्लिक अपने घर के सभी कन्टेनरों का पानी हप्ते में जरूर बदले क्योकि मच्छर (एडीज एजिप्टी) साफ पानी में अण्डे रखते है, मच्छरों को रोकने के लिये खिड़कियों पर जाली लगवाये, मच्छर दानी का प्रयोग करें, पानी की टंकी पूरी तरह से बन्द रखें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहने, घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। संक्रमित होने की दशा में चिकित्सक के परामशार्नुसार दवाई का सेवन करें तथा कम से कम 3/4 लीटर पानी / ओ आर एस अवश्य पीये तथा तरल पदार्थो का सेवन करें गोष्ठी में डा० बृज मोहन अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा० कमल किशोर वर्मा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा० पवन कुमार वर्मा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी वी०बी०डी०, डा० वी० डी० अग्रवाल उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा तथा कार्यालय के अन्य कर्मचारियों ने गोष्ठी में प्रतिभाग किया गोष्ठी में अन्य अधिकारियों ने बताया कि डेंगू रोग का कोई इलाज नहीं है जागरूकता ही सबसे बड़ी कामयावी है। डेंगू रोगी को अचानक बुखार और सिरदर्द, जोडों और मांसपेशियों में दर्द आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, जो आंखों के हिलने-डुलने पर बढ़ जाता है, उल्टी आना, गंभीर मामलों में मसूड़े नाक मुंह से खून आना या त्वचा पर चकते होना। डेंगू रोगी को बुखार के समय आराम करने की सलाह दें, तापमान कम करने हेतु कोल्ड स्पंज करें, बुखार उतारने हेतु चिकित्सक की सलाह के अनुसार टेबलेट पैरासिटामोल का प्रयोग करें। अ२स्त्र१ल्ल, आइबुप्रोफेन और स्टीरॉयड्स का प्रयोग ना करें।



# शेखपुरा: पुरैना गांव के तिहरे हत्याकांड में 11 आरोपी दोषी करार

## आज सुनाई गई उम्रकैद की सजा

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना। शेखपुरा जिले के कोरमा थाना अंतर्गत पुरैना गांव में चर्चित तिहरे हत्याकांड में दोनों पक्ष से 11आरोपियों को एक सप्ताह पूर्व दोषी करार दिया गया।जिसके पश्चात् शुक्रवार को न्यायालय का निर्णय सामने आ गया है।न्यायालय ने इस मामले में उभय पक्ष के 11लोगों को दोषी पाया है।इस मामले में दोषी को सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 16 मई की तिथि निर्धारित की गई थी। शेखपुरा के प्रधान जिला जज पवन कुमार पांडे ने इस मामले की त्वरित न्यायिक विचारण की कार्रवाई पूरा करते हुए दोनों पक्ष के 11लोगों को हत्या के मामले में दोषी पाया।बताते चलें कि इस संबंध में जिला लोक



अभियोजक उदय नारायण सिन्हा ने बताया कि 28 जनवरी 2023 को सुबह पुरैना गांव में में जमीनी विवाद को लेकर देवन यादव,पशुपति यादव,पंकज यादव,राजनंदन यादव,रवीश यादव और सकलदेव यादव ने गोली मार कर गांव के ही अदालत यादव की हत्या कर दी थी।इस हत्या के प्रतिशोध में हरिनंदन यादव,विलास यादव,राजो यादव,कामदेव यादव और श्यामदेव यादव ने घर पर चढ़ कर रामप्रवेश यादव और उसके पुत्र सार्जन यादव की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी थी।इस जघन्य हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी और दहशत का माहौल कायम हो गया था।हत्या के इस दर्दनाक और विध्वंसक मामले में अदालत यादव के पुत्र विलास यादव,सार्जन यादव और रामप्रवेश यादव के हत्या मामले में उसके पुत्र पंकज यादव ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।पुलिस ने इस मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए दोनों पक्ष के नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस जांच और अनुसंधान पूरा होने के बाद न्यायालय में अभियोजन द्वारा प्रभावित तरीके से सात-सात गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।वैज्ञानिक तरीके से प्रस्तुत किए गए ठोस साक्ष्य के आधार पर सभी दोनों पक्ष के अभियुक्तों को न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 सहित अन्य आरोप में दोषी पाया।बाद में कड़ी सुरक्षा के बीच इन सभी को मंडल कारा भेज दिया गया।न्यायालय ने इन सभी को 16 मई के दिन न्यायालय में सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए प्रस्तुत करने का आदेश दिया था।कोर्ट के आदेश के बाद पुरैना गांव में लोगों के बीच कौतुहल का माहौल देखा जा रहा था और सबकी निगाहें 16 मई को कोर्ट के आदेश पर टिकी हुई थी,जो आज क्लियर हो गया।आज न्यायालय ने सजा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए धारा 302 में आजीवन कारावास और धारा 307 में दस साल की सजा और 27आर्म्स एक्ट के तहत 5 साल की सजा और 20-20 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

# मुख्यमंत्री ने सुगम परिवहन हेतु महिलाओं के लिए 20 पिंक बसों एवं राज्य अन्तर्गत 166 डिलक्स बसों के परिचालन का किया लोकार्पण, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार)।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सुगम परिवहन हेतु महिलाओं के लिए 20 पिंक बसों एवं राज्य अन्तर्गत 166 डिलक्स बसों के परिचालन का लोकार्पण किया।परिवहन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 01अणे मार्ग से मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने बसों को रवाना करने के पूर्व बसों का निरीक्षण किया और उसमें उपलब्ध कराये जानेवाली सुविधाओं की जानकारी ली।महिला सशक्तीकरण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा उठाया गया यह महत्वपूर्ण कदम है,जिसके तहत 20 पिंक बसों का परिचालन शुरू किया गया है।इससे महिलाओं का सफर सुरक्षित और आरामदायक होगा और उन्हें आवागमन में काफी सहूलियत होगी।राज्य के विभिन्न जिलों के लिए 166 डिलक्स बसों का परिचालन शुरू किया गया है।इससे राज्य के अंदर यात्रियों का विभिन्न जगहों पर आना-जाना सुगम होगा।साथ ही उनका सफर आरामदायक होगा।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा,जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी,परिवहन मंत्री शीला कुमारी,विधान पार्षद कुमुद वर्मा,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंक लूट की योजना नाकाम, 5 शातिर लुटेरों को हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

पटना(बिहार)।सूबे बिहार के मोतीहारी पुलिस को फिर एक बार बड़ी सफलता हाथ लगी है।पुलिस ने बैंक लूट की योजना बनाते पांच लुटेरों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार सभी अपराधी बैंक लूट की बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में इकट्ठा हुए थे।हालांकि पुलिस में कार्रवाई करते हुए लुटेरों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है।बता दे की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी राजेपुर थाना क्षेत्र के तेतरिया में कुछ अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में इकट्ठा हुए हैं।जिसके बाद पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पकड़ीदयाल के सहायक पुलिस अधीक्षक मोहिबुल्लाह अंसारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया।गठित टीम ने राजेपुर थाना तेतरिया में छापेमारी करते हुए सभी पांच लुटेरे को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया।गिरफ्तार चार अपराधियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।गिरफ्तार लुटेरे के पास से दो देसी कट्टा,जिंदा कारतूस,एक मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है।पूछताछ के दौरान अपराधियों ने यह खुलासा किया है कि मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण बैंकों को लूटने की योजना बना रहे थे।इसके पूर्व पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लुटेरों के मंसूबों पर पानी फेर दिया और इस गिरोह में शामिल पांच बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### पुलिस की वर्दी में नकली एके 47 लेकर रील बनाना पड़ा महंगा

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

पटना(बिहार)।सूबे बिहार के मोतिहारी में रिल्स बनाने के चक्कर में रियल लाइफ खतरे में पड़ गया है।वहीं पुलिस ने पुलिस की वर्दी पहन कर रिल्स वीडियो बनाने वाले 6 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने इन यूट्यूबरो को पुलिस की वर्दी पहन कर एके 47 जैसे दिखने वाले 2 नकली बंदूक के साथ गिरफ्तार कर लिया है।बताया जाता हैं कि पुलिस को यह जानकारी मिली थी लखौरा थाना इलाके के पांच युटुबर रिल्स बनाने के लिए पुलिस की वर्दी का इस्तेमाल कर रहे थे।नकली एके-47 बंदूक को लेकर घंटों-घंटे रील बनाकर पैसे कमाने में जुटे थे।पुलिस ने 6 यूट्यूबर को नकली बन्दूक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# दो हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार, 2016 में की थी तोड़फोड़ पुलिस पर फायरिंग

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

पटना(बिहार)।नवादा एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं।पकड़े गए नक्सलियों की पहचान संतोष चौधरी और इंद्रदीप महतो उर्फ पंकज के रूप में हुई है।दोनों अरवल जिले के परासी थाना क्षेत्र के परशुरामपुर और रामलखन बीघा गांव के रहने वाले हैं।ये दोनों नक्सली नवंबर 2016 में खरौंध रेलवे स्टेशन पर हुए हमले में शामिल थे।उस समय लेवी की मांग को लेकर निर्माणाधीन स्टेशन पर हमला किया गया था।नक्सलियों ने निर्माण एजेंसी मेसर्स विनोद कंट्रक्शन की पोकलेन मशीन,मिक्सर मशीन,स्कार्पियो और बोलेरो को आग के हवाले कर दिया था।साथ ही मजदूरों और ठेकेदार से मारपीट भी की थी।इस मामले में सिरदला थाने में 63 माओवादियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी।घटना के बाद निर्माण एजेंसी ने पुलिस सुरक्षा की मांग की थी।तब से पुलिस की निगरानी में स्टेशन



का निर्माण कार्य पूरा किया गया।अब यह स्टेशन पूरी तरह तैयार है और यहां से व्यापारी धान,चावल और गेहूं की ढुलाई कर रहे हैं।खरौंध से कोडरमा तक रेल लाइन का काम भी तेजी से चल रहा है।सिरदला थाना अध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि दोनों नक्सली कई वर्षों से फरार चल रहे थे।गिरफ्तार आरोपियों को नवादा न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# मुजफ्फरपुर में पैक्स अध्यक्ष के पुत्र,सामाजिक कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या, साथी हुआ अपराधी की गोली से घायल

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

पटना(बिहार)।मुजफ्फरपुर जिले के सदर थाना क्षेत्र के पताही एलपी शाही कॉलेज के समीप देर रात बाइक सवार अपराधियों ने पैक्स अध्यक्ष ललिता देवी के पुत्र संजय चौधरी उर्फ रामनवमी की गोली मारकर हत्या कर दी।घटना उनके घर से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई।इस हमले में उनके साथ बाइक से लौट रहे भूसा कारोबारी गुड्डू सिंह भी गोली लगने से घायल हो गए।पुलिस के अनुसार,संजय अपनी बुलेट से गुड्डू सिंह के साथ बाजार से घर लौट रहे थे।बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें ओवरटेक कर रुकने का इशारा किया।संजय ने रफ्तार बढ़ाकर भागने की कोशिश की,लेकिन अपराधियों ने पीछा कर आगे से रास्ता रोक दिया।उनको नजदीक से सीने में गोली मार दी।गुड्डू सिंह को दाहिने



हाथ में गोली लगी।पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।बताया गया है कि फुटेज में अपराधियों की तस्वीरें कैद हुई हैं।उनकी पहचान कर पुलिस छापेमारी कर रही है।दोनों को बैरिया निजी अस्पताल ले जाया गया।वहां डॉक्टरों ने संजय को मृत घोषित कर दिया।इसके बाद आक्रोशित परिजन और समर्थक उन्हें ब्रह्मपुरा स्थित एक अन्य निजी अस्पताल ले गए।वहां भी उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।इसके बाद आक्रोशित परिजन और समर्थक हंगामा करने लगे।बैरिया में डॉक्टर और कर्मियों के साथ हाथापाई की।संजय की पत्नी रेखा देवी पंचायत समिति सदस्य हैं।संजय पताही जगन्नाथ के रहने वाले थे।

वह मुखिया का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे।अभी वह डीलर थे।परिजनों का आरोप है कि कुछ उन्हें देख लेने की धमकी दे रहे थे।घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी विश्वजीत दयाल,एसडीपीओ टाउन-2 विनीता सिन्हा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।इस घटना के बाद इलाके में तनाव है।पैक्स संघ के जिला महामंत्री चंदेश्वर प्रसाद चौधरी ने प्रशासन से जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है।देर रात में एसएसपी सुशील कुमार ने घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन की। बुलेट की टंकी पर ब्लड गिरा था।आक्रोशित लोगों ने सदर थानेदार को हटाने की मांग की।उल्लेखनीय है कि विगत 19 मार्च को चचेरे भाई की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।19 मार्च को संजय के चचेरे भाई और प्रॉपर्टी डीलर टुनटुन चौधरी की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।यह घटना रेवा रोड स्थित मीट-पराठा हाउस के समीप हुई थी।उस मामले में भी दो बाइक सवार अपराधियों ने गोली चलाई थी।पुलिस जांच में खुलासा हुआ था कि एक निर्माणाधीन अपार्टमेंट के रास्ते के लिए जमीन नहीं देने पर कुख्यात बिट्टू ठाकुर ने आठ लाख की सुपारी देकर हत्या कराई थीं।

## खेल समाचार

## संक्षिप्त समाचार

### बालाजी और रेयेस वारेला की जोड़ी बोर्डो चैलेंजर से बाहर

नयी दिल्ली (भाषा) भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वारेला शुक्रवार को तीसरे वरीय राफेल माटोस और मार्सेलो मेलो के खिलाफ सीधे सेटों में हारकर बोर्डो चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। भारत और मैक्सिको की इस गैर वरीय जोड़ी को क्वार्टरफाइनल में एक घंटे के अंदर ब्राजीली जोड़ी से 2-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा जिससे वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए। वहीं एकल ड्रॉ में सुमित नागल पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। उन्हें सातवें वरीय स्थानीय दावेदार ह्यूगो गैस्टन से 3-6, 4-6 से हार मिली। क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती अभी जीवंत है। दूसरे वरीय युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने स्विट्जरलैंड के जैकब पॉल और नीदरलैंड के डेविड पेल पर 6-0, 7-6 से जीत दर्ज करके क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

### हमने अभ्यास बंद नहीं किया क्योंकि पता था आईपीएल फिर शुरू होगा : मनीष पांडे

बेंगलुरू (भाषा) कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज मनीष पांडे ने कहा कि उनकी टीम ने आईपीएल स्थगित होने के बाद भी अभ्यास नहीं छोड़ा था क्योंकि उन्हें पता था कि लीग दोबारा शुरू होगी और इस छोटे ब्रेक से उन्हें लय हासिल करने में मदद मिली। केकेआर का सामना शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से होगा और प्लेआफ की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये उसे हर हालत में जीत दर्ज करनी है। पांडे ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा,“ टूर्नामेंट बीच में स्थगित होने से ज्यादा फर्क नहीं पड़ा क्योंकि पेशेवर क्रिकेट होने के नाते हमें पता है कि क्या करना है। हमें पता था कि टूर्नामेंट फिर शुरू होगा लेकिन यह नहीं पता था कि कब होगा। यह अच्छी बात है कि ब्रेक लंबा नहीं रहा।” उन्होंने कहा,“ हम जिम जा रहे थे और खेल पर काम कर रहे थे। पूरी टीम यहां है और सभी अच्छे प्रदर्शन को बेकरार हैं।”


आरसीबी से हारने पर केकेआर की प्लेआफ की उम्मीदें खत्म हो जायेंगी लेकिन पांडे इसका दबाव नहीं ले रहे। उन्होंने कहा,“ यहां से खोने के लिये कुछ नहीं है। हम टूर्नामेंट में इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। लेकिन बीच में कुछ मैच हार गए। काश वे मैच हमने जीते होते लेकिन अभी दो मैच बाकी है और हम बेहतरीन खेल दिखाना चाहते हैं।” पांडे ने कहा,“ पिछली बार हमने लगातार कई मैच जीते जो आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में जरूरी है।

# इंग्लैंड दौरे से पहले जायसवाल को ए टीम में चुना गया, गिल दूसरे मैच में खेलेंगे

नयी दिल्ली (भाषा) भारतीय टेस्ट टीम के नियमित खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल, नीतीश कुमार रेड्डी और ध्रुव जुरेल को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 30 मई से कैंटरबरी में शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के लिए शुक्रवार को भारत ए टीम में शामिल किया गया।

रोहित शर्मा के संन्यास के बाद शुभमन गिल का भारत का टेस्ट कप्तान बनना तय है। गिल और बी साई सुदर्शन छह जून से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

भारत ए का दौरा इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले होगा। ए टीम 13 से 16 जून तक बेकेनहैम में सीनियर टीम के साथ एक ‘इंट्रा-स्क्वाड’ मैच भी लेगी। पहला



टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के टीम की घोषणा से संबंधित बयान में यह स्पष्ट था कि आईपीएल फाइनल 25 मई से तीन जून तक टालने के बावजूद मूल कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

टीम में उन आईपीएल टीमों के खिलाड़ी शामिल हैं जो या तो प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई हैं या जिनके नॉकआउट में जगह बनाने की संभावना नहीं है।

घरेलू सर्किट में काफी रन जुटाने वाले करुण नायर आठ साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापस आ गए हैं। विदर्भ के बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे भी दौरे पर जाने वाली टीम का हिस्सा हैं जिन्होंने इस रणजी ट्रॉफी सत्र में रिकॉर्ड 69 विकेट लिए हैं। कुछ समय से राष्ट्रीय टीम से बाहर ईशान किशन टीम में दूसरे विकेटकीपर हैं।

तेज गेंदबाज हर्षित राणा, ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम का हिस्सा रहे आकाश दीप और बल्लेबाज सरफराज खान को भी इंग्लैंड के ‘शैडो टूर’ के लिए चुना गया है।

अभिमन्यु ईश्वरन टीम की कप्तानी करेंगे। इस ए श्रृंखला में रन बनाने से सीनियर टीम के नियमित खिलाड़ियों का टेस्ट से पहले मनोबल बढ़ेगा जबकि अन्य स्टार खिलाड़ियों को निकट भविष्य में राष्ट्रीय टीम में जगह मिल सकती है।

भारत ए टीमः अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान) (विकेटकीपर), नीतिश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन (विकेटकीपर), मानव सुथार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाशदीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, रुतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

नोट : शुभमन गिल और साई सुदर्शन दूसरे मैच से पहले टीम में शामिल होंगे।

# मैं रोहित को सिडनी टेस्ट से बाहर नहीं रहने देता : रवि शास्त्री

नयी दिल्ली ( भाषा ) रवि शास्त्री ने कहा है कि अगर वह आस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर भारत के कोच होते तो वह कप्तान रोहित शर्मा को खराब फॉर्म के बावजूद सिडनी में आखिरी टेस्ट से बाहर नहीं रहने देते ।

रोहित निजी कारणों से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से बाहर रहे और आखिरी टेस्ट में भी खराब फॉर्म के कारण उन्होंने बाहर रहने का फैसला किया । वह पांच पारियों में 31 रन ही बना सके । भारत को टेस्ट श्रृंखला में 1 . 3 से पराजय झेलनी पड़ी ।

शास्त्री ने कहा कि उन्होंने इस सत्र में आईपीएल मैचों के दौरान रोहित से बात की और बताया कि अगर वह आस्ट्रेलिया में होते तो क्या करते ।

उन्होंने कहा ,‘ टॉस के समय रोहित से मेरी काफी मुलाकातें हुई है । टॉस के दौरान बात करने का ज्यादा समय नहीं मिलता । मैने हालांकि एक मैच में उसके कंधे पर हाथ रखा । शायद वह मुंबई मैच था । मैने उससे कहा कि अगर मैं कोच होता तो उसे आखिरी टेस्ट



से कभी बाहर नहीं रहने देता ।’’

उन्होंने आईसीसी रिव्यू के ताजा अंक में कहा ,‘‘ मैने उससे कहा कि वह आखिरी टेस्ट जरूर खेलता क्योंकि श्रृंखला पूरी नहीं हुई थी ।’ रोहित ने हाल ही में टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया जबकि टी20 क्रिकेट से वह पिछले साल ही संन्यास ले चुके हैं ।

भारत के पूर्व कोच ने कहा ,‘‘मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो 2 . 1 स्कोर होने पर हार मान ले । यह वह मौका नहीं है जब आप टीम को छोड़ दें ।’’

# केकेआर मैच से पहले पाटीदार और हेजलवुड की फिटनेस पर कड़ी नजर रखी जा रही : बोबाट

बेंगलुरू ( भाषा ) रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) के निदेशक मो बोबाट ने कहा कि कप्तान रजत पाटीदार उंगली की चोट से तेजी से उबर रहे हैं और उसकी सूजन भी काफी कम हो गई है।

पाटीदार ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार को सुरक्षा के लिए पट्टी पहने बिना ही नेट पर बल्लेबाजी की था जिससे शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उनकी उपलब्धता की उम्मीद बढ़ गई है। बोबाट ने कहा, ‘‘रजत की उंगली ठीक है। उसके हाथ में चोट लगी थी लेकिन वह धीरे धीरे ठीक हो रहा है। उसके लिए भारत और पाकिस्तान सीमा पर तनाव के कारण आईपीएल के रूकने से हुए बाधा ने उसे जल्दी ठीक होने के लिए ज्यादा दिन दे दिए जिससे वह जल्दी ठीक हो रहा है, उसकी सूजन कम हो रही है और वह फिर से बल्ला पकड़ रहा है। ’’ मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोबाट न कहा, ‘‘उसने पिछले कुछ दिनों से अभ्यास किया है और वह अच्छी तरह उबर रहा है। ’’ पाटीदार को कुछ दिन पहले चेन्नई सुपर किंग्स के



खिलाफ आरसीबी के घरेलू मैच के दौरान चोट लगी थी। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड कंधे की चोट से उबर रहे हैं, वह आरसीबी से नहीं जुड़े हैं, इस पर बोबाट ने कहा कि टीम अपडेट के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से बातचीत कर रही है। उन्होंने कहा, ‘‘इस समय सिर्फ जोश एकमात्र खिलाड़ी हैं जो यहां पर नहीं हैं। वह कंधे की चोट से उबर रहे हैं। ’’ आईपीएल के कार्यक्रम में बदलाव से आईपीएल फ्रेंचाइजी को खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के कारण रणनीति बनानी पड़ रही है। आरसीबी को भी इसी कारण जैकब बेथेल और लुंगी एनगिडी की सेवायें नहीं मिल पाएंगी क्योंकि उन्हें अपनी राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण जाना होगा।

# स्टार्क, फरेरा आईपीएल से बाहर, जैक्स की मुंबई इंडियंस में वापसी, स्टोइनिस भी स्वदेश लौटने को तैयार

नयी दिल्ली (भाषा) दिल्ली कैपिटल्स के मिचेल स्टार्क और डोनोवन फरेरा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे मैचों के लिए वापस नहीं लौटने का फैसला किया है जबकि इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स अंतिम दो लीग मैच के लिए मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगे।

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्टार्क और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फरेरा ने दिल्ली कैपिटल्स प्रबंधन को अपने फैसले से अवगत करा दिया है।

स्टार्क दिल्ली कैपिटल्स के अभियान में अहम खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने 11 मैच में 26.14 के औसत से 14 विकेट झटके हैं जिससे वह टीम के विकेट लेने वाले मुख्य गेंदबाज रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति दिल्ली कैपिटल्स की प्लेऑफ की उम्मीदों के लिए एक बड़ा झटका है।



वहीं फरेरा इस सत्र में केवल एक बार ही खेल पाए हैं।

उनके साथी ट्रिस्टन स्टब्स बचे हुए तीन लीग मैच के लिए दिल्ली की टीम में शामिल हो चुके हैं। अगर दिल्ली कैपिटल्स क्वालीफाई करती है तो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की टीम में शामिल स्टब्स प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

दिल्ली कैपिटल्स के उप कप्तान फाफ डुप्लेसी ने बचे हुए आईपीएल के लिए लौटने का फैसला किया है जो टीम के लिए राहत की बात है। जबकि बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान ने अपने राष्ट्रीय बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है जिन्हें जेक फ्रेजर मैकगुर्क के अस्थायी प्रतिस्थापन के रूप में अनुबंधित किया गया था और वह 18 से 24 मई तक सीमित अवधि के लिए उपलब्ध रहेंगे।

वहीं मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस पंजाब किंग्स में शामिल होने के लिए सहमत हो गए हैं लेकिन 18 मई को आईपीएल की बहाली के बाद पहला मैच नहीं खेल पाएंगे।

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज जैक्स ने शुक्रवार को ‘इंस्टाग्राम’ पर वापसी के लिए मुंबई की फ्लाइट टिकट की तस्वीर पोस्ट करके अपनी वापसी की पुष्टि की।

लेकिन हमवतन जोस बटलर की तरह जैक्स मुंबई इंडियंस के अंतिम दो लीग मैच खेलने के बाद राष्ट्रीय टीम की प्रतिबद्धता के के लिए रवाना हो जाएंगे क्योंकि आईपीएल के प्लेऑफ वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई से शुरु हो रही इंग्लैंड की सफेद गेंद की श्रृंखला से टकरा रहे हैं।

मुंबई इंडियंस इस समय अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए उसे अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण आईपीएल को एक सप्ताह के निलंबित करने बाद 17 मई से फिर शुरू किया गया है जिससे अब आईपीएल फाइनल तीन जून को होगा।

नई दिल्ली, रविवार 17 मई 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2




नमामि गंगे एवं सिंचाई विभाग मिलकर यमुना नदी की सफाई, पानी के प्रवाह को दुरुस्त करने और नालों की दीवार लगाने के कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाएं।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने बलिया के वीर लोरिक स्टेडियम के तिराहे पर नवनिर्मित महाराणा प्रताप जी की मूर्ति स्थल एवं तिराहे के सौंदर्यीकरण हेतु स्थलीय निरीक्षण किया।




## बाढ़ बचाव के सारे कार्यक्रम 15 जून तक पूर्ण कराएं: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को 15 जून से पहले सभी बाढ़ बचाव से जुड़े कार्यक्रम पूर्ण करने का निर्देश दिया। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी।

बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने एक उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ बचाव से जुड़ी कार्य योजना समय से पूरी होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आठ वर्ष में राज्य में 1665 बाढ़ परियोजनाएं पूर्ण हुई हैं, जिससे 40.72 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल को सुरक्षा प्राप्त हुई और 319.14 लाख की आबादी लाभान्वित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परियोजना गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए ताकि मानसून के दौरान आने वाली बाढ़ के प्रभाव को न्यूनतम किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ बचाव की दीर्घकालिक रणनीति में नदी से गाद निकालना और पानी के प्रवाह को दुरुस्त करना ही सबसे प्रभावी समाधान है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से 2025 के बीच 60 नदियों से गाद निकालने की परियोजनाएं पूरी की गई हैं, जिससे 4.07 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को लाभ मिला है और 23 लाख से अधिक लोगों को राहत मिली है।

योगी ने नदी पुनरोद्धार अभियान को युद्धस्तर पर चलाने की आवश्यकता जताई और निर्देश दिया कि सिंचाई, राजस्व, नमामि गंगे और नगर विकास विभाग आपसी समन्वय बनाकर लुप्तप्राय नदियों को पुनर्जीवित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदूषित नदियों को स्वच्छ करना राज्य की प्राथमिकता है और किसी भी औद्योगिक अपशिष्ट को नदियों में जाने ना दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि नमामि गंगे एवं सिंचाई विभाग मिलकर यमुना नदी की सफाई, पानी के प्रवाह को दुरुस्त करने और नालों की दीवार लगाने के कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाएं। उन्होंने विशेष रूप से काशी की वरुणा व अस्सी नदियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनका ऐतिहासिक महत्व है और इनका पुनर्जीवन किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि वरुणा नदी पर रिवर फ्रंट का निर्माण करें और 'रिजर्व वायर एवं चेक डैम' बनाकर उसके पानी को सिंचाई के उपयोग में लाया जाए।

## उत्तर प्रदेश: भीषण गर्मी की चेतावनी, बांदा में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में शुक्रवार को 46.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो देश में सबसे अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

आईएमडी ने उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में लू की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया, "उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में शुक्रवार को 46.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो पूरे देश में सबसे अधिक है।"

आईएमडी ने बताया कि राज्य के कई इलाकों में शुक्रवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार, रविवार तक राज्य में भीषण गर्मी की स्थिति बनी रहेगी।

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को बांदा के अलावा पूर्वी उत्तर प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में लोग गर्मी से जूझते दिखाई दिये। आईएमडी के अनुसार, अपराह्न ढाई बजे तक झांसी में दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने बताया कि इसके बाद फुरसतगंज (44 डिग्री सेल्सियस), वाराणसी (44 डिग्री सेल्सियस), सुल्तानपुर (43.8 डिग्री सेल्सियस), आगरा (42.8 डिग्री सेल्सियस) का स्थान रहा।

## म प्र के मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन: कांग्रेस विधायक गिरफ्तार, बाद में रिहा



**भोपाल,** (भाषा) कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस विधायकों के एक समूह को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया और बाद में फिर रिहा कर दिया गया।

विपक्ष के नेता उमंग सिंघार के नेतृत्व में राजभवन के सामने धरने पर बैठे 15 विधायकों को रिहा करने से पहले यहां केंद्रीय कारागार परिसर ले जाया गया। एमपी नगर इलाके के सहायक पुलिस आयुक्त अक्षय चौधरी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि इन लोगों को राजभवन के सामने बिना अनुमति प्रदर्शन करने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएनएस) के तहत गिरफ्तार किया गया है। चौधरी ने बताया कि निजी मुचलका भरने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

रिहा होने के बाद सिंघार ने संवाददाताओं से कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) निरंकुश हो गई है। उन्होंने कहा, ''निर्वाचित प्रतिनिधि जनता की आवाज होते हैं। मीडिया ने भी शाह का यह मुद्दा उठाया है। भाजपा कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है? क्या भाजपा इसे सेना का अपमान नहीं मानती? क्या इसे महिलाओं के अपमान के रूप में नहीं देखा जाता? वह इस मुद्दे पर चुप क्यों है।'' उन्होंने कहा, ''तीन दिन हो गए हैं और शाह को अब तक बर्खास्त नहीं किया गया है। हम उनका इस्तीफा चाहते हैं और इसलिए हम सड़कों पर उतरे हैं।''

सिंघार ने बताया कि कांग्रेस ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल से शाह को हटाने की मांग करते हुए राज्यपाल मंगूभाई पटेल को एक ज्ञापन भी सौंपा है।

मध्यप्रदेश में भाजपा के वरिष्ठ नेता और आदिम जाति कल्याण मंत्री शाह ने कर्नल कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कर एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया था। उन्होंने कर्नल सोफिया को ''आतंकवादियों की बहन'' के रूप में पेश करने की कोशिश की थी। उन्होंने सोमवार को इंदौर के पास रामकुंडा गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए ये अपमानजनक टिप्पणियां की थीं।

इन टिप्पणियों के लिए शाह की व्यापक आलोचना हो रही है और विपक्षी दल कांग्रेस लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रहा है। मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने भी शाह को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त किए जाने की मांग की है। शाह के बयानों का स्वतः संज्ञान लेते हुए न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने पुलिस को मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। कर्नल कुरैशी ने भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का विवरण नियमित पत्रकार वार्ताओं में साझा किया था। इन पत्रकार वार्ताओं में विदेश सचिव विक्रम मिसरी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह भी शामिल होते थे।

## पीलीभीत में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत



**पीलीभीत,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गयी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, बीसलपुर थानाक्षेत्र में बृहस्पतिवारदेर रात यह हादसा हुआ। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक केपी सिंह ने बताया दोनों दोस्तों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था।

पुलिस के अनुसार, दोनों दोस्त पीलीभीत में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहे थे और जब वे टिकरी माफी ग्राम के पास पहुंचे, तभी बीसलपुर की तरफ से आ रहे किसी तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी।

पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान करेली थानाक्षेत्र के चपरऊआ ग्राम निवासी रघुवीर (45) और बिलसंडा थाना क्षेत्र के अकबराबाद ग्राम निवासी रविंद्र पाल (41) के रूप में हुई है। बीसलपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) संजीव शुक्ला और अपराध निरीक्षक विनोद शर्मा मौके पर पहुंचे तथा दुर्घटना में मारे गये लोगों के पास से मिले कागजात से मृतकों की शिनाख्त की गई।

## सोनभद्र में ऑटोरिक्शा पलटने से दो लोगों की मौत, सात घायल

**सोनभद्र**, (भाषा) उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में शुक्रवार शाम को एक ऑटोरिक्शा पलटने से दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। प

न्नूगंज थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) दिनेश प्रकाश पांडेय ने बताया कि ऑटोरिक्शा रॉबर्ट्सगंज से पन्नूगंज की ओर जा रहा था लेकिन बेलौडी गांव के पास चालक का वाहन पर से नियंत्रण खो गया और दुर्घटना हो गयी। उन्होंने बताया कि हादसे के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तियरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि चिकित्सकों ने शाहपुर निवासी विश्वनाथ (60) और उनकी मां संपत देवी (80) को मृत घोषित कर दिया।

## बुलंदशहर में ट्रक और कैंटर की टक्कर में तीन लोगों की मौत, 31 लोग घायल

बुलंदशहर, (भाषा) उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में शुक्रवार को एक कैंटर और ट्रक की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और 31 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. तेजवीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को बुलंदशहर-अनूपशहर मार्ग पर जहांगीराबाद थानाक्षेत्र में एक कैंटर में सवार होकर पंजाब के मोरहा इलाके के रहने वाले लोग शाहजहांपुर-हरदोई जा रहे थे कि तभी चालक की आंख लग गयी और वाहन ट्रक से जा टकरा गया।

पुलिस ने बताया कि कैंटर में 36 यात्री सवार थे, जिनमें से तीन की मौत हो गई जबकि 31 लोग लोग घायल हो गए हालांकि दो यात्री सुरक्षित बच गए। पुलिस ने बताया कि 31 घायलों में से 27



लोगों को उपचार के लिए मेरठ ले जाया गया जबकि चार घायलों को बुलंदशहर जिला अस्पताल स्थानांतरित किया गया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान रवि (25), शिवदाई (60) और सुनील (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर बुलंदशहर की जिलाधिकारी श्रुति और जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।

## उत्तर प्रदेश के कौशांबी में पानी भरते समय बुजुर्ग महिला कुंए में गिरी, मौत

कौशांबी, (भाषा) उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में कुएं से पानी भरते समय पैर फिसलकर कुएं में गिरने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, संदीपन घाट थानाक्षेत्र में हुई इस घटना में जान गंवाने वाली महिला की पहचान गुड़िया देवी (65) के रूप में हुई है।

क्षेत्राधिकारी (चायल) सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि थानाक्षेत्र के बड़े गांव निवासी देवी शुक्रवार दोपहर को कुएं से पानी भरने गई थी और इस दौरान उनका पैर फिसल गया, जिससे वह कुएं में गिर गई।

## न्यायालय ने गैंगस्टर मामले में उत्तर प्रदेश के विधायक अब्बास अंसारी की जमानत शर्तों में ढील दी

नयी दिल्ली, 16 मई (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश गैंगस्टर कानून के एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी पर लगाई गई जमानत की शर्त में शुक्रवार को ढील देते हुए उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र मऊ के दौरे के दौरान गाजीपुर में घर पर रहने की अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की गोपनीय रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लेते हुए इस अदालत के सात मार्च के आदेश में संशोधन कर दिया। सात मार्च के आदेश में दिवंगत गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी पर जमानत के लिए कई शर्तें लगाई गई थीं।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने शीर्ष अदालत से कहा कि अब्बास अंसारी पिछले दो-तीन तारीखों से अपने खिलाफ मामलों में पेश नहीं हो रहे हैं।

इस पर न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि उन पर लगाई गई पाबंदियां इसका कारण हो सकती हैं।

अंसारी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने खंडपीठ से कहा कि पिछले छह महीनों में विधायक न तो अपने लखनऊ के सरकारी आवास से बाहर निकले हैं और न ही अपने निर्वाचन क्षेत्र में गए है।

## 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' के विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत 151वें स्थान पर पहुंचा

नयी दिल्ली, (भाषा) इस वर्ष 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' द्वारा 180 देशों में किये गए सर्वेक्षण के अनुसार विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग पिछले वर्ष के 159वें स्थान से सुधरकर 151 हो गई है।

फिनलैंड, एस्टोनिया और नीदरलैंड इस सूचकांक में शीर्ष तीन स्थान पर हैं। रैंकिंग को अंतिम रूप देने के लिए दुनियाभर से 5,000 से अधिक व्यक्तियों से प्रतिक्रियाएं मांगी गई थीं।

'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' के सहायक महानिदेशक थिबॉट ब्रुटिन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमने दुनियाभर में लगभग 5,000 व्यक्तियों की प्रतिक्रिया मांगी थी। इनमें नीति निर्माताओं, पत्रकारों और अन्य हितधारकों समेत विविध समूह शामिल हैं।''

उन्होंने कहा कि संगठन ने इन उत्तरदाताओं की पहचान उजागर नहीं की है और इस बात पर जोर दिया कि यह विभिन्न विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करने वाला एक विविध समूह है।

भारत में लगभग 900 निजी स्वामित्व वाले टीवी चैनल हैं, जिनमें से आधे समाचार चैनल हैं।

'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' ने बताया कि 20 से अधिक भाषाओं में लगभग 1,40,000 प्रकाशन प्रकाशित होते हैं, जिनमें लगभग 20,000 दैनिक समाचार पत्र हैं, जिनकी संयुक्त प्रसार संख्या 39 करोड़ प्रतियों से अधिक है।

सूचकांक में अमेरिका 57वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे है।



'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया (29वें), कनाडा (21वें) और चेक गणराज्य (दसवें) जैसे उच्च रैंकिंग वाले देशों में भी कुछ खास लोगों के हाथों में मीडिया का नियंत्रण होना चिंता का विषय है।

'रिपोर्टर्स सेन्स फ्रंटियर्स' या 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' एक अंतरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी और गैर-सरकारी संगठन है, जिसका मुख्यालय पेरिस में है और जो सूचना की स्वतंत्रता के अधिकार की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करता है।

## बंगाल शिक्षा मुख्यालय के बाहर बेरोजगार शिक्षकों का प्रदर्शन जारी

**कोलकाता**, (भाषा) शहर के साल्ट लेक स्थित पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग मुख्यालय के अंदर और आसपास आंदोलनकारी स्कूल शिक्षकों तथा पुलिस के बीच हुई हिंसक झड़पों के एक दिन बाद प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को सरकारी परिसर के बाहर अपना प्रदर्शन जारी रखा।

हाल ही में उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद अपनी नौकरी गंवाने वाले शिक्षक विकास भवन परिसर के पास एकत्र हुए और पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ नारे लगाए। भारी पुलिस बल की तैनाती के कारण उन्होंने मुख्य द्वार का ताला तोड़कर राज्य शिक्षा विभाग मुख्यालय में घुसने का कोई इरादा नहीं दिखाया। 'डिजर्विंग टीचर्स राइट्स फोरम' के एक सदस्य ने बताया कि बृहस्पतिवार को हुई झड़पों में मामूली रूप से घायल हुए कई लोग वापस लौट आए और प्रदर्शन में शामिल हुए।

बेरोजगार शिक्षकों के सहकर्मियों और अन्य व्यवसायों से जुड़े उनके मित्रों सहित प्रदर्शनकारियों की संख्या सुबह लगभग 200 से बढ़कर एक हजार से अधिक हो गई।

फोरम के प्रवक्ताओं में से एक चिन्मय मंडल ने कहा कि हजारों नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं के शुक्रवार शाम विकास भवन के बाहर एकत्रित होने की उम्मीद है, ताकि शिक्षकों के आंदोलन के साथ एकजुटता व्यक्त की जा सके और



विरोध के भविष्य की रूपरेखा की घोषणा की जा सके। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को पुलिस कार्रवाई में लगभग 100 प्रदर्शनकारी घायल हुए, जिनमें से कम से कम 60-70 को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा और उनका इलाज जारी है।

'पात्र' शिक्षक अपनी नौकरी की स्थायी बहाली के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग कर रहे हैं तथा यह भी मांग कर रहे हैं कि 2016 की स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) परीक्षा पास करने के बाद उन्हें नयी भर्ती परीक्षा में बैठने के लिए न कहा जाए। इस बीच, एक आंदोलनकारी ने बताया कि 200 से अधिक प्रदर्शनकारी शिक्षक रात भर विकास भवन के बाहर बैठे रहे। पुलिस उपायुक्त (बिधाननगर) अनीश सरकार ने बताया कि शिक्षकों से शिक्षा विभाग के फंसे हुए कर्मचारियों को घर लौटने की अनुमति देने के बार-बार अनुरोध के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने बृहस्पतिवार शाम अपना आंदोलन जारी रखा।

फोरम से जुड़े प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि उन्होंने 'विकास भवन' के महिला और बीमार कर्मचारियों को पहचान पत्र दिखाने पर वहां से जाने देने पर सहमति जताई थी, लेकिन अचानक पुलिसकर्मियों ने लाठीचार्ज शुरू कर दिया। मंडल ने पीटीआई-भाषा से कहा, ₹यह पुलिस की एक चाल थी। महिलाओं और बीमार कर्मचारियों का रास्ता रोकने का हमारा कोई इरादा नहीं था। हम देर शाम कुछ फंसे हुए कर्मचारियों को वहां से जाने देने के लिए सहमत हो गए और परिसर के एक तरफ चले गए, लेकिन पुलिसकर्मियों ने अचानक मुख्य द्वार बंद करके हमें बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया।₹

प्रदर्शनकारियों में से एक महबूब मंडल ने बताया कि घायल शिक्षकों की कुल संख्या लगभग 100 है। उच्चतम न्यायालय ने राज्य-सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति को अवैध करार दिया था। इसके बाद के आदेश में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जो लोग 'बेदाग' पाए गए हैं, वे 31 दिसंबर तक अपने कार्यस्थल पर काम जारी रख सकते हैं और वेतन ले सकते हैं।

पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) ने 15,000 से अधिक 'बेदाग' शिक्षकों के नाम डीआई कार्यालयों को भेजे थे, जो इस वर्ष के अंत तक पद पर बने रह सकते हैं, तथा 1,300 से अधिक शिक्षकों को दागी पाया गया। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने दावा किया कि उनके नाम डीआई कार्यालयों को भेज दिए गए हैं और उन्हें वेतन मिल रहा है, लेकिन उन्होंने अनिश्चितता को समाप्त करने की मांग की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि डब्ल्यूबीएसएससी ने तीन मई को उच्चतम न्यायालय के आदेश को लेकर समीक्षा याचिका दायर करते समय उच्चतम न्यायालय में उनके मामले का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों की राय नहीं ली।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक: विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।